रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 28 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 80 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.2 | 28.8 |
| जमशेदपुर | 37.0 | 26.0 |
| डालटनगंज | 39.8 | 27.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *




## नरसिंह इस्पात के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोला, कहा-

# कंपनी फैला रही प्रदूषण, होगी अब आर-पार की लड़ाई

दिलीप कुमार। चांडिल

चौका-कांड्रा रोड पर खूंटी में संचालित नरसिंह इस्पात लिमिटेड प्रदूषण फैला रहा है और स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है. प्रशासन की चुप्पी से स्थानीय सामाजिक संगठनों के लोग गुस्से में हैं.

सामाजाक संगठनों ने अब नरसिंह इस्पात के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.नियम कानून जेब में रखकर कंपनी का संचालन करने के कारण प्रबंधन के खिलाफ अब पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई सामाजिक संगठन व अमन पसंद लोगों ने भी कमर कस ली है और मुखर होकर आगे आ रहे हैं. स्थानीय लोग भी संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले वृहद आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं. सामाजिक संगठनों के अगुवा ने कहा है कि एक ओर इस्पात कंपनी प्रदूषण फैला रही है, किसानों के उपयोग के लिए जो पानी नगर में छोड़ा गया है, उसकी चोरी कर फैक्ट्री में उपयोग कर रहे हैं, तो दूसरी ओर प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है. इससे साफ जाहिर होता है कि कंपनी को स्थानीय प्रशासन ने मनमानी की छूट दे रखी है. लेकिन अब सामाजिक संगठन चुप नहीं बैठेंगे, नरसिंह इस्पात के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ेंगे.

### जनसुनवाई की मांग को ले एसडीओ से मिलेंगे : प्रकाश मार्डी



नरसिंह इस्पात कंपनी के मामले में अब क्षेत्र के सामाजिक संगठन भी आंदोलन के मूड में है. कई सामाजिक संगठन कंपनी संचालन की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात करने वाले हैं. आदिवासी समन्वय समिति चांडिल अनुमंडल ने नरसिंह इस्पात मामले में ग्राम सभा के आरोपों की जांच की मांग को जायज ठहराते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से मिलने की तैयारी की है. समिति कंपनी के चारों ओर बसे गांवों के ग्रामीणों के साथ जनसुनवाई कराने की मांग करेगी. समिति के अध्यक्ष प्रकाश मार्डी ने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठानों का संचालन हो, लेकिन क्षेत्रवासियों को बगैर कोई नुकसान पहुंचाए. किसी भी कंपनी का संचालन क्षेत्र के विकास के लिए होना चाहिए, न कि आम लोगों के व प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के लिए.



### ग्रामसभा के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच हो : श्यामल मार्डी



पातकोम दिशोम माझी पारगाना महाल ने भी चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर ग्राम सभा द्वारा नरसिंह इस्पात पर लगाए जा रेह आरोपों की जांच की मांग की है. महाल के महासचिव श्यामल मार्डी ने कहा कि ग्राम सभा के आरोपों की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि ग्राम सभा को इस मामले में विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति बनाने की जरूरत है. जल्द ही इस संबंध में महाल ग्राम सभा से मिलकर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा. सामाजिक संगठनों का सहयोग मिलने पर ग्राम सभा और स्थानीय ग्रामीणों के आंदोलन को मजबूती मिलेगी. लोगों का कहना है कि क्षेत्र में औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित हों, लेकिन इसमें ध्यान रखा जाना चाहिए कि वातावरण और स्वास्थ्य पर इसका किसी प्रकार का दुष्प्रभाव ना पड़े.

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### लालकृष्ण आडवाणी को एम्स से मिली छुट्टी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार को एम्स से छुट्टी दे दी गई. आडवाणी (96) की तबीयत बिगड़ने पर बुधवार रात उन्हें एम्स के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था. आडवाणी की मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने जांच की. एम्स के अधिकारियों ने बताया, आडवाणी को वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था. हालांकि उन्हें छुट्टी दे दी गई है.

### मोदी ने की नीतीश के नेतृत्व की सराहना

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एनडीए के प्रमुख घटक दल जदयू के सांसदों से मुलाकात की और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की. उन्होंने एक्स पर कहा, जदयू सांसदों के साथ बैठक बहुत अच्छी रही. हमारी पार्टियों का साथ मिलकर काम करने और बिहार में खराब शासन, भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ संघर्ष करने का लंबा इतिहास रहा है. नीतीश कुमार जी के नेतृत्व ने बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर किया है.

### राहुल ने लोस स्पीकर के समक्ष आपत्ति जताई

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था.

### भारी बारिश के बाद डिब्रूगढ़ में बाढ़

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ में गुरुवार को भारी बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया. स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्रह्मपुत्र के तट पर स्थित डिब्रूगढ़ में अनियोजित जल निकासी व्यवस्था से उन्हें बाढ़ और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है. लचर जल निकासी से जलभराव की समस्या होती है.

## चिंताजनक | 6576 डीसी बिल पेंडिंग

# ₹1500 करोड़ का नहीं मिल रहा हिसाब

**विडंबना**

रवि भारती। रांची

राज्य में विकास योजनाओं में खर्च की गई लगभग 1500 करोड़ का हिसाब नहीं मिल रहा है. अब तक 6578 डीसी बिल कोषागारों में लंबित हैं. इस राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जमा नहीं किया गया है. खास बात यह है कि मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत खर्च की गई राशि का भी उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित है. सबसे अधिक गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद, दुमका, बोकारो, गढ़वा, गुमला, पूर्वी सिंहभूम में सबसे अधिक डीसी बिल लंबित हैं.

**रिमाइंडर का भी असर नहीं :** एजी और वित्त विभाग ने भी विभागों सहित जिलों में खर्च की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र को लेकर कई बार रिमाइंडर भेजा लेकर अब तक राशि का समायोजन नहीं हो पाया है. मुख्य सचिव स्तर से भी समीक्षा की गयी जिसमें यह पाया गया कि अधिकांश जिलों में विधायक योजना, मुख्यमंत्री विकास योजना की बड़ी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित है.

**जिलों को भी दिया गया है निर्देश:** डीसी बिल लंबित मामले को लेकर राज्य के जिलों को अब तक पांच से छह बार दिशा-निर्देश दिये गये हैं. जिलों को स्पष्ट कहा गया है कि इस संबंध में विभागीय पत्र, अर्द्धसरकारी पत्र से समारित करने के बावजूद राशि का समायोजन लंबित है. इस पर आगे की कार्यवाही जल्द करें.

**इस वित्तीय वर्ष में जारी किए गए 410 करोड़ :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विकास ने विधायक निधि के 410 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं. इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ व अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं. ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने कहा है कि राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा की जाएगी. निकासी की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जाएगी. कार्यकारी एजेंसी, संवेदक, वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्त, विपत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादि के जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा.

### सीएम विकास योजना राशि का भी उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित



#### किस जिले में कितना बकाया

सरायकेला-खरसावां- 67.92 करोड़,गोड्डा- 75.3 करोड़,दुमका- 86.58 करोड़,पलामू- 68.54 करोड़,हजारीबाग-98.47 करोड़, धनबाद-86.86 करोड़,गिरिडीह- 109.73 करोड़,देवघर- 8.65 करोड़, लोहरदगा- 5.01करोड़,खूंटी-12.55 करोड़,सिमडेगा- 11.93 करोड़,जामताड़ा- 15.03 करोड़,कोडरमा-10.81करोड़,चतरा- 29.66 करोड़,साहेबगंज- 41.08 करोड़,लातेहार- 37.12 करोड़,पश्चिमी सिंहभूम- 46.94 करोड़,रामगढ़- 42.68 करोड़,पाकुड़- 52.3 करोड़,बोकारो-67.42 करोड़,गुमला- 53.41 करोड़,गढ़वा- 63.05 करोड़, पूर्वी सिंहभूम- 74.54 करोड़.

#### अब ये दिए गए हैं निर्देश

- आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना की गाइडलाइन के तहत किया जाए.
- निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाऊ परिसंम्पतियों के सृजन पर ही किया जाए.
- निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा.
- यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है, तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जाएगी.

# 31 छात्रों को मिली नौकरी

### सीएम ने कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्र- छात्राओं को नियुक्ति पत्र सौंपा



गुरुवार को देश-विदेश में नौकरी पानेवालों के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित अन्य अधिकारी.

**अच्छी खबर**

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एससी/एसटी, अल्पसंख्यक एवं ओबीसी कल्याण विभाग के प्रयोजन वाहिनी (एसपीवी) का काम कर रही प्रज्ञा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल एवं कौशल कॉलेज के 31 छात्रों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र सौंपा.

जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला, उनमें कल्याण गुरुकुल के 13 का चयन दुबई की कंपनी, नर्सिंग की 4 छात्राओं का चयन हैदराबाद के बड़े अस्पताल, क्लीनरी के छह का चयन राजस्थान और आठ का हैदराबाद के बड़े होटल के लिए हुआ है. प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने छात्रों सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं.

### सीखने की प्रक्रिया जारी रखें : चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि संसार में कभी कोई कार्य रुकता नहीं है. ऐसे में बदलते समय के अनुरूप अपने को बनाए रखना जरूरी है. आप अपने कार्यों में निरंतरता के साथ सीखने की प्रक्रिया भी हमेशा जारी रखें. यह आपको और भी आगे ले जाएगा. यहां जिन छात्र- छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के हैं. ऐसे में आप उनके लिए किसी न किसी रूप में प्रेरणास्रोत बनेंगे. आपकी सफलता ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी. जब आपके पास हुनर होगा तो रोजगार के अनेक मौके मिलेंगे. इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव कृपानंद झा और प्रेझा फाउंडेशन के मुख्य परियोजना पदाधिकारी एम कुमार आदि उपस्थित थे.

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को होगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है. बैठक में चंपाई सरकार कई महत्वपूर्ण फैसले भी लेगी. एनर्जी डिपार्टमेंट के पुनर्गठन के प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल सकती है. इस प्रस्ताव पर सीएम ने सहमति दे दी है. प्रस्ताव के मुताबिक ऊर्जा विभाग में अब दो से बढ़ा कर चार प्रमंडल किए जाएंगे. इसमें जमशेदपुर और दुमका नया प्रमंडल बनेगा. पहले से रांची और धनबाद प्रमंडल ही कार्यशील हैं. इसके अलावा सड़क, कृषि और कार्मिक विभाग के कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है.

## संत जेवियर्स कॉलेज रांची पूर्वोत्तर भारत में नंबर वन

- इंडिया टुडे की वार्षिक रैंकिंग सर्वे 2024 में ईस्टर्न रीजन के बेस्ट कॉलेज का मिला दर्जा



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची पूर्वोत्तर भारत में बेस्ट कॉलेज बना है. इंडिया टुडे के वार्षिक रैंकिंग सर्वे में कॉलेज को नंबर वन कॉलेज चुना गया है.पूर्वोत्तर में संत जेवियर्स कॉलेज रांची को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट कॉलेज की श्रेणी स्थान मिला है. संकायवार आर्ट्स-कॉमर्स में पूर्वी क्षेत्रवार कॉलेजों में दूसरा स्थान मिला है. वहीं, पूरे भारत की रैंकिंग में संत जेवियर्स ने कला में 34वां, विज्ञान में 74वां और वाणिज्य संकाय में 37वां स्थान प्राप्त किया है. प्रोफेशनल कोर्स बीबीए भी पूरे भारत में 32वां स्थान मिला. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा, उप- प्राचार्य डॉ. रोबर्ट प्रदीप कुजूर ने बताया, हमारा प्रयास रहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यहां के छात्र परचम लहराएं और कॉलेज का मान-सम्मान स्थापित करें.

## नीट पर विपक्ष सदन में लाएगा स्थगन प्रस्ताव

**नयी दिल्ली।** नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली को लेकर विपक्ष संसद के दोनों सदनों में खास चर्चा चाहता है. इसके लिए संसद में स्थगन प्रस्ताव लाएगा.


विपक्ष ने कहा है कि वह शुक्रवार को संसद में इस मुद्दे को उठाएगा. बताया जा रहा है कि सरकार भी इस मामले पर सवालों के जवाब देने के लिए तैयार है. नीट के मुद्दे पर विपक्ष खासकर राहुल गांधी शुरू से हमलावर रहे हैं. एकजुट होकर विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरना चाहता है. विपक्ष के रुख की अगर बात करें तो कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर भी कई सवाल उठाएं हैं.

## एनटीपीसी का एमडीओ त्रिवेणी सैनिक सरकारी नहर में कर रहा ओबी डंप

संवाददाता। बड़कागांव

हजारीबाग के बड़कागांव में एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना शुरुआती दिनों से सुर्खियों में है. कंपनी पर भारत सरकार ने दुमहाना नाला में अवैध खनन पर जुर्माना भी लगाया. इसके बाद भी एनटीपीसी का एमडीओ त्रिवेणी सैनिक इलाके के जलस्रोतों को नष्ट करने पर तुला है. प्रशासन पूरे मामले में मूकदर्शक बना है. नहर भरी जाने के मामले में ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. ग्रामीणों ने कहा, सरकार ने पकवा नदी से पानी खेतों तक पहुंचाने के लिए नहर बनाई थी. इससे जुगरा,चेपाखुर्द आरहारा, महटीकरा, तेलियातरी, लंगातू, केरीगढ़ा गांवों तक पानी जाता था.

**नहर भरे जाने से किसानों के सामने आजीविका का संकट :** नहर भरी जाने से खेती पर खतरा मंडराने लगा है. एनटीपीसी को भी ग्रामीणों ने आवेदन देकर भरी जा रही नहर को रोकने की मांग की है. लेकिन कंपनी नहर की भराई नहीं रोकी, तो किसान उपायुक्त और स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को भी पूरे मामले की सूचना दी है. ग्रामीणों का कहना है, जब इलाके के जलस्रोत नष्ट हो जाएंगे, तो खेती कैसे होगी. प्रशासन सिर्फ कंपनी की बात सुनता है, ग्रमीणों की कहीं सुनवाई नहीं है.



**प्रशासन बना मूकदर्शक**

- पकवा नदी से निकलने वाली नहर से दर्जनों गांवों के खेतों तक पहुंचता था पानी

# भागवत संदेश पर निरर्थक क्लेश

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

लोकसभा के नये सदस्यों ने शपथ ले ली है. संसद में गरज के साथ छींटे पड़ रहे हैं. माहौल वैसा ही है जैसा चुनाव के समय था. यह अभी रहेगा. समय-समय पर गाढ़ा भी होगा. इसी बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक भाषण ने बखेड़ा खड़ा कर दिया है. कहा जा रहा है कि संघ भाजपा से नाराज है. भाजपा के बड़े नेता संघ की उपेक्षा कर रहे हैं. इस विमर्श में इंद्रेश कुमार के बयान और संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में रतन शारदा के आलेख ने जायकेदार छौंक लगा दी है. तो क्या यह मान लिया जाये कि संघ ने सचमुच भाजपा का साथ छोड़ दिया है ? कहा तो यह भी जा रहा है कि संघ के निष्क्रिय होने की वजह से ही भाजपा बहुमत नहीं पा सकी. यदि इसे मान लिया जाये तो सवाल उठता है कि क्या अब संघ विपक्ष की गालियां नहीं सुनेगा ? दरअसल ऐसा कुछ नहीं है. हकीकत यह है कि संघ और भाजपा का संबंध नाभि-नाल का है. संघ ने अपना एक वरिष्ठ स्वयंसेवक बतौर संगठन महामंत्री भाजपा में बैठा रखा है. समन्वय के लिए संघ के एक सह सर कार्यवाहक भी तैनात हैं. प्रदेशों के संगठन मंत्री भी स्वयंसेवक ही हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ के प्रचारक रहे हैं. अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी से लेकर भाजपा के अधिकतर विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री संघ से ही जुड़े हैं. फिर संघ भाजपा से नाराज क्यों होगा और भाजपा उसे नाराज क्यों होने देगी ? क्या अब संघ कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी, द्रमुक, झामुमो आदि दलों का समर्थन करेगा ? ऐसा सोचना सिर्फ घनचक्करी कवायद ही होगी. सच तो यह है कि भाजपा के लिए संघ की हैसियत भृकुटि विलास सृष्टि लय होई जैसी है. संघ नहीं चाहता तो न लालकृष्ण आडवाणी नेपथ्य में जाते, ना ही नरेंद्र मोदी की ताजपोशी हो पाती. क्या यह तथ्य नहीं है कि जिन्ना पर आडवाणी के बयान से संघ ऐसा बिफरा कि भैरो सिंह शेखावत और जसवंत सिंह ने बीच-बचाव न किया होता या तरकीब न सुझायी होती तो आडवाणी अपनी ही भाजपा से निकाल दिये गये होते ? आखिर उन्हें अध्यक्ष पद और नेता प्रतिपक्ष के पद से हाथ धोना ही पड़ा. निहितार्थ यह कि यदि संघ न चाहे तो न मोदी प्रधानमंत्री रह पाएंगे, न नड्डा पार्टी अध्यक्ष. संघ की नाराजगी के कारण आडवाणी के ही चेले वेंकैया नायडू, प्रमोद महाजन, अरुण जेटली आदि उनके खिलाफ हो गये थे.

1925 में बना संघ अपने दो स्वयंसेवकों अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना चुका है, जबकि 1925 में बनी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया न केवल टूटी बिखरी, खुद को भूमंडल का सर्वाधिक विद्वान माननेवाले कामरेड और उनके पिछलग्गू बुद्धिजीवी वामपंथ को प्रमुख विपक्षी दल भी नहीं बना सके. खैर संघ प्रमुख ने संघ शिक्षा वर्ग के समापन के अवसर पर अपने समारोप संबोधन में जो कुछ कहा उसमें कुछ उन लोगों के विचार थे जिन्होंने अपने बौद्धिकों से स्वयंसेवकों को अभिसिंचित किया था. लेकिन उनके भाषण के तिल को ताड़ बना दिया गया, जबकि उन्होंने बुद्धि और ज्ञान के दुरूपयोग का जिक्र करते हुए विपक्ष को भी धोया था. जहां तक मणिपुर की बात है तो वह इस पर वह पिछले विजयादशमी के संबोधन में भी चिंता व्यक्त कर चुके थे. मोहन भागवत की यह भी शिकायत थी कि सियासी संग्राम में संघ को क्यों घसीटा जाता है. लेकिन मुद्दा बना स्वयंसेवक को अभिमानी नहीं होना चाहिए और मणिपुर में शांति बहाली. स्वयंसेवक को अहंकारी नहीं होना चाहिए यह मूल विचार राम गिरि का था, लेकिन पूरे चुनाव में मोदी को अहंकारी निरूपित करनेवालों ने इसे पकड़ लिया, जबकि किसी सरकार का अध्यादेश प्रेस कांफ्रेंस में यह कहते हुए फाड़ देना कि इट इज नानसेंस सौम्यता और विनम्रता है.

-शेष पेज 7 पर

## आपातकाल पर राष्ट्रपति की भी खरी-खरी

लगातार न्यूज। नयी दिल्ली

पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फिर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अपने अभिभाषण में आपातकाल की भर्त्सना करके कांग्रेस को दबाव में लाने की कोशिश की है.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया. उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे. 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है. जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को नीट में कथित धांधली को लेकर नारे लगाते सुना गया. राष्ट्रपति ने कहा, सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है.

अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति के दाएं-बाएं ओर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बैठे हुए थे. सदन में पीएम नरेंद्र मोदी, उनकी कैबिनेट के सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा तथा विभिन्न दलों के नेता एवं सदस्य मौजूद थे.

-पेज 12 भी देखें

**महामहिम ने कहा**



- पेपर लीक मामले के दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा
- राष्ट्रपति ने अभिभाषण में रखा सरकार का रोडमैप

## झारखंड समेत कई राज्यों की पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है सुनील

# झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी सुनील मीणा दुबई की कर रहा सैर

सौरभ सिंह। रांची

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

- जेल में बंद अपराधी अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है

झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी इन दिनों दुबई की सैर कर रहा है. उसकी एक तस्वीर भी सामने आयी है. हम बात कर रहे हैं, जेल में बंद अपराधी अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह की, जिसकी गिरफ्तारी झारखंड समेत कई राज्यों की पुलिस के लिए चुनौती है. सुनील मीणा मूल रूप से राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घडसाना के नयी मंडी का रहने वाला है. सुनील लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विश्वस्त लोगों में रह चुका है. वर्क वीजा पर भारत से मलेशिया गया सुनील कुआलालमपुर में रहने के दौरान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और संपत नेहरा के जरिये लॉरेंस के संपर्क में आया और मलेशिया से ही अपराध की दुनिया में अपनी जड़े जमाने लगा. वह लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर राजस्थान और पंजाब के कई जिलों में हत्या, रंगदारी वसूली, फायरिंग जैसे घटनाओं को अंजाम दिलाने लगा. झारखंड पुलिस की एटीएस ने सुनील का पासपोर्ट रद्द करा दिया है और वह एटीएस के डीएसपी व एसआई साहू को गोली मारने से जुड़े मामले में वांछित है.



मोस्ट वांटेड अपराधी सुनील मीणा की दुबई घूमते हुए तस्वीर.

### गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले अपराधी भागते थे नेपाल, अब भाग रहे दुबई-मलेशिया

आपने अक्सर सुना होगा कि झारखंड में जब भी पुलिस को किसी अपराधी की तलाश होती थी तो वह नेपाल भाग जाते हैं. लेकिन बदलते समय के साथ अपराधियों ने अपना नया ठिकाना चुन लिया है. अपराधी नेपाल के बजाय अब दुबई और मलेशिया को अपना नया ठिकाना बना रहे हैं. जहां एक तरफ धनबाद में गैंग्स ऑफ वासेपुर का आतंक है. प्रिंस खान इसी गैंग से ताल्लुक रखता है. धनबाद पुलिस के लिए अब यह बड़ी चुनौती बना हुआ है. झारखंड पुलिस की टीम इसे गिरफ्तार करने का लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अब यह जानकारी मिली है कि प्रिंस खान भारत से बाहर शारजाह (अमीरात) में बैठकर अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है और वहीं से धनबाद में हत्या तक करवा रहा है. वहीं दूसरी तरफ अमन साहू के जेल में बंद होने के बावजूद उसके गिरोह की सक्रियता कम नहीं हुई है. अमन साहू जेल से ही अपने गिरोह को चला रहा है. जानकारी के मुताबिक, सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह इन दिनों मलेशिया में बैठकर एक के बाद एक अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है.

### इंटरनेट से आई कॉल को ट्रेस करने में अबतक नाकाम रही है पुलिस

झारखंड के अलग-अलग जिलों में इन दिनों अपराधी इंटरनेट कॉल के जरिए कारोबारी को फोन कर रंगदारी और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. इंटरनेट के जरिये किये जाने वाले कॉल में वर्चुअल नंबर का यूज किया जाता है. जिसे आसानी से ट्रेस नहीं किया जा सकता है. बिना सिम कार्ड के इस्तेमाल होने वाली कॉल को वर्चुअल कॉल कहा जाता है. इसके लिए मोबाइल की भी जरूरत नहीं होती है और न ही सिम कार्ड की. सिमकार्ड का इस्तेमाल न होने से पुलिस टावर लोकेशन सहित अन्य जानकारी ट्रेस करने में नाकाम रह जाती है.

## सचिवालय सेवा के 1000 पदाधिकारी कलमबंद हड़ताल पर रहे

# प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस में चार घंटे तक काम-काज रहा ठप

**खास बातें**

- संघ की चेतावनी, अब होगा उग्र आंदोलन
- पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को पुरजोर ढंग से रखा

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड मंत्रालय और नेपाल हाउस में गुरुवार को चार घंटे तक कामकाज ठप रहा. फाइल मूवमेंट भी पूरी तरह से रुक गया. इसकी वजह रही कि सचिवालय सेवा के लगभग 1000 पदाधिकारी दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक कलमबंद हड़ताल पर रहे. बताते चलें कि सचिवालय सेवा संघ पिछले एक महीने से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है.

### संघ ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि प्रदर्शन के पहले और दूसरे चरण में संघ के पदाधिकारियों ने मौन प्रदर्शन और काला बिल्ला लगाकर कार्य किया था. सरकार के पदाधिकारी संघ की विभिन्न मांगों के प्रति लगातार नकारात्मक रुख अपना रहे हैं, जिसके कारण सचिवालय के पदाधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है. यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन प्रदर्शनों के बाद भी सरकार के रुख में कोई परिवर्तन नहीं होता है, तो संघ बाध्य होकर और भी उग्र प्रदर्शन करेगा.



पदाधिकारियों के साथ वार्ता करते सचिवालय सेवा के पदाधिकारी.

### संघ की प्रमुख मांगें

- संयुक्त सचिव/ उप सचिव के पदों का सृजन
- कार्मिक विभाग के संकल्प 3286 को पूर्ण रूपेण लागू करना
- सचिवालय सेवा के रिक्त पदों पर शीघ्र प्रोन्नति
- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर शीघ्र नियुक्ति

### ज्वाइंट सेक्रेट्री से जूनियर अस्सिटेंट तक के 2352 पद रिक्त

सचिवालय सेवा में ज्वाइंट सेक्रेट्री से लेकर कनीय सचिवालय सहायक तक के पद रिक्त पड़े हैं. कुल 2352 पद रिक्त पड़े हैं. सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 1156 पद सेक्शन ऑफिसर के 118 पद, ज्वाइंट सेक्रेट्री के सात पद, डिप्टी सेक्रेट्री के 11 पद, अंडर सेक्रेट्री के 168 पद रिक्त पड़े हैं. वहीं झारखंड सचिवालय लिपिकीय सेवा के 892 पद रिक्त पड़े हैं.

### जानें आंदोलन की वजह

सचिवालय सेवा संघ पद कटौती का जोरदार विरोध कर रहा है. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद के अनुसार आठ साल गुजर जाने के बाद सचिवालय सहायकों की नियुक्ति नहीं हुई है. सचिवालय सेवा के तहत संयुक्त सचिव रैंक में 24 पद, उपसचिव रैंक में 53 पद सृजन का प्रस्ताव है, लेकिन इन पदों की कटौती का प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया है, जबकि 2016 में ही सचिवालय सेवा के लिए पद सृजन के प्रस्ताव पर सरकार ने स्वीकृति दी थी.

### सचिवालय सेवा संघ का कार्मिक सचिव के साथ वार्ता बेनतीजा

रांची। सचिवालय सेवा संघ का कार्मिक सचिव के साथ वार्ता बेनतीजा रही. शाम छह बजे कार्मिक सचिव ने संघ के प्रतिनिधमंडल को वार्ता के लिए बुलाया. कार्मिक सचिव ने कहा कि इसके लिए कमेटी बनाई जाएगी. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि जब पद सृजन के प्रस्ताव पर पूर्व सीएम रघुवर दास और पूर्व सीम हेमंत सोरेन की स्वीकृति मिल चुकी है तो कमेटी बनाने का कोई मतलब ही नहीं. संघ की जल्द ही बैठक होगी, जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी. आंदोलन जारी रहेगा.

### आदिवासी व वनाश्रित समुदायों पर जलवायु संकट के दुष्प्रभावों पर चर्चा

- रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में दो दिवसीय सेमिनार

रांची। जलवायु संकट पर चर्चा के लिए डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में गुरुवार से दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत हुई. सामुदायिक वनपालन संस्थान के तत्वावधान में आयोजित हो रहे सेमिनार के पहले दिन आदिवासियों व वनाश्रित समुदायों पर जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई. बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तराखं़, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्य व क्षेत्र के जलवायु संकट अनुभवों को साझा किया. इस दौरान जलवायु संकट पर सरकार के स्तर पर कार्रवाईयों, कार्यक्रमों व नीतियों पर चर्चा की गई.

**सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि सहित 120 लोगों ने लिया हिस्सा :** जलवायु संकट को कम करने के लिए सरकार की पहल और जलवायु न्याय पर विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी राय रखी. इसके अलावा पर्यावरण एवं जंगलों के संरक्षण के लिए लोगों से वृक्षारोपण की अपील की गई. वहीं कार्बन क्रेडिट व ग्रीन क्रेडिट के बाजारवादी नीति नियम पर विशेषज्ञों ने निराशा जाहिर की. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जंगल, पर्यावरण और वनाधिकार मुद्दे पर कार्यरत प्रतिभागी और झारखंड के विभिन्न जिलों के सामाजिक संगठन एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधी सहित 120 लोगों ने हिस्सा लिया.

## टॉप लेवल के छह अफसरों के साथ 24 डीएफओ बदले गए

# ताबड़तोड़ तबादला, 40 आईएफएस इधर से उधर

प्रमुख संवाददाता। रांची

- नौ आइएफएस अफसरों को मिली प्रोन्नति
- एनके सिंह बने पीसीसीएफ वाइल्फ

राज्य सरकार ने आईएफएस अफसरों का ताबड़तोड़ तबादला कर दिया है. इसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक से डीएफओ रैंक तक के अफसर शामिल हैं.

टॉप लेवल के छह अफसरों के साथ 24 डीएफओ को बदल दिया गया है. नौ आईएफएस अफसरों को प्रोन्नति दी गई है. वन विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| एनके सिंह | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी |
| संजीव कुमार | सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य जैव विविधता पर्षद, |
| रवि रंजन | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कैंपा |
| यतीन्द्र कुमार दास | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, |
| जब्बर सिंह, | क्षेत्रीय मुख्य यन संरक्षक, रांची अप्र बिरसा जैविक उद्यान |
| स्मिथा पंकज, | क्षेत्रीय मुख्य वन संख्क्षक, सिंहभूम, जमशेदपुर |
| पीआर नायद, | अप्र राज्य वन वृक्ष विज्ञानी |
| अरविंद कुमार, | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा |
| राज कुमार साह | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो |
| अशोक शुमार गुप्ता | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, देवघर |
| उमेश साहनी | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, दुमका |
| ममता प्रियदर्शी | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल हजारीबाग |
| महालिंग | केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर , परफोरमा प्रोन्नति |
| ओम प्रकाश | वन संरक्षक, योजना अंचल, रांची |
| शशि कुमार | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर |
| शिव कुमार प्रसाद | वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल गढ़वा |
| बी भास्करण | वन प्रमंडल पदाधिकारी विश्व खाद्य कार्यक्रम, चाईबासा |
| सबा आलम अंसारी | वन प्रमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर |
| प्रवेश अग्रवाल | वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार प्रमंडल, लातेहार |
| अभिषेक कुमार | वन प्रमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा |
| सौरभ चन्द्रा | वन प्रमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ |
| दिलीप कुमार यादव | वन प्रमंडल पदाधिकारी, खूंटी |
| मनीष कुमार तिवारी | वन प्रमंडल पदाधिकारी, गिरीडीह |
| विकास कुमार उज्जवल | वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग |
| सत्यम कुमार | वन प्रमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर |
| सूरज कुमार सिंह | वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमंडल, हजारीबाग |
| आदित्य नारायण | वन प्रमंडल पदाधिकारी, चाईबासा |
| अभिषेक भूषण | वन प्रमंडल पदाधिकारी, देवघर |
| रौशन कुमार | वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा |
| बंकर अजिंक्य देवीदास | वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रचार प्रसार रांची |
| सौमित्र शुक्ला | वन प्रमंडल पदाधिकारी, कोडरमा |
| कुलदीप मीना | वन प्रमंडल पदाधिकारी, कोल्हान |
| अवनीश कुमार चौधरी | वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमण्डल, रांची |
| राहुल कुमार | वन प्रमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा |
| मौन प्रकाश | वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग |
| अंकित कुमार सिंह | अतिरिक्त प्रभार गोड्डा वन प्रमंडल |
| आलोक कुमार वर्मा | वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला-खरसावां |
| एबिन बेनी अब्राहम | वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा |
| प्रबल गर्ग, | वन प्रमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज |
| अंशुमान | वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा |

### संजीव कुमार बनाये गये एफआरए के नोडल पदाधिकारी

रांची। वन विभाग ने वन अधिकार अधिनियम 2006 को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार को वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है. इससे संबंधित आदेश वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार ने जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि संजीव कुमार का कार्य वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करना होगा. साथ ही संबंधित प्रमंडल अंतर्गत व्यक्तिगत वन अधिकार और सामुदायिक वन अधिकार मामले को समय-समय पर प्राप्त कर उसपर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करना है. वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के क्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते समय उत्पन्न कठिनाइयों का भी निराकरण करेंगे.

# 'स्वास्थ्य सचिव-रिम्स डायरेक्टर आज कोर्ट में हाजिर हों'

संवाददाता । रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव और रिम्स के डायरेक्टर को सशरीर उपास्थित होने का निर्देश दिया है. गुरुवार को रिम्स के डायरेक्टर अदालत में सशरीर उपस्थित हुए थे. कोर्ट ने उनसे पूछा कि रिम्स की व्यवस्था क्यों नहीं सुधर रही, जिसपर उन्होंने कोर्ट को बताया कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए जो प्रपोजल उन्होंने अलग-अलग विभागों में दिए थे, वह रुके हुए हैं. जिसके बाद अदालत ने उक्त अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. दरअसल रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने को लेकर ज्योति शर्मा की ओर से जनहित याचिका दायर हुई है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में हुई.

### शारीरिक शोषण के आरोपी मुखिया को हाईकोर्ट से मिली बेल

रांची। महिला के साथ शारीरिक शोषण करने के आरोप में जेल में बंद इटकी प्रखंड के कूल्ही पंचायत के मुखिया विनय उरांव को हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है. विनय की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट में विनय के अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने अपनी दलीलें पेश की. जिसके बाद कोर्ट ने 20-20 हजार के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर उन्हें बेल दे दी. अदालत ने बेल के लिए यह भी शर्त रखी है कि केस खत्म होने तक मुखिया विनय उरांव ट्रायल कोर्ट में सभी तारीखों पर सशरीर हाजिर होंगे और इस केस से जुड़े गवाहों से संपर्क करने की कोशिश नहीं करेंगे. बता दें कि इटकी प्रखंड के कूल्ही पंचायत के मुखिया विनय उरांव पर एक शादीशुदा महिला ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था. इस मामले में महिला ने बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी.



### हाईकोर्ट ने पूछा- ऑटो व ई-रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड क्यों नहीं?

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में रांची में ऑटो चालकों के लिए नियम बनाने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने परिवहन विभाग, रांची नगर निगम, रांची के एसएसएपी और डीसी को यह बताने का निर्देश दिया है कि ऑटो और ई रिक्शा चालकों का ड्रेस कोड क्यों नहीं है? अदालत ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऑटो चालक और ई रिक्शा चालक ड्रेस कोड का पालन करें. अदालत अब इस मामले में 4 जुलाई को सुनवाई करेगा. राज्य सरकार की ओर से इस मामले में श्रीनु गणपति ने बहस की. वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और अरुण कुमार राय की बेंच में सुनवाई हुई.

### अंजू देवी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली जमानत

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने विस्फोटक बनाने का सामान के साथ गिरफ्तार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एमसीसी के सदस्य अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी को जमानत की सुविधा प्रदान की है. अंजू देवी की क्रिमिनल अपील पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में सुनवाई हुई. अंजू देवी की ओर से अधिवक्ता तनु कुमारी और रमेश कुमार ने बहस की. अंजू देवी के खिलाफ पलामू जिले के हुसैनबाद थाना में कांड संख्या 25/2024 दर्ज की गयी थी. जिसमें अखिलेश यादव समेत अन्य लोगों को विस्फोटक अधिनियम समेत अन्य गंभीर धाराओं के तहत आरोपी बनाया गया था.

**अच्छी खबर** | मंत्री के आदेश के बाद बाल संसद में हो रहा स्कॉलरशिप मंत्री का चयन

# पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल की जानकी बनी मंत्री



जानकी कुमारी.

**खास बातें**

- शिक्षा मंत्री के आदेश के बाद उपायुक्तों ने लगाए कैंप
- डीसी ने अधिकारियों को दिए हैं कई आवश्यक निर्देश

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के सरकारी स्कूलों में संचालित बाल संसद में स्कॉलरशिप मंत्री पद का सृजन किया जा रहा है. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ के आदेश के उपरांत उपरोक्त पदों का सृजन हो रहा है, ताकि बच्चे छात्रवृत्ति को लेकर जागरूक हो सकें.

ऐसी ही एक मंत्री बनी है जानकी कुमारी. पूर्वी सिंहभूम के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जानकी अब बच्चों को छात्रवृत्ति के लिए जागरूक कर रही है. वह यह सुनिश्चित करती है कि उसके विद्यालय के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति प्राप्त हो. ऐसे ही सभी सरकारी विद्यालयों में जानकी जैसे बच्चों को छात्रवृत्ति मंत्री पद पर नियुक्त किया जा रहा है. इससे पूर्व मंत्री दीपक बिरुआ ने जिला के उपायुक्तों को स्कूल स्तर पर कैंप लगाकर मिशन मोड में सभी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड को बैंक खाता से जोड़ने, केवाईसी कराने, ऑनलाइन जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया है.

**स्कॉलरशिप मंत्री की ये है जिम्मेवारी :** विभिन्न विद्यालयों में बनाए जा रहे स्कॉलरशिप मंत्री को सभी छात्रों के लिए पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में सटीक और अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना होगा. उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि उनके स्कूल के सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन पूरा हो. प्रधानाचार्यों से भी फॉलोअप करना होगा, ताकि किसी अस्वीकृति के बारे में पता चल सके और फिर सुधारात्मक उपाय किए जा सकें. योग्य छात्रों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर काम करना है, ताकि विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें. आवेदन प्रस्तुतियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखना और छात्रों के साथ फॉलोअप कर प्रक्रिया को पूरा करना भी कार्य दायित्व में शामिल है.

### पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक चार को रांची में

रांची। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी. इसमें स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय और प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा. बैठक में पुलिस आधुनिकीकरण, आतंकवाद, नक्सल, सीमावर्ती समस्याएं, पानी, मत्स्य, शिक्षा, मिड डे मील, वाटर हार्वेस्टिंग, हरित क्रांति आदि पर एक राज्य दूसरे राज्य को किस तरह से सहयोग करेंगे, इस पर चर्चा होगी. बैठक में अगर किसी राज्य को दूसरे राज्य से किसी तरह की मतभिन्नता होगी तो उसका निराकरण करने की कोशिश की जायेगी. बैठक रांची में हो रहा है, इसलिए विभागों के सचिव और अधिकारी बैठक में आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल होंगे.

**क्लासिफाइड**









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, शुक्रवार 28 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 80 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### आत्महत्या मामले में आरोपी पति को भेजा जेल

**जमशेदपुर** | सोनारी थाना अंतर्गत खूंटाडीह निवासी पिया धीबर आत्महत्या मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पति कृष्णा धीबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने मृतका के भाई सुनील धीबर के बयान पर मारपीट करते हुए आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है. बुधवार को पिया धीबर का शव उसके घर के कमरे से लटकता मिला था.

### सोनारी में महिला की स्कूटी में मारी टक्कर

**जमशेदपुर**| सोनारी थाना अंतर्गत एयरपोर्ट के पास मानगो डिमना रोड सुभाष कॉलोनी निवासी सुमन शर्मा की स्कूटी में बाइक सवार ने टक्कर मार दी. इस घटना में दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा है. घटना बुधवार शाम की है. सुमन के बयान पर पुलिस ने बाइक सवार और एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. सुमन स्कूटी से जा रही थी, तभी बाइक सवार ने सामने से आकर टक्कर मार दी.

### शराब दुकान चोरी मामले में दो संदिग्ध हिरासत में

**जमशेदपुर**| शराब दुकान में हो रही चोरी के मामले में सोनारी पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है. पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर दोनों को हिरासत में लिया है. दोनों से सोनारी थाना में पूछताछ की जा रही है. मंगलवार रात बिष्टुपुर स्थित शराब दुकान में नकद समेत लाखों के शराब की चोरी कर ली गई थी. इसके पूर्व सोनारी स्थित शराब दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया था.

### गोलमुरी साप्ताहिक योग शिविर का समापन आज

**जमशेदपुर** | सत्यानंद योग केंद्र, जमशेदपुर के तत्वावधान में गोलमुरी क्लब में चल रहे साप्ताहिक योग शिविर का समापन 28 जून को होगा. शिविर में उच्च योग साधना 22 जून से सिखाया जा रहा है. इसमें 110 लोग उच्च योग साधना का अभ्यास कर रहे हैं. बिहार स्कूल ऑफ योग के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी गोरखनाथ सभी को योग के विभिन्न आसन सिखा रहे हैं.

### दिनेश कुमार ने 50वीं बार किया रक्तदान, सम्मानित

**जमशेदपुर** | 50वीं बार रक्तदान किया. बिष्टुपुर चैंबर भवन में मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा आयोजित शिविर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने गुरुवार को अपना व्यक्तिगत 50वां रक्तदान पूर्ण किया. इस मौके पर वॉलंट्री ब्लड डोनर्स एसोसिएशन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया.

### आंगनबाड़ी सेविका चयन पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**डुमरिया** | गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत अंतर्गत माकड़ी टोला धातकीडीह निवासी सबर जनजाति के लोगों ने गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीण धातकीडीह टोला की शिक्षित महिला को ही आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन करने की मांग कर रहे थे. प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के मुताबिक पहले आंगनबाड़ी केंद्र धातकीडीह टोला में था.

### पत्नी की हत्या का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**जमशेदपुर** |जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत जकसनडीह निवासी गुरबा कुंकल को कोर्ट ने बरी कर दिया. गुरबा पर पत्नी रेनुका कुंकल की हत्या का आरोप था. गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 3 निशांत कुमार की अदालत ने गुरबा को सभी आरोपो से बरी कर दिया. मामला मार्च 2019 का है. परसुडीह के जकसनडीह निवासी रेनुका कुंकल का शव उसके घर के बाहर खाट पर पड़ा मिला था.

---

प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं के संचालन के निर्देश से वंचित रहेंगी रेल क्षेत्र की 18 पंचायतें

# दोहरी नीति : रेलवे को पंचायत प्रतिनिधियों के फंड से ही कार्य पर आपत्ति क्यों!

## सांसद-विधायक फंड की योजनाओं पर एनओसी की जरूरत क्यों नहीं, रेलवे भी नहीं दे रहा जवाब

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**

बागबेड़ा, परसुडीह और गोविंदपुर में रेल क्षेत्र की 18 पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के फंड और प्रखंड स्तर से होने वाले विकास कार्य पर रेल प्रशासन आपत्ति जता रहा है. जबकि सांसद और विधायक के फंड से होनेवाले कार्यों को लेकर रेलवे प्रशासन को आपत्ति नहीं है. ऐसे में इन प्रखंडों के जनप्रतिनिधि फंड रहते हुए भी अपनी पंचायत या वार्ड में विकास कार्य नहीं करा सकते हैं. स्थानीय लोगों की मानें, तो यह रेलवे की दोहरी नीति है.

रेलवे की इस नीति के कारण स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को उक्त 18 पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के फंड से विकास कार्य पर रोक लगाने का निर्देश देना पड़ा. बीडीओ ने बताया कि यह रोक अभी भी जारी है. रही बात सांसद और विधायक के फंड से कराये जाने वाले कार्य की तो यह प्रखंड कार्यालय के स्तर से नहीं होता है, अतः उन्हें इसकी जानकारी नहीं है.

बता दें कि सांसद अथवा विधायक के फंड से होनेवाले कार्य पर रोक नहीं होने की बात प्रकाश में आयी है. हालांकि रेल प्रशासन भी अब इस मसले पर सिर्फ वही कह रहा है, जो पिछले दिनों बीडीओ सुधा वर्मा ने बताया था. उन्होंने कहा था कि इन पंचायतों में विकास कार्य के लिए रेलवे से अनापत्ति प्रमाणत्र लेना होगा. इस बीच उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक कर सभी बीडीओ को सभी ग्राम-पंचायतों में कम से कम पांच योजनाओं का संचालन करने का निर्देश दिया है, ताकि वहां के लोगों को रोजगार मिल सके और रोजगार दिवस सृजन को बढ़ावा मिल सके. ऐसे में सवाल यह है कि क्या इन पंचायतों में भी संबंधित योजनाओं का संचालन होगा. यदि होगा, तो निश्चित ही वहां विकास कार्य भी होंगे. इसके अलावा यदि नहीं होता है, तो वहां के लोग रोजगार योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे.

### रेलवे का पत्र जिला मुख्यालय को नहीं

दूसरी ओर यह भी एक सवाल उठाया जा रहा है कि रेलवे ने इन 18 पंचायतों में विकास कार्य पर रोक लगाने के लिए जो पत्र प्रखंड कार्यालय में दिया है. वह पत्र जिला मुख्यालय में क्यों नहीं दिया गया है. रेल प्रशासन के एक पत्र के अनुसार विगत 30 दिसंबर 2023 को ही प्रखंड कार्यालय को रेल भूमि पर किसी तरह का विकास कार्य अथवा निर्माण नहीं करने को कहा गया था. उसके बाद पिछले 24 जनवरी को तत्कालीन बीडीओ ने कुछ विकास कार्यों के लिए एनओसी की मांग करते हुए रेल प्रशासन को पत्र लिखा. इसके जवाब में 20 फरवरी को पुनः रेल प्रशासन ने पत्र के माध्यम से विकास कार्य अथवा निर्माण पर रोक का फरमान जारी रखा.

### कोई भी पंचायत योजना विहीन न रहे : डीसी



**जमशेदपुर** | प्रत्येक ग्राम पंचायत में लोगों को रोजगार के अवसर मिलें, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का संचालन करते हुए मानव दिवस सृजन को बढ़ावा दें. कोई भी गांव और पंचायत योजना विहीन नहीं होने चाहिए. प्रत्येक ग्राम व पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं का जरूर संचालन किया जाये. यह निर्देश उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले के सभी बीडीओ को दिया है. वह गुरुवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे.

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि 15वें वित्त की राशि शत-प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करना है. पंचायत भवन में निर्धारित समय में कर्मचारी उपस्थित रहें तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें तथा योजनाओं से जोड़ें. उपायुक्त ने कहा कि वैसे सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पेयजल और विद्युत आपूर्ति की समस्या हो, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित विभागीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करें.

साइकिल वितरण की समीक्षा में के क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि जितनी जल्द हो आठवीं कक्षा में नामांकित सभी बच्चों को साइकिल उपलब्ध करायें और उसकी रिपोर्ट सौंपें. छात्रवृत्ति की राशि छात्रों को नहीं मिल पा रही हो तो इसका बैंकों से समन्वय बनाते हुए निदान करें.

> *रेल क्षेत्र में बसी पंचायतों में विकास कार्य के लिए तो रेलवे से एनओसी लेना होगा. इसके बगैर इन पंचायतों में कोई विकास कार्य नहीं हो सकता. रही बात सांसद व विधायक के फंड से कार्य की तो इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है. इसकी जानकारी लेनी पड़ेगी. चूंकि एईएन वन ट्रेनिंग में गये हुए हैं. इसलिए मैं अधिक कुछ नहीं बता सकता.*
>
> ***एईएन-टू, दक्षिण पूर्व रेलवे /टाटानगर.***

---

हाईकोर्ट में जेएनएसी व एचडीएफसी बैंक की हुई फजीहत

# टाटा स्टील व जुस्को को पार्टी बनाने का निर्देश

## जेएनएसी से अवैध निर्माण तोड़ने के संबंध में मांगा हलफनामा

**वरीय संवाददाता | जमशेदपुर**

### नक्शा विचलन, बेसमेंट पार्किंग एवं अवैध निर्माण से जुड़े मामले की हुई सुनवाई



- जेएनएसी से अवैध निर्माण पर मांगा हलफनामा
- सेंटर प्वाइंट ने एसडीएम के एनओसी की बात कही

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) क्षेत्र में नक्शा विचलन कर बने भवन एवं बेसमेंट में पार्किंग की बजाय व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने से जुड़े मामले की बृहस्पतिवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश दीपक रौशन की पीठ ने पूरे मामले की विस्तृत सुनवाई की. जिसमें याचिकाकर्ता के अलावे जमशेदपुर अक्षेस, एचडीएफसी बैंक, होटल सेंटर प्वाइंट की ओर से अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी बातें रखीं.

इस दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने जमशेदपुर में बगैर कंप्लीशन सर्टिफिकेट के अवैध रूप से बने हजारों भवनों में बिजली पानी का कनेक्शन देने की बात कही. यह सुनने के बाद अदालत ने टाटा स्टील व जुस्को (अब टीएसयूआईएसएल) को भी पार्टी बनाने का निर्देश दिया. सुनवाई के दौरान अदालत ने टाटा स्टील के अधिवक्ता इंद्रजीत सिंहा को बुलवाया तथा याचिकाकर्ता से हलफनामे की प्रतियां लेने के लिए कहा. साथ ही अगली सुनवाई पर हलफनामा दायर करने के लिए कहा.

अदालत ने इस मामले में झारखंड सरकार को भी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया. इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को सुनिश्चित की गई.

अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि जेएनएसी ने 1800 अवैध भवनों में सिर्फ 28 को कम्पलीशन सर्टिफिकेट दिया है. जबकि टाटा स्टील और जुस्को ने म्युनिसिपल कानून की धारा 440 का घोर उल्लंघन कर सभी अवैध बने भवनों में बिजली और पानी का कनेक्शन उपायुक्त की सहमति से दिया है. अदालत ने इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को टाटा स्टील और जुस्को को पार्टी बनाने का निर्देश दिया.

सेंटर प्वाइंट के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनके भवन पर भी गिराये जाने का खतरा है. एसडीएम ने उनके भवन की जांच की और वहां कोई विचलन नहीं पाया. इस पर अदालत ने एसडीएम की रपट एक हलफनामे के रुप में दायर करने का निर्देश दिया.

सुनवाई के दौरान साकची एसएनपी एरिया 105 में बने भवन में संचालित एचडीएफसी बैंक ने हाई कोर्ट को बताया कि उक्त भवन में वह 2008 से किरायेदार है. जून, 2024 में बिना कोई नोटिस का तामिला किये जमशेदपुर अक्षेस उक्त भवन को गिराने चली आयी. इसके जवाब में याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि एचडीएफसी बैंक अदालत में सरासर झूठ बोल रही है. उन्होंने जेएनएसी द्वारा जून, 2023 में दायर हलफनामा के एक अनुलग्नक का जिक्र करते हुए अदालत को बताया कि एसएनपी एरिया 105 को अक्षेस ने 31 मार्च 2011 को अदालत के आदेश पर सील किया था. अब एचडीएफसी बैंक कह रही है इसे कुछ पता नहीं है. अदालत ने अक्षेस के अधिवक्ता से पूछा कि उसने एचडीएफसी बैंक के अवैध रूप से निर्मित भवन में 13 वर्षों तक व्यवसाय कैसे चलाने दिया? इस पर अक्षेस के अधिवक्ता ने कहा कि अदालत के आदेश पर सीलिंग हटा ली गई थी. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आपत्ति जताते हुए अदालत को बताया कि यह भी सरासर झूठ है.अदालत का ऐसा कोई आदेश नहीं है. अक्षेस ने खुद ही सीलिंग हटा ली. जिसके कारण उन 46 भवनों में और अधिक अवैध निर्माण हो गये.

उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक रिहायशी भवन मे चल रहा है. उन्होंने बिस्टुपुर ड्रीम हाइट्स का भी जिक्र किया. कहा इसका जी प्लस 2 का नक्शा पारित है, पर वह जी प्लस 7 तक बना है और उसमें दो बेसमेंट भी बने हैं जो अवैध हैं. जिसपर जेएनएसी ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की.

अदालत ने इस पर अक्षेस के अधिवक्ता से पूछा किअक्षेस ने सीलिंग की गई कितने भवनों में अवैध निर्माणों को गिराया है? इसपर अक्षेस के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष स्वीकार किया कि पिछले 14 सालों में किसी भी अवैध निर्माण को तोड़ा नहीं गया है. सिर्फ 35 बेसमेंट खाली कराये गये हैं. जल्द ही शेष भवनों पर कार्रवाई करने की बात कही. इसपर अदालत ने अक्षेस को विस्तृत हलफनामा दायर करने के लिए कहा. याचिकाकर्ता के तरफ से अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव, रोहित सिंहा, निर्मल घोष और एमआई हसन ने सुनवाई में हिस्सा लिया.

---

# मनोहरपुर में ईंट फैक्ट्री पर एनआईए ने की छापामारी

- गुवा थाना के रोवाम गांव के रहने वाले हैं फैक्ट्री के संचालक जोगेश्वर गोप

**संवाददाता | किरीबुरु**

मनोहरपुर स्थित जोगेश्वर गोप उर्फ जोगी के ईंट फैक्ट्री में गुरुवार की अहले सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) की टीम ने टेरर फंडिंग को लेकर छापेमारी की. चार वाहनों से एनआईए की टीम रांची से एवं मनोहरपुर थाना पुलिस की टीम गुरुवार की सुबह मनोहरपुर स्थित जोगी ईंट फैक्ट्री पहुंचकर तलाशी ले रही है.

जानकारी के अनुसार, एनआईए की टीम एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा और माओवादियों के फ्रंट ऑर्गेनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. एनआईए की टीम किस मामले में छापेमारी कर रही है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है. लेकिन खबरें सामने आ रही है कि भाकपा माओवादियों को फंडिंग करने के मामले में यह छापेमारी चल रही है. जोगेश्वर गोप का घर अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के गुआ थाना अन्तर्गत रोवाम गांव में है.

इस मामले में जोगेश्वर गोप से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अभी वे चाईबासा न्यायालय में एक डेट पर आये हैं. मनोहरपुर के थाना प्रभारी फोन कर ऐसी जानकारी देते हुये आज आने को कह रहे थे. लेकिन जब तक न्यायालय की प्रक्रिया खत्म नहीं हो जाती तब तक वहां जाना संभव नहीं है. हम एनआईए को जांच में पूरा सहयोग करेंगे. उन्होंने बताया कि मनोहरपुर में ईंट फैक्ट्री में तीन पार्टनर हैं, जिसमें एक स्वयं वे तथा मनोहरपुर निवासी राजेश राम और हीरा बगाड़िया पार्टनर हैं. नक्सलियों से किसी प्रकार का संबंध न कभी था और न वर्तमान में है.

### 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15% तक की छूट

**आदित्यपुर** | आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के रहने वाले होल्डिंग टैक्स धारकों से 30 जून तक बकाया होल्डिंग टैक्स भुगतान कर 5 से 15 % प्रतिशत तक छूट का लाभ लेने की अपील नगर निगम प्रशासन ने की है. लाभुक अगर जन सुविधा केंद्रों में जाकर होल्डिंग टैक्स का भुगतान करते हैं तो उन्हें 12.5% तक की छूट तथा ऑनलाइन भुगतान पर 15% छूट देने का एलान किया है. वहीं कॉमर्शियल और संयुक्त मालिकाना होल्डिंग टैक्स धारकों को केवल 5% प्रतिशत तक की ही छूट दी जाएगी. सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने बताया कि अभी तक 10390 टैक्स धारकों ने इस छूट का लाभ उठाया है. इनसे करीब 2 करोड़ 75 लाख रुपये का टैक्स संग्रहित हुआ है. 35 वार्डों में 45 हजार होल्डिंग टैक्स धारक हैं. सहायक प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा ने निगम के टैक्स कलेक्टर शशि शेखर को निर्देश दिया है कि ज्यादा से ज्यादा री-एसेसमेंट किया जा सके.

### बूंदाबांदी से बढ़ी उमस, आज बारिश को लेकर येलो अलर्ट

**जमशेदपुर** | शहर और आसपास के क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को कहीं तेज तथा कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई. जमशेदपुर में बूंदाबांदी होने से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे. बृहस्पतिवार को राज्य का डाल्टेनगंज का पारा सबसे अधिक यानी 39.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. इस दौरान कोल्हान समेत झारखंड के अन्य जिलों का तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच रहा. बृहस्पतिवार को जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री, सरायकेला खरसावां 38.1 और पश्चिम सिंहभूम का 34.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. विभाग ने अगले कुछ दिनों के पूर्वानुमान में बताया कि राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी. जिसके कारण तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी.

मौसम विभाग रांची केंद्र के पूर्वानुमान अनुसार शुक्रवार को कोल्हान में वज्रपात और बारिश के आसार है. इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. हवा 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी.

### चांडिल डैम से पेयजलापूर्ति के लिए बैठक 2 जुलाई को

**जमशेदपुर** | शहर एवं आसपास के इलाकों में पेयजल की आपूर्ति सीधे चांडिल डैम से करने के संबंध में आगामी दो जुलाई को मुख्य सचिव ने उच्च स्तरीय बैठक बुलायी है. बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव भी शामिल रहेंगे. यह निर्णय जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से वार्ता के उपरांत लिया गया. विधायक ने बताया है कि जमशेदपुर एवं समीपवर्ती इलाकों में पेयजल की आपूर्ति फिलहाल स्वर्णरेखा नदी से की जा रही है. स्वर्णरेखा नदी में पानी चांडिल डैम से ही आता है. नदी में भीषण जल प्रदूषण होने के कारण पानी को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ करने पर काफी अधिक खर्च हो रहा है. श्री राय ने मुख्य सचिव को बताया कि चांडिल डैम से जमशेदपुर में पेयजल आपूर्ति दो स्थानों से की जा सकती है. इसमें पहला, चांडिल डैम से घाटशिला की तरफ जानेवाली बायीं नहर और दूसरा डोबो डैम है, जिसे सतनाला डैम भी कहा जाता है.

---

**गड़बड़झाला** पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव प्रखंड में बिजली विभाग का कारनामा

# ईचागुटू में बिजली पहुंची नहीं, विभाग ने भेज दिया बिल

- ग्रामीणों ने जताया रोष बिजली नहीं पहुंची तो होगा जोरदार आंदोलन

**संवाददाता | चक्रधरपुर**



चम्पवा पंचायत के ईचागुटू गांव में बिजली नहीं रहने व विभाग द्वारा बिल जारी किये जाने पर नाराजगी जताते ग्रामीण.

पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र बंदगांव प्रखंड की चम्पवा पंचायत के ईचागुटू गांव के ग्रामीण बिजली विभाग की लापरवाही के कारण समस्या से जूझ रहे हैं. गांव में पिछले तीन साल से बिजली नहीं है, लेकिन ग्रामीणों के नाम बिजली विभाग ने बिजली का बिल भेज दिया है. इसे लेकर स्थानीय ग्रामीण एक ओर जहां परेशान हैं, वहीं विभाग के प्रति रोष व्याप्त है. बिना बिजली आपूर्ति के ही बिल भेजे जाने पर गुरुवार को ग्रामीणों ने विभाग के प्रति जमकर रोष व्यक्त किया. ग्रामीणों ने कहा कि वर्ष 2021 में बिजली विभाग द्वारा गांव में बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाकर लोगों के घर बिजली का मीटर लगाया गया था. इसके बाद बिजली आपूर्ति 10 से 15 दिनों के भीतर बहाल कर देने की बात अधिकारियों ने कही थी. लेकिन वर्ष 2021 से अब तक गांव में बिजली नहीं पहुंची है. इस बारे में विभाग के अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर बार-बार जल्द से जल्द बिजली बहाल करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है.

**जिनके घर मीटर लगा उन्हें तीन से चार हजार का थमाया बिल**

ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण ही अब तक गांव में बिजली बहाल नहीं हो सकी है. वहीं जिन ग्रामीणों के यहां विभाग ने बिजली का मीटर लगा दिया है, उनके यहां तीन से चार हजार रुपये तक का बिजली बिल भेज दिया है. ग्रामीणों ने कहा कि अगर गांव में बिजली ही नहीं पहुंची है तो बिल कैसे जारी हो गया. बिना मीटर में यूनिट उठे ही बिजली जारी किया जाना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है. इस मौके पर स्थानीय महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे.

**गांव में तीन साल से बिजली नहीं रहने से हो रही परेशानी**

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पिछले तीन साल से बिजली नहीं रहने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पहाड़ी व जंगली क्षेत्र होने के कारण हमेशा सांप, बिच्छू का खतरा बना रहता है. साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है. गांव में बिजली नहीं रहने के कारण दूसरे गांव जाकर मोबाइल जार्च करना पड़ता है. ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ही बिजली विभाग द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

### इन ग्रामीणों के नाम जारी किया गया है बिजली बिल

मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाये जाने के बाद भी विगत तीन साल से बिजली आपूर्ति बहाल नहीं किये जाने के बारे में जब जानकारी लेने के लिए बिजली विभाग के चक्रधरपुर कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि कुछ ग्रामीणों के नाम बिजली बिल बकाया है. इसमें गांव के गोरया रुगु, सानिका लोमगा, लेस्मा रुगी, सोम कुंडू, डेबरा कुंडू, केमान सिंह रुगु, जोहन लोमगा, जगाय रुगु, कैलाश बारिक, गोडा बारिक, नरेन्द्र रुगु, दयाल सिंह रुगु, सामु कुडू, मांगु कुडू, किसुन रुगु के नाम तीन हजार रुपये से लेकर चार हजार रुपये तक बिजली बिल बकाया जारी किया गया है.

---

# सरायकेला एलआरडीसी की क्लर्क आठ हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार



**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर एसीबी की टीम ने गुरुवार को सरायकेला अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) की क्लर्क स्वागता नंदा को 8 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है. एसीबी की टीम ने स्वागता को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई. सबसे पहले स्वागता को टीम उनके आवास लेकर गई. वहां तलाशी के बाद उसे जमशेदपुर स्थित कार्यालय लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है.

इधर, इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार मामले की शिकायत सरायकेला श्रवणपुर निवासी रेलकर्मी सिंह सोय ने की थी. उन्होंने अनुमंडल कार्यालय में म्यूटेशन के लिए अपील की थी. फाइल को आगे बढ़ाने के लिए लिपिक ने 8 हजार रुपए की मांग की थी. शिकायतकर्ता घूस नहीं देना चाहता था. 25 जून को उसने एसीबी से शिकायत की थी. शिकायत को सही पाते हुए टीम ने छापेमारी की और स्वागता को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. इधर, स्वागता ने आरोपों को सही बताते हुए कहा कि उसने रिश्वत की मांग की थी.

## ब्रीफ खबरें

### जेपी स्कूल के अमर मुर्मू आकांक्षा परीक्षा में सफल

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जय प्रकाश स्कूल के छात्र अमर मुर्मू ने झारखंड सरकार की आकांक्षा परीक्षा में सफलता हासिल स्कूल के साथ ही शहर को गौरवान्वित किया है. अमर मुर्मू की इस सफलता के बाद उसे सत्र 2024-2026 झारखंड सरकार इंटर विज्ञान की पढ़ाई एवं नीट परीक्षा की तैयारी निःशुल्क करायेगी. स्कूल की ओर से बताया गया है कि अमर मुर्मू ने पहले ही प्रयास में इस परीक्षा में सफलता हासिल की है. अमर मुर्मू गौरगोरा निवासी करण मुर्मू का पुत्र है. स्कूल के सचिव अर्जुन शर्मा ने अमर की इस सफलता पर प्रसन्नता जताई.

### पासवा का प्रतिभा सम्मान समारोह 2 जुलाई को

**जमशेदपुर।** पब्लिक स्कूल स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2 जुलाई को रांची में होगा. इसमें राज्य भर के 20 हजार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा. जिलाध्यक्ष रमन झा ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक दुबे के नेतृत्व में खेलगांव रांची में होगा. इसमें मैट्रिक तथा इंटर के जैक, सीबीएसई एवं सीआईएससीई बोर्ड की परीक्षा में के 70 प्रतिशत एवं अधिक अंक वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा.

### स्टेशन पर बच्ची से दुष्कर्म मामले की जांच शुरू

**जमशेदपुर।** टानगर स्टेशन की लाइन पर बच्ची से दुष्कर्म मामले की जांच शुरू कर दी गई है. टाटानगर जीआरपी द्वारा मामला दर्ज करने के बाद इसके सुपरविजन का जिम्मा डीएसपी जयश्री कुजूर को मिला है. वहीं बच्ची एमजीएम अस्पताल में भर्ती है जहां उसका इलाज चल रहा है. केस के अनुसंधानकर्ता दारोगा जॉन मिंज ने बच्ची की मां का बयान दो दिन पूर्व ही लिया था. डॉक्टरों ने बताया है कि बच्ची घटना के बाद से इतनी डरी हुई है कि कुछ बोल भी नहीं पा रही है. रेल पुलिस बच्ची के ठीक होने का इंतजार कर रही है.

### म्यूटेशन का समयबद्ध निष्पादन करें : डीसी

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को संपन्न एक समीक्षा बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने धालभूम और घाटशिला दोनों अनुमंडल के एलआरडीसी एवं सीओ को नियमित कोर्ट करने का निर्देश दिया. ताकि जमीन से जुड़े मामले का समय से निष्पादन हो सके. वहीं म्यूटेशन के आवेदनों का तय टाइमलाइन में निष्पादन और रिजेक्शन की स्थिति में उचित कारण बताते हुए रिजेक्ट करने का उन्होंने निर्देश दिया. डीसी ने कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी योजना, सरना, मसना, जाहेरस्थान व हड़गड़ी विकास योजना, आदिवासी संस्कृति एवं कला केंद्र, वन अधिकार अधिनियम, आवासीय विद्यालय जीर्णोद्धार योजना की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिये.

**AFFIDAVIT**

I, **IPSHA**, Daughter of Sri. Bimlesh Kumar Gautam, aged abot 20 years, by Faith Hind, by Nationality Indian, Resident of E/7, Ganga Januna Apartment, Dhalbhum Road, Sakchi, P.O & P.S. Sakchi, Town Jamshedpur, Dist. East Singhbhum, State Jharkhand, PIN Code- 831001 India do hereby solemnly affirm and state as follows :-

1. That my date of birth is 30.05.2004
2. That I was the student of J.H. Tarapore School, Jamshedpur in the 12th Standard for the Period of March 2021 to May 2022.
3. That I Passed out in July 2022.
4. That I lost my Class 12th Pass Certificate bearing **Registration No.7081505** issued to me by CISCE Board on 05.05.2024 while I was on my way back from Ranchi to Jamshedpur.
5. That I have even filed a Police Complaint on **25.06.2024** at the Jharkhand Online FIR System on Jhpolice.gov.in, Jamshedpur, Jharkhand.
6. That inspite of my earnest efforts I could not trace out the Lost 12th Pass Certificate.
7. That I am applying for the Duplicate Pass Certificate that has been lost.
8. That I have not misused the same for any purpose nor concealed any facts.
9. That if I find my Lost Certificate then I undertake to surrender the same to the University.
10. That I swear this Affidavit to confirm the above mentioned facts and to Produce it before the Concerned Person for the needful.

**Notary Public Jamshedpur**

## संकरेल-संतरागाछी लिंक लाइन को अंदुल स्टेशन से जोड़ने के कार्य से परिचालन प्रभावित

# कल से 6 जुलाई तक टाटा से गुजरने वाली कई ट्रेनें रहेंगी रद




**संवाददाता । जमशेदपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर-हावड़ा रेल लाइन पर अंदुल स्टेशन के पास प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटलॉकिंग को लेकर पूर्व में कई ट्रेनों को रद करने का फैसला लिया था. इसमें संशोधन करते हुए, रेलवे ने रद ट्रेनों की एक नई लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में टाटानगर स्टेशन होकर गुजरने वाली भी कई ट्रेनें शामिल है. इसके अलावा कई ट्रेनें ऐसी हैं जिनके रुट में बदलाव किया गया है और कई ट्रेनें रिशिड्यूल भी की गई हैं. रेलवे ने इसको लेकर सूचना जारी कर दी है. दरअसल दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में संकरेल-संतरागाछी लिंक लाइन को अंदुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा. यह कार्य 29 जून से 6 जुलाई तक चलेगा. इस कारण इस मार्ग पर चलने वाली कई ट्रेनों को रद कर दिया गया है.

**ये ट्रेनें रहेंगी रद**

- ट्रेन नंबर 12021/12022 हावड़ा-बड़बिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस 30 जून से 2 जुलाई और 6 जुलाई को रद होगी.
- ट्रेन नंबर 12871/22862 हावड़ा-टिटलागढ़/ कांताबंजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 6 जुलाई को रद रहेगी.
- ट्रेन नंबर 18006 जगदलपुर-हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 5 जुलाई को रद रहेगी.
- ट्रेन नंबर 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 6 जुलाई को रद रहेगी.

**ये ट्रेनें होगी रीशेड्यूल**

- ट्रेन नंबर 18616 हटिया-हावड़ा क्रियायोगा एक्सप्रेस हटिया स्टेशन से 1 जुलाई को एक घंटे और 5 जुलाई को दो घंटे लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस पुणे स्टेशन से 30 जून को 30 मिनट, 1 जुलाई को 90 मिनट और 4 जुलाई को 3 घंटे लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 22905 ओखा-शालिमार एक्सप्रेस ओखा स्टेशन से 30 जून को एक घंटे लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर लोकमान्य तिलक- शालिमार कुर्ला एक्सप्रेस 1 जुलाई को डेढ़ घंटे विलंब के खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस हावड़ा स्टेशन से एक जुलाई को 75 मिनट लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 12809 मुंबई-हावड़ा मेल मुंबई से 4 जुलाई को 3 घंटे लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 12151 एलटीटी-शालिमार एक्सप्रेस एलटीटी से 4 जुलाई को 1 घंटे 45 मिनट लेट से खुलेगी.
- ट्रेन नंबर 12222 हावड़ा-पुणे दुरंतो हावड़ा स्टेशन से 6 जुलाई को 1 घंटे 45 मिनट लेट से खुलेगी.

# जेई के फ्लैट का ताला तोड़ 18 लाख की चोरी




- चोर दो लाख नकद और 16 लाख के गहने ले भागे
- जेई 23 जून को ही पत्नी के साथ बलिया गए हैं
- आरआईटी पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**संवाददाता । आदित्यपुर**

सुवर्णरेखा बहुद्देश्यीय परियोजना के जेई भवानी गौतम अपने पैतृक गांव बलिया उत्तर प्रदेश गए हैं. इधर इस बात का फायदा उठाकर चोरों ने उनके सहारा गार्डेन सिटी स्थित किराए के फ्लैट का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी कर ली है. घटना आरआईटी थाना क्षेत्र की है. आरआईटी पुलिस जांच में जुटी है और सोसाइटी में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है.

बता दें कि आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत इच्छापुर से सटा सहारा गार्डन सिटी कॉलोनी है. इसके चीजबेरी ब्लॉक में फ्लैट संख्या -4550 में भवानी गौतम पिछले 5 साल से किराए पर रह रहे हैं. जानकारी के अनुसार सुवर्णरेखा परियोजना ईचा गालूडीह कॉम्पलेक्स में बतौर जूनियर इंजीनियर भवानी गौतम कार्यरत हैं. वे 23 जून को अपनी पत्नी के साथ पैतृक गांव उत्तर प्रदेश के बलिया गए हैं. इसी बीच बुधवार को उन्हें पड़ोस के फ्लैट में रहने वाले एक प्रोफेसर ने फोन कर फ्लैट के मेन डोर का लॉक खुला होने की सूचना दी. इसके बाद भवानी गौतम ने फौरन अपने परिचितों को इसकी जानकारी दी.

**दरवाजे और अलमारी का लॉक खुला था**

मौके पर पहुंचे परिजनों ने पाया कि फ्लैट में डोर का लॉक खुला पड़ा है, जबकि अलमारी का भी लॉक खुला है और सामान गायब है. फौरन घटना की जानकारी दूरभाष पर आरआईटी पुलिस को दी गई. इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है. जूनियर इंजीनियर भवानी गौतम ने बताया है कि अलमीरा में 2 लाख नगद और 15 से 16 लाख रुपए के आभूषण रखे हुए थे. कुल मिलाकर लगभग 18 लाख रुपए की चोरी हुई है. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद उत्तर प्रदेश के बलिया गए भवानी गौतम लौट रहे हैं. इन्होंने बताया कि वे 5 सालों से इस फ्लैट में किराए पर रह रहे हैं.

**चोरी करने वाले को नकद व गहने की थी जानकारी**

जिस प्रकार अलमारी के लॉकर को तोड़कर केवल नगद और आभूषण की चोरी की गई है और बाकी अलमीरा एवं घर के सामान को हाथ तक नहीं लगाया गया है. इससे साफ जाहिर होता है की चोरी करने वाले व्यक्ति को सटीक जानकारी थी कि आभूषण एवं नगदी रुपए कहां रखे हुए हैं. आरआईटी थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया है कि पुलिस अनुसंधान में जुट गई है. सोसाइटी के साथ आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. जिसमें पुलिस को कई सुराग मिले हैं. उन्होंने बताया पुलिस प्रथम सूचना के आधार पर छनबीन कर रही है. चोरी घटना की लिखित शिकायत गांव से लौटने के बाद अभियंता भवानी गौतम द्वारा दी जाएगी. इसके बाद संदिग्धों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

# मानगो के दरभंगा डेयरी में चोरी सीसीटीवी में कैद हुआ चोर




- दुकान के कर्मचारियों पर ही शक
- गल्ले में रखे 2 से 2.5 लाख की चोरी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

मानगो डिमना रोड स्थित दरभंगा डेयरी में चोरों ने हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी दुकान मालिक संजीव चौधरी को तब हुई जब वे गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने पाया कि दुकान के गल्ले में रखे रुपये गायब हैं और छत पर लगे प्लाई के दरवाजे को खोला गया है. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी.

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई. संजीव ने बताया कि चोर छत के रास्ते से दुकान में घुसा है. छत पर किसी तरह का दरवाजा नहीं लगा है पर अंदर प्लाई का दरवाजा लगा है. चोर छत के रास्ते पहले तल्ले में घुसा और फिर वहां से प्लाई का दरवाजा स्क्रू ड्राइवर की मदद से खोलकर दुकान में प्रवेश कर गया.

संजीव ने बताया कि चोर की सारी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सीसीटीवी में दिख रहा है कि एक चोर दुकान के अंदर घुसा और सीधे गल्ले के पास गया जहां गल्ले से रुपये निकालने के बाद वह छत के रास्ते से भाग गया.

संजीव के अनुसार चोर रात के 2.10 बजे अंदर घुसा है. जिस तरह से चोरी की गई है उससे यह लग रहा है कि चोर को यह पता था कि छत के रास्ते दुकान में घुसा जा सकता है.

संभवतः दुकान के ही किसी स्टाफ की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया है. संजीव ने बताया कि चोर ने दुकान के गल्ले में रखे 2 से 2.5 लाख रूपये की चोरी की है. इसके अलावा किसी सामान को हाथ नहीं लगाया.

**सिदगोड़ा में भी गैस सिलेंडर की चोरी**

चोरों ने सिदगोड़ा ग्वाला बस्ती निवासी दिवाकर मिश्रा के घर में भी चोरी कर ली. दिवाकर 22 जून को उज्जैन गए थे जबकि उनका परिवार सिवान गया है. गुरुवार सुबह जब वह उज्जैन से वापस जमशेदपुर लौट रहे थे तो उन्हें पड़ोसियों ने चोरी होनी की जानकारी दी. घर पहुंचने के बाद उन्होंने देखा कि चोरों ने मेन गेट में लगे कुंडी को तोड़ा और घर में घुसे. चोरों ने घर से सिर्फ सिलेंडर चुराया है. दिवाकर ने बताया कि बीते एक सप्ताह से चोरों ने बस्ती के पांच घरों में चोरी की है. चोर मोटर और सिलेंडर की चोरी कर रहे है. उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी है.

### पत्रकार विद्या शर्मा की मां पंचतत्व में विलीन



**जादूगोड़ा।** पत्रकार विद्या शर्मा की मां मूलक रानी देवी गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गईं. इनकी शव यात्रा में कॉलेज स्टूडेंट, समाजसेवी से लेकर आम आदमी तक शामिल हुए. उन्हें मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र धर्मनाथ शर्मा ने दी. इस मौके पर उनके परिवार वालों की ओर से भरत शर्मा, विद्या शर्मा, आलोक कुमार, आदित्य कुमार, कौशिक कुमार, प्रियेश कुमार, अशोक कर, अर्जुन शर्मा, उपेंद्र शर्मा समेत अन्य लोगों ने हिस्सा लिया. जादूगोड़ा के पत्रकार विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां मूलक रानी देवी का बुधवार की शाम ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था. मूलक रानी देवी एक महीने पहले सोने के क्रम में पलंग से गिर गई थीं.

# ब्लॉक ऑफिस के पास दाल-भात केंद्र छह माह से बंद

## महंगे दाम देकर होटलों में खाने को मजबूर हैं मजदूर, प्रशासन बेखबर


**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

दैनिक मजदूरों एवं मध्यमवर्गीय लोगों को किफायती दाम में भरपेट खाना उपलब्ध कराने के लिए खोले गए मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का संचालन मनमाने तरीके से हो रहा है. जमशेदपुर प्रखंड के प्रवेश द्वार के बगल में खोला गया दाल-भात केंद्र विगत चार-पांच माह से बंद है. इसके कारण उपरोक्त श्रेणी के लोगों को कम दाम (पांच रुपये) में खाना उपलब्ध नहीं हो रहा है. केंद्र क्यों बंद है, इसकी जानकारी अथवा किसी तरह का नोटिस केंद्र के बाहर नहीं लगाया गया है. यही नहीं जिस महिला समूह द्वारा इसका संचालन किया जाता है, उसका बोर्ड भी केंद्र के बाहर नहीं लगा है. स्थानीय लोगों को लगा शायद विभाग ने इस केंद्र को बंद कर दिया है, क्योंकि कोरोना-2019 संक्रमण काल में उक्त केंद्र पर लोगों की काफी भीड़ हुआ करती थी. लोग वहां बैठकर चाव से खाना खाते थे, लेकिन केंद्र के बंद रहने से मजदूरी करने वाले तथा प्रखंड गेट के बाहर दुकान चलाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है. लोग मजबूरी में निजी होटल में महंगे दाम चुकाकर खाना खाने को विवश हैं.

> *जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय के बाहर खुला दाल-भात केंद्र किस कारण से बंद है. इसकी मुझे जानकारी नहीं है. प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं क्षेत्र के पणन पदाधिकारी से जानकारी लेने के बाद ही वे कुछ बता पाएंगे. संचालक समूह की जानकारी प्राप्त कर उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाएगा.*
> **सलमान जफर खिजरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम**



**दाल-भात केंद्र बंद रहने से होती है परेशानी :** परसुडीह थाना क्षेत्र के कीताडीह निवासी लाल सिंह मुंडा ने बताया कि वे दैनिक मजदूरी का काम करते हैं. दाल-भात केंद्र में कम पैसे में भरपेट खाना मिल जाता था. लेकिन कई महीनों से केंद्र के बंद रहने के कारण वे मजबूरी में ज्यादा पैसे देकर प्राइवेट होटल में खाने को विवश हैं.



**प्रशासन शुरू कराए केंद्र :** करनडीह से सटे झारखंड बस्ती के रहने वाले राजकुमार ने बताया कि वे दैनिक मजदूरी का काम करते हैं तथा अकेले रहते हैं. दोपहर में अक्सर दाल-भात केंद्र में खाना खाने आते थे. लेकिन विगत कई महीनों से केंद्र बंद रहने से उन्हें परेशानी होती है. उन्होंने जिला प्रशासन से दाल-भात केंद्र शुरू कराने की मांग की.



**विभाग को नहीं है फिक्र :** खासमहल (प्रखंड कार्यालय के समीप) रहने वाले मो. अजहर खान ने बताया कि उनकी प्रखंड गेट के बाहर पेपर एवं फॉर्म की दुकान है. वे अक्सर दाल-भात केंद्र में खाना खाते थे. इस केंद्र का संचालन सरजामदा की महिला समूह करती है, लेकिन कुछ माह से केंद्र बंद रहने से उन्हें परेशानी हो रही है.

**विवाद** गम्हरिया के सीओ पर जमीन कागजात ऑनलाइन करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

# घूस मांगने की शिकायत पर सीओ के खिलाफ जांच शुरू

- प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अरजत कुमार कर रहे मामले की जांच

**संवाददाता । आदित्यपुर**

गम्हरिया प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी द्वारा सीओ कमल किशोर के खिलाफ लगाए गए घूस मांगने के आरोपों की जांच शुरू हो गई है. गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत आरोपों की जांच करने गम्हरिया अंचल कार्यालय पहुंचे हैं और आरोपों की जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पूर्व श्री रजत ने महिला बिदामी देवी और संतोष तिवारी से पूछताछ कर चुके हैं. उन्हें 28 जून शुक्रवार को अंचलाधिकारी से पूछताछ करनी थी, मगर एक दिन पूर्व ही वे अंचलाधिकारी से पूछताछ करने पहुंचे हैं. बीते शुक्रवार को संतोष कुमार तिवारी ने उपायुक्त के जनता दरबार में गम्हारिया सीओ पर जमीन के कागजात को ऑनलाइन करने के एवज में 20 हजार रुपये घूस मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी. उपायुक्त ने मामले के जांच का जिम्मा प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी कुमार रजत को दी थी.

**आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत : सीओ**



खुद पर लगे आरोपों को सीओ कमल किशोर सिंह ने बेबुनियाद और मनगढ़ंत बताया है. उन्होंने कहा कि किसी तरह के पैसों की मांग नहीं की गई है. कर्मचारी ने जो जांच प्रतिवेदन दिया है उसके आधार पर पंजी- 2 में आवेदक का नाम दर्ज नहीं है. मगर संतोष तिवारी ने इसे मानने से इंकार करते हुए गलत तरीके से ऑनलाइन चढ़ाने के लिए दबाव देने का प्रयास किया. ऐसा नहीं करने पर मुझपर मिथ्या आरोप लगाया जा रहा है. वहीं सीओ ने बताया कि कुछ बिचौलिए किस्म के लोगों की वजह से अंचल कर्मियों को काम करने में परेशानी हो रही है. वे मनमाने तरीके से काम कराना चाहते हैं. वैसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है. जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**क्या है पूरा मामला**

शिकायतकर्ता संतोष कुमार तिवारी ने बिदामी देवी पति भुवनेश्वर शर्मा से एक जमीन खरीदी थी. जिसका खाता संख्या 8, प्लॉट संख्या 140, रकबा 8 डिसमिल है. बीते 18 फरवरी को जमीन के कागजात ऑनलाइन करने के लिए अंचल अधिकारी को एक आवेदन दिया गया लेकिन जमीन के कागजात ऑनलाइन नहीं हुए. उसके बाद आवेदिका ने उनसे शिकायत की. संतोष कुमार तिवारी का कहना है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते में लगातार अंचल अधिकारी गम्हरिया से संपर्क करने की कोशिश करता रहा, लेकिन चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण उनसे मुलाकात होना संभव नहीं था. बीते 13 जून को जब वे अंचल अधिकारी से इस मामले को लेकर वार्ता करने गया तो उनसे इस कार्य के एवज में 20 हजार नगद राशि घूस के रूप में भुगतान करने के लिये कहा गया. जिससे वे स्तब्ध रह गए और बोले मैंने एक जनप्रतिनिधि हूं लेकिन परिचय जानने के बावजूद उन्होंने मुझे यह कहा कि आप दौड़ते- दौड़ते मर जाइएगा लेकिन काम नहीं होगा. बल्कि पैसे देकर अपना काम करवा लीजिए.

## न्यूज अपडेट

### विधायक ने डीसी से की भू-माफियाओं की शिकायत



**जमशेदपुर।** विधायक रामदास सोरेन के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिला. इस दौरान घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत गालूडीह थाना क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा आदिवासी रैयतों की भूमि की अवैध ढंग से की जा रही खरीद बिक्री की शिकायत की. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने सिंचाई नहर के नाम पर रैयतों की भूमि अधिग्रहित की है. उक्त भूमि को भी माफिया घेर रहे हैं. प्रतिवाद करने पर हिंसक घटनाएं हो रही है. विधायक ने उपायुक्त से आवश्यक कार्रवाई की मांग की. प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय सदस्य वीर सिंह सुरेन, कान्हु सामंत, ज़िला उपाध्यक्ष सागेन पुर्ती व अन्य मौजूद रहे.

### दिंदली बाजार के दुकानदारों ने ली लोजपा की सदस्यता



**आदित्यपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश सचिव मनोज पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को आदित्यपुर दिंदली बाजार में डोर टू डोर घूम-घूम कर सैकड़ों दुकानदारों को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन की मजबूती हेतु सदस्यता दिलाई गई. दुकानदारों को राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की उपलब्धि तथा पार्टी के कार्यों और विचारों से अवगत कराया गया. मनोज पासवान ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. अभियान में राजू कुमार, शेखर सिंह, संजय पंडित, प्रेम गुप्ता, बिंदेश्वर प्रसाद, राज किशोर गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, सचिन प्रजापति, अभय पंडित, गोविंद गुप्ता, मोहम्मद साहिन आदि कार्यकर्ता शामिल थे.

### अर्का जैन के पूर्व छात्र-छात्रा ने हासिल की सफलता




**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी की छात्रा रही शारदा मुखर्जी और छात्र रहे मनीष यादव ने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों में एक और मील का पत्थर जोड़ दिया है. शारदा मुखर्जी 2019-2023 के छात्रा रही हैं. उन्होंने एनआईपीईआरजेईई की परीक्षा में (एमएस, एम.फार्म, एमबीए में प्रवेश के लिए) 596वां रैंक हासिल किया है. इसी सत्र के छात्र रहे मनीष यादव ने एम.टेक मेडिकल डिवाइस विषय में 94 रैंक और एमएस, एम.फार्म, एमबीए प्रवेश परीक्षा में 1178वां रैंक हासिल किया है. यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने अपने इन दोनों पूर्व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### झांटीझरना विद्यालय में की गई मलेरिया की जांच



**घाटशिला।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय झांटीझरना में गुरुवार को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला की मेडिकल टीम द्वारा कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10वीं तक के छात्र एवं छात्राओं की मलेरिया जांच की. मलेरिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. इसके बाद एक मलेरिया की जानकारी से संबंधित परीक्षा ली गई जिसमें बच्चों से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा गया. बाद मलेरिया का रक्त जांच किया गया. जांच में किसी भी छात्र में मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया. टीम में सब इंस्पेक्टर दुलाल हेंब्रम और लैब टेक्नीशियन प्रकाश कुमार के अतिरिक्त तपन कुमार घोष, सुरेश मुंडा, संजीत पॉल और गोविंद रजक सहित विद्यालय के उर्दू शिक्षक डॉक्टर कमर अली शामिल थे.

### हल्ला बोल प्रदर्शन को लेकर भाजपा कर रही जनसंपर्क



**आदित्यपुर।** पानी की समस्या को लेकर 29 जून को प्रस्तावित हल्ला बोल प्रदर्शन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता प्रचार वाहनों के साथ बस्तियों में बैठक कर लोगों का समर्थन जुटा रहे हैं. भाजपा जिला कमेटी ने बुधवार को बैठक कर आदित्यपुर की ज्वलंत समस्या पेयजल को लेकर सरकार और स्थानीय नगर निगम प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए उनके विरुद्ध 29 को निगम कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है. आज से आदित्यपुर के विभिन्न बस्ती एवं वार्डों में जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है. भाजपा नेता रमेश हांसदा, लोजपा नेता मनोज पासवान, टीएमसी नेता विशेष कुमार उर्फ बाबु तां आदि स्थानीय लोग इस अभियान में शामिल हैं.

### अतिक्रमण हटाने गई रेलवे टीम ने दिया अल्टीमेटम



**जमशेदपुर।** बागेबड़ा डीबी रोड में गुरुवार को रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने गई इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने अतिक्रमण करने वालों को अल्टीमेटम देते हुए 30 जून तक का समय दिया है. रेलवे इंजीनियरिंग विभाग को सूचना मिली थी कि डीबी रोड में रेलवे की जमीन को अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाया जा रहा है. रेलवे ने पहले नोटिस जारी किया पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया. इसके बाद टाटानगर रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर एवं आरपीएफ के जवानों साथ दर्जनों रेल कर्मचारी अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंचे थे पर मौके पर मौजूद लोगों ने टीम से समय मांगा.

### केजीबीवी पोटका में ड्रॉपआउट बच्चियों का नामांकन



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव की रहने वाली दो बच्चियों का केजीबीवी पोटका में नामांकन हुआ. दोनों का नामांकन गांव के पूर्व पार्षद करूणामय मंडल के प्रयास से संभव हुआ. शंकरदा के रहने वाले संतोष कुमार भकत वर्ष 2022 में मजदूरी करने के लिए घर से निकले. उसके बाद से आज तक वापस नहीं आए. इसके चलते उसकी बेटी बबीता भकत को पढ़ाई छोड़नी पड़ी. बबीता की मां सावित्री भकत ने इसकी जानकारी पूर्व पार्षद को दी. वहीं डोमजुड़ी गांव के रहने वाले चंद्राय सोरेन ने अपनी बेटी रानी सोरेन को उसके मामा के घर भेज दिया. लेकिन मामा की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण रानी ने पढ़ाई छोड़ दी. पूर्व पार्षद स्वयं उसके मुसाबनी स्थित उत्कमित मध्य विद्यालय गए तथा वहां से स्थानांतरण प्रमाण पत्र लाकर केजीवीवी पोटका में नामांकन कराया.

## भाषण प्रतियोगिता में महिला कॉलेज की दो छात्रा पुरस्कृत



**चाईबासा ।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान क्रॉस कंट्री दौड़, कब्बड्डी, खो-खो, पेंटिंग, नुक्कड़, नाटक, योगा, भाषण इत्यादि का आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, रांची में किया गया. इस कार्यक्रम में कई जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए. कार्यक्रम में महिला कॉलेज, बीएड विभाग की छात्रा एंजेल दादेल को भाषण में द्वितीय एवं राजनीति विभाग की छात्रा प्रियंका कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. उनकी सफलता के लिए महिला कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने खुशी जाहिर की. मौके पर इग्नू के रजिस्ट्रार भी उपस्थित थे. उन्होंने दोनों छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है. डॉ अर्पित सुमन ने कहा कि छात्राओं ने बहुत ही कम समय में अच्छा प्रदर्शन किया है, जो सराहनीय है. डॉ ओनिमा मानकी ने कहा कि महिला कॉलेज के लिए यह गर्व की बात है. कॉलेज के सभी प्राध्यापकों ने दोनों छात्राओं को बधाई दी. मौके पर डॉ सुचिता बाड़ा, बबिता कुमारी, शीला समद, सितेंद्र रंजन, मदन आदि मौजूद थे.

### लोगों के लिए विश्राम गृह का निर्माण और पौधरोपण भी किया जाएगा, तीन पंखे और लाइट की हुई मरम्मत

# गिरिराज सेना ने श्मशान घाट में की सफाई, सौंदर्यीकरण भी शुरू

- कचरों के अंबार से फैलती थी दुर्गंध, बना हुआ था नरक
- अंतिम संस्कार करने आने वालों का बैठना हो गया दूभर
- लोगों के पीने का पानी के लिए लगाया जाएगा फ्रीज

संवाददाता । चक्रधरपुर



श्मशान घाट परिसर में जेसीबी से की जा रही सफाई व उपस्थित गिरिराज सेना के सदस्य.



कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट परिसर में कटे पेड़ की डाली को हटाते सेना के सदस्य.

चक्रधरपुर के वार्ड संख्या आठ कुदलीबाड़ी स्थित श्मशान घाट पहले कचरों का अंबार के लिए जाना जाता था. अब इसे व्यवस्थित करने का जिम्मा गिरिराज सेना ने उठाया है. गुरुवार को श्मशान घाट परिसर में जमे कचरों के अंबार की साफ-सफाई गिरिराज सेना के सदस्यों ने की. इस दौरान गिरिराज सेना के सदस्यों ने स्वयं और जेसीबी लगवाकर सफाई कराई. इस मौके पर स्व.कमलदेव गिरि के बड़े भाई गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि के नेतृत्व में सदस्यों ने सफाई की.

मौके पर उमाशंकर गिरि ने कहा कि नगर परिषद द्वारा पिछले कई वर्षों से श्मशान घाट के समीप ही शहर का कचरा फेंका जाता था. इससे यहां अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों को दुर्गंध से बैठना मुहाल हो जाता था. साथ ही रोजाना कचरों के अंबार में आग लगा देने के कारण उठने वाले धुएं से आसपास रहने वाले लोगों को काफी कठिनाइयां होती थीं. स्थानीय लोग इसे लेकर कई बार नाराजगी भी जता चुके थे. साथ ही जब कमलदेव गिरि जीवित थे, उन्होंने कचरों की साफ-सफाई कर नगर परिषद से कचरा फेंकने पर रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन उनकी हत्या के बाद से पुनः नगर परिषद द्वारा कचरा फेंकना प्रारंभ कर दिया गया था.

अब गिरिराज सेना ने कचरा फेंकने पर रोक लगा दी है, ताकि श्मशान घाट नरक नहीं बन सके. अंतिम संस्कार के लिए आने वालों को परेशानी न हो. गिरिराज सेना द्वारा श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है. यहां जल्द ही पानी के लिए फ्रीज व लोगों के विश्राम गृह का भी निर्माण कराया जाएगा. तीन पंखा और लाइट की मरम्मत हो गई है. श्मशान घाट परिसर में पौधरोपण भी किया जाएगा. इस मौके पर गिरिराज सेना के सदस्य दीपक गुप्ता, विजय पोद्दार, सुमित पोद्दार, अमरनाथ साव, धीरज ठाकुर, अजय पासवान, डिक्की राव, कमल केशरी, मनोज सोनकर, कुलदीप ठाकुर, जगरनाथ पासवान, संतोष साव, संजय दत्ता, मुकेश साव, सुनील साव, नारायण साव समेत अन्य मौजूद थे.

## वर्षा के बाद किरीबुरु घने कोहरे से घिरा




**किरीबुरू ।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु में आज रुक-रुक कर जारी हल्की व भारी वर्षा के बाद मौसम सुहाना हो गया है. वर्षा के बाद किरीबुरु शहर कुछ देर के लिये कोहरे की चादर से ढका रहा. हालांकि बाद में कोहरा हट गया और मौसम साफ हो गया. वर्षा के बाद लोगों को गर्मी से भारी राहत मिली. हालांकि अब मानसून धीरे-धीरे अपनी रफ्तार पकड़ रहा है. रफ्तार पकड़ने के साथ ही किरीबुरु में वर्षा के मौसम में कोहरा व बादलों का पास से गुजरने का नजारा अद्भुत होता है. इस नजारे को देखने हेतु बाहर से काफी पर्यटक किरीबुरु आते हैं. अब धीरे-धीरे कोहरा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर को आगोश में प्रतिदिन लेता नजर आ रहा है.

### अवैध शराब कारोबार रोकने के लिए पुलिस का अभियान जारी

# चौका थाना के हेंसाकोचा में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

- 70 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस की टीम ने किया बरामद
- विशेष टीम ने 17 बोरा में 425 किलो डोडा पकड़ा
- पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम का किया था गठन

संवाददाता । चांडिल



चौका थाना परिसर में रखी गई जब्त शराब की पेटियां.

अवैध शराब का कारोबार रोकने के लिए पुलिस प्रशासन एड़ी चोटी एक किए हुए हैं. बावजूद इसके कारोबारी अवैध शराब का कारोबार बदस्तूर जारी रखे हुए हैं. तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की तर्ज पर अवैध कारोबारी अपना कारोबार पुलिस से आंख बचाते हुए कर रहे हैं. पुलिस भी अपना अभियान जारी रखते हुए आए दिन नए-नए खुलासा करने में जुटी है. इसी क्रम में पुलिस की विशेष टीम ने चौका थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित हेंसाकोचा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बनाने वाली एक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष टीम ने छापामारी की. इस दौरान अवैध शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है. इस दौरान विशेष टीम को 17 बोरा में भरकर रखे गए 425 किलोग्राम डोडा भी मिला है.

### दो पिकअप वैन भी किया जब्त

छापामारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है. इसके साथ ही पुलिस टीम ने शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री भी बरामद किया है. जानकारी के अनुसार बुधवार की रात की गई छापामारी अभियान में पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों की 70 पेटी अंग्रेजी शराब की भरी बोतलों के साथ, 44 पेटी शीशा का बोतल, ढक्कन, अलग-अलग ब्रांड के स्टीकर, बोतलों में लगाए जाने वाले सील का रैपर और दो प्लास्टिक का ड्रम, इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किया है. इस दौरान टीम ने बीयर से भरी पेटी भी बरामद की है. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है.

## वन विभाग ने चारदीवारी को तोड़ा

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच 75 ई महात्मा गांधी हाई स्कूल के समीप वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर किए गए चाहरदीवारी निर्माण को पोड़ाहाट डीएफओ आलोक कुमार की मौजूदगी में गुरुवार को तोड़ दिया गया. मौके पर रेंजर ललन उरांव के अलावे वन विभाग के जवान काफी संख्या में मौजूद थे. खाता नंबर 266, प्लॉट नंबर 229 की जमीन वन विभाग की है, जो खतियान में स्पष्ट दर्ज है. उसे नगर परिषद चक्रधरपुर ने वर्ष 2019 में विजय कुमार साह नामक व्यक्ति को वार्षिक किराए पर 30 सालों के लिए पट्टा पर दे दिया था. नगर परिषद ने 10,464 रुपए वार्षिक किराए पर पट्टा में दिया था.

## श्रमदान से ग्रामीण सड़क को चलने लायक बनाया

**किरीबुरू ।** 27 जून को गोइलकेरा प्रखंड अन्तर्गत कैदा पंचायत के कैदा गांव में मुंडा सिंगराय चेरोवा की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक हुई. इसमें कैदा के हमसदा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से पत्थरगाड़ी ग्रामीण सड़क तक सड़क निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया गया. इसके बाद सर्वसम्मति से उक्त सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से कराने का निर्णय लिया गया. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सुशील बारला ने कहा कि ग्राम सभा द्वारा ही गांव का सर्वांगीण विकास संभव है. इसलिए हमलोगों को ग्राम सभा को सशक्त बनाने की आवश्यकता है. बैठक के बाद ग्रामीणों ने 1.5 किलोमीटर उक्त सड़क को जगदीश सुरीन और सागेन सुरीन के नेतृत्व में श्रमदान कर चलने लायक बना डाला. बैठक में अर्जुन सुरीन, नागेश्वर सुरीन, मालती सुरीन, चन्दन सुरीन, जगदीश सुरीन, उगीराम सुरीन सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित थे.



# सावित्री कमारहातु आंगनबाड़ी केंद्र -ए की चुनी गई सेविका



सावित्री देवगम को नियुक्ति पत्र देती मुखिया व उपस्थित अन्य.

संवाददाता । चाईबासा

सदर प्रखंड के कमारहातु में ग्राम मुंडा बिरसा देवगम की उपस्थिति में आमसभा के समक्ष सदर प्रखंड के सीडीपीओ निलिसा कुमारी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र ए की सेविका का चयन किया गया. गुरुवार को चयन समिति के सदस्यों मुखिया जुलियाना देवगम, पंसस दीनबंधु देवगम, प्रधानाध्यापिका सुमित्रा पूर्ति, उप-स्वास्थ्य केन्द्र के एमपीडब्ल्यू मनोरंजन सिंह, रीना कुमारी एवं सुपरवाइजर विनिता कुमारी ने अभ्यर्थियों से बेहतर शैक्षिक योग्यता के आधार पर सावित्री देवगम को आंगनबाड़ी -ए की सेविका चुना. आंगनबाड़ी केंद्र -ए पोषक क्षेत्र की स्नातकोत्तर डिग्रीधारी एवं शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त सावित्री के चयन से ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि बच्चों को अच्छे पोषण के साथ-साथ अच्छी शिक्षा मिलेगी. सेविका चयन स्थल में कमारहातु के दोनों केन्द्र के पोषक क्षेत्र के अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था, लेकिन सीडीपीओ ने जानकारी दी कि चयन प्रक्रिया में आंगनबाड़ी-ए के पोषक क्षेत्र के ही अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा. इसके बाद आंगनबाड़ी-बी पोषक क्षेत्र अभ्यर्थियों ने आवेदन वापस ले लिया. नव चयनित सेविका सावित्री देवगम को मुखिया के हाथों नियुक्ति पत्र दिया गया.

**ये थे उपस्थित :** सेविका चयन हेतु आयोजित आमसभा में आंगनबाड़ी-बी सेविका अंजू रीना देवगम, मतकमहातु की सेविकाएं सुमित्रा देवगम, सुनीता देवगम, सोमय देवगम, नंदलाल देवगम, कृष्णा देवगम, कृष्णा पाड़ेया, जयमती देवगम, पोते देवगम, मधुसूदन देवगम, सोना सिंह देवगम, सुरजा देवगम, सालुका देवगम, सुमित्रा पाड़ेया, सोनामुनी देवगम, शिमलन देवगम, शकुंतला देवगम, खुशबू देवगम, तुलसी देवगम, तुराम देवगम, राजेश देवगम, प्रकाश देवगम, ललिता देवगम, डाकुवा साऊ देवगम आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री का संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ब्रामणकुंडी व खेडुआ पंचायत अंतर्गत ब्रामणकुंडी, जयपुरा गांव में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी द्वारा संकल्प यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की गई. वहीं संकल्प यात्रा में जनमानस की समस्याएं और आने वाले विधानसभा चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा हुई. साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई. इसे देखते हुए प्रखंड के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की विरासत पर गर्व, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने की शपथ दिलाई.

### वरिष्ठ रंगकर्मी तरुण के पिता डॉ गणेश का निधन

**चाईबासा ।** चाईबासा के वरिष्ठ रंगकर्मी, सिने निर्देशक सह चाईबासा इप्टा के संस्थापक तरुण मोहम्मद के पिता डॉ गणेश चंद्र महंता का गुरुवार को निधन हो गया. अहले सुबह लगभग 3.30 बजे हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया. वे लगभग 100 वर्ष पार कर चुके थे. दो वर्ष से वे बीमार चल रहे थे. डॉ महंता काफी मृदुभाषी थे. वे मिसनसार स्वभाव के थे. समाज के लिए उनका समर्पण कभी भुलाया नहीं जा सकता है. सृष्टि चाईबासा के तमाम सदस्य इस दुखद घटना से खुद को मर्माहत महसूस कर रहे हैं. सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. उनके परिजनों को दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया. गुरुवार की शाम 4 बजे चाईबासा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

# सारंडा के कई गांवों से हुई अनेक बकरियों की चोरी

- बकरियों को बोलेरो से लेकर फरार हो गए चोर
- नक्सली क्षेत्र होने की वजह से रात में नहीं होती गश्ती

संवाददाता । किरीबुरू

अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती गावों में बकरी चोरों का आतंक निरंतर जारी है. बुधवार की रात चोरों ने रोवाम, घाटकुड़ी आदि गांवों के बकरी पालकों के लगभग एक लाख रुपये से अधिक की 10-12 बकरी की चोरी कर फरार हो गये. सभी बकरियों को बोलेरो से ले गये. इससे बकरी पालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है.


ये किसान लगभग एक वर्ष तक जंगलों में बकरी चराकर तथा उसकी देखभाल कर बड़ा करते हैं. जब बेचकर हजारों रुपये प्राप्त करने का समय आता है, तब ये बकरी चोर चोरी कर फरार हो जाते हैं. इससे किसानों का सपना व योजना धरी की धरी रह जा रही है. रोवाम गांव के मुंडा बुधराम सिधु ने बताया कि बुधवार की रात हमारे गांव से बकरी चोरों ने लूचन गोप की दो, लखिन्द्र गोप की दो, जगन्नाथ गोप की एक बकरी, घाटकुड़ी के पापराहातु टोला निवासी बिरुवा चाम्पिया की दो बकरी के अलावे दोदारी निवासी मंगल कुम्हार की एक बकरी, किरीबुरु निवासी महिला की दो बकरी की चोरी कर ली गई है.

उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित गांव होने की वजह से इस क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्ती नहीं होती है. इसी का फायदा चोर उठाते हैं और रात के समय बोलेरो से मुख्य सड़क के किनारे बसे गांवों में मौजूद बकरियों की चोरी कर फरार हो जाते हैं. रोवाम में सीआरपीएफ कैम्प है. अगर यहां मुख्य सड़क पर कैम्प के सामने चेकनाका बनाकर रात में गुजरने वाली वाहनों की जांच की जाये तो चोरी की घटना पर अंकुश लग सकेगा.

ऐसा चेकनाका छोटानागरा में सीआरपीएफ कैम्प के सामने है. इस कारण रात में चोर इस मार्ग का इस्तेमाल नहीं करते हैं. अब ग्रामीणों ने ऐसे चोरों को संगठित होकर स्वयं सबक सिखाने की पूरी तैयारी करना प्रारम्भ कर दिया है.

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को 22 साल की सजा

**किरीबुरू ।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी बुधन सिंह सुंडी को न्यायालय ने पोक्सो एक्ट के तहत 22 वर्ष की कठोर कारावास व



15 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है. उल्लेखनीय है कि पश्चिम सिंहभूम जिला अन्तर्गत मुफ्फसिल थाना में काण्ड सं0-150/2022, दिनांक- 15 अक्टूबर 2022, धारा-376(3), 506 भादवि एवं 4/6 पोक्सो के तहत मामला अभियुक्त बुधन सिंह सुन्डी, पिता बिजय सिंह सुन्डी, ग्राम-नरसण्डा, थाना- मुफ्फसिल, चाईबासा के विरूद्ध नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज किया गया था. अभियुक्त ने 11 अक्टूबर 2022 को रात में पीड़िता के घर में घुसकर डरा-धमका कर दुष्कर्म किया. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा अभियुक्त बुधन सिंह सुन्डी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया. 27 जून को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम, चाईबासा के न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई.

# झामयू मजदूरों की बनेगा आवाज : ललित केरकेट्टा



कार्यालय का उद्घाटन करते ललित केरकेट्टा व अन्य।

संवाददाता । किरीबुरू

झारखंड मजदूर यूनियन, किरीबुरु शाखा का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के कोल्हान प्रभारी ललित केरकेट्टा ने फीता काटकर किया. हालांकि इस कार्यालय का उद्घाटन केन्द्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइयां द्वारा किया जाना था. लेकिन वे टाटा स्टील की विजय-टू खदान के मजदूरों से जुड़ी समस्या व प्रबंधन से वार्ता आदि कार्यक्रम में बराईबुरु में ही देर शाम तक व्यस्त रहे, जिससे वे यहां नहीं आ पाये.

ललित केरकेट्टा ने बताया कि यह शाखा सेल किरीबुरु के सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों की विभिन्न समस्याओं का समाधान एवं शोषण आदि के खिलाफ निरंतर लड़ाई लड़ने का कार्य करेगी.

इस कार्यालय में नियमित पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक होनी चाहिए, जिसमें मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा व समाधान हो. उन्होंने बताया कि झारखंड मजदूर यूनियन, किरीबुरु शाखा की नयी कमिटी का गठन किया गया है.

इसके अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव राजीव शर्मा, सचिव अहद अंसारी, कोषाध्यक्ष मो. जफर इकबाल, सहायक कोषाध्यक्ष कुश कुमार चौधरी के अलावे कार्यकारिणी समिति में धरनीधर नायक, प्रदीप कुमार गिरी, सोमनाथ मुंडा, राकेश प्रसाद महतो, फुलचंद केशरी, राजेश कुमार, राजगोपाल पांडेय, विश्वनाथ प्रसाद आदि को शामिल किया गया है.

## न्यूज अपडेट

### पशुधन योजना के तहत लाभुकों को बांटा बकरा-बकरी



**चक्रधरपुर ।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गुरुवार को चक्रधरपुर के पशुपालन विभाग कार्यालय प्रांगण में किसानों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया. इस मौके भाग एक की जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हांसदा, भाग तीन की जिला परिषद सदस्य मीना जोंको, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य विजय सिंह सामड, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी वसीम सिद्दीकी उपस्थित थे. मौके पर प्रखंड के विभिन्न गांव से पहुंचे 20 किसानों के बीच स्वरोजगार के लिए बकरा और बकरी बांटा गया. मौके पर सहायक अनिल कुमार यादव, शैलेंद्र, तरुण बर्मन आदि मौजूद थे.

### सुब्रत कप स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**चाईबासा ।** झींकपानी एसीसी मैदान में टोंटो प्रखंड के दो दिवसीय सुब्रत कप स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में टोंटो प्रखंड के अंडर -15 और अंडर -17 आयु के बालक -बालिकाओं की 13 टीमों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में अंडर -17 बालक वर्ग में उउवि. बाइहातु को पराजित कर प्रोजेक्ट हाई स्कूल, पालीसाई विजेता बना. वहीं बालिकाओं में केजीबीवी टोंटो ने उउवि. बांडीजारी को परास्त कर चैंपियन बना. अंडर -15 बालक वर्ग में उउवि बांडीजारी को पराजित कर उउवि. बामेबासा विजेता बना. इससे पूर्व प्रखंड प्रमुख अनीता बारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया.

### सोलर ऊर्जा से रोशन होगा मेघाहातुबुरु गेस्ट हाउस-टू



**किरीबुरू ।** सेल की मेघाहातुबुरु प्रबंधन बिजली की खपत को कम करने के लिए सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में काम करना शुरू कर दिया है. इसकी शुरुआत सेल की मेघाहातुबुरु के गेस्ट हाउस-टू से की गई है. इस गेस्ट हाउस को बैचलर हॉस्टल भी कहा जाता है. इस गेस्ट हाउस में दर्जनों कमरे हैं. सेल द्वारा संचालित एकलव्य आर्चरी अकादमी के युवा तीरंदाज भी यहीं रहते हैं. ऐसे में इस पूरे गेस्ट हाउस को सोलर ऊर्जा से रोशन करने की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है. मेघाहातुबुरु खदान के विद्युत विभाग के उप महाप्रबंधक जीके नायक ने कहा कि सोलर ऊर्जा 20 किलोवाट क्षमता का लगाया जा रहा है.

**भ्रष्टाचार**

### पांच साल तक एक ही कंपनी में काम नहीं करने दिया जाता मजदूरों को, ठेकेदार ही बदल दिए जाते हैं

# मजदूरों का हो रहा शोषण, कामगारों को नहीं मिलता ग्रेच्युटी का लाभ

- मजदूरों को ग्रेच्युटी का लाभ नौकरी छोड़ने या रिटायरमेंट के बाद मिलता है.

संवादाता । किरीबुरू



वेंडर के शोषण व अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते मजदूर.

टाटा स्टील की विजय-टू खान प्रबंधन अपने अधीन दशकों वर्षों से कार्यरत ठेका मजदूरों का शोषण खदान के विभिन्न वेंडरों के माध्यम से पूरी सिस्टम व रणनीति के तहत करवा रही है. इस सिस्टम की वजह से दर्जनों ठेका मजदूरों को ग्रेच्युटी का पैसा एवं पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पाता है. ग्रेच्युटी एक्ट के मुताबिक अगर कर्मचारी किसी एक संस्थान के अधीन रहकर लगभग वह लगातार 5 वर्ष तक काम करता है तो वह ग्रेच्युटी का लाभ ले सकता है. ग्रेच्युटी का लाभ नौकरी छोड़ने या फिर रिटायरमेंट के बाद मिलता है. लेकिन इस खदान में दशकों वर्षों से कार्यरत दर्जनों मजदूरों को ग्रेच्युटी का लाभ नहीं मिलने की मुख्य वजह यह है कि वह एक ही विभाग या स्थान पर दशकों से तो काम करते आ रहे हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने हर वर्ष अथवा एक-दो वर्ष के बाद वेंडर अथवा ठेकेदार को बदल देती है. ऐसे में लगभग पांच वर्षों तक एक ही ठेका कंपनी में काम नहीं करने के एवज में मजदूर ग्रेच्युटी का पैसा से वंचित हो जाता है.

### मजदूरों के लूटे गये पैसे वापस करें : बोबोंगा

पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि टाटा स्टील खदान के वेंडर श्रीसाईं इंटरप्राइजेज के खिलाफ मजदूरों ने जो आरोप लगाये हैं, वह काफी गंभीर है. पूरे मामले की जांच कंपनी प्रबंधन को निष्पक्ष कर दोषी वेंडर के खिलाफ कार्यवाही करने तथा मजदूरों से लूटे गये पैसे को पुनः वापस दिलाने की मांग की गई है. अन्यथा हम सभी आंदोलन के लिये बाध्य होंगे.

### मजदूरों को उठाना पड़ रहा है नुकसान

मजदूरों का दो ही पैसा बचता है, जिसमें ग्रेच्युटी व पीएफ का पैसा शामिल रहता है. हर माह मिलने वाला वेतन का पैसा तो खर्च हो जाता है. इससे मजदूरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. जानकार बताते हैं कि अगर किसी एक वेंडर या कंपनी के अधीन लगातार 5 वर्ष तक काम करते रहने से हर वर्ष 4.8 फीसदी अर्थात 15 हाजिरी के हिसाब से कुल 75 हाजिरी का पैसा मजदूरों को ग्रेच्युटी के रूप में अलग से मिलता है, जो नहीं मिल पाता है. जितना अधिक वर्ष मजदूर काम करेंगे उतना अधिक लाभ ग्रेच्युटी के रुप में मिलेगा, क्योंकि ग्रेच्युटी का पैसा का हिसाब आखिरी वेतन से होता है.

**चालक से प्रतिमाह वापस लेते हैं 5 हजार रुपये**

उन्होंने कहा कि उक्त खदान में काम करने वाले वाहन चालकों को कुशल श्रेणी का पैसा लगभग 778 रुपये प्रतिदिन मिलता है. लेकिन वेंडर द्वारा अपने चालकों के खाते में वेतन का पैसा तो डाला जाता है, लेकिन डालने के बाद चालक से लगभग 5 हजार रुपये विभिन्न तरह से हर माह वापस लेकर उनका शोषण किया जाता है. चालक अगर यह पैसा नहीं देता है तो उन्हें ठेकेदार काम से हटा देता है. खाने के एवज में मिलने वाला 50 रुपये की जगह मात्र 35 रुपये मजदूरों को दिया जा रहा है. ऐसा कर एक वेंडर प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये से अधिक सिर्फ मजदूरों का शोषण कर कमा रहा है. इस वेंडर का सहयोग कंपनी के कुछ अधिकारी खुलेआम कर रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**हजारीबाग।** हजारीबाग मुफ्फसिल थाना अंतर्गत सरौनी कला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान सरौनी कला निवासी सूरज प्रसाद (पिता बैजनाथ प्रसाद) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है युवक के घर में परिवारिक विवाद हुआ था. गुरुवार को लगभग एक बजे उसने अपने घर के कमरे बंद कर फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली. कुछ समय बाद परिजनों ने खिड़की से देखा कि युवक पंखे से लटका हुआ है. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी. वहीं सूचना मिलते ही फौरन थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर लिया. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. परिजनों ने बताया कि युवक डिप्रेशन में चल रहा था.

### युवती ने फांसी लगा कर ली खुदकुशी

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी आजाद नगर में 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. मृतका की पहचान आजाद नगर निवासी मो सद्दाम की पुत्री अलीजा प्रवीण के रूप में हुई है. घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है. युवती ने अपने घर के पंखे में फंदे से लट कर जान दे दी. घटना की जानकारी के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. परिजनों के आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी.

### पुलिस पर लगा आरोपी को छोड़ने का आरोप

**हजारीबाग।** इचाक के बोधिबागी में एक युवक-युवती हत्याकांड में आरोपी को छोड़ने का पुलिस पर आरोप लगा है. ग्रामीणों ने गुरुवार को बैठक कर आरोप लगाया है कि पुलिस ने हत्यारोपी चालक विकास सोनी को छोड़ दिया, जबकि उसके शरीर में खरोंच के निशान हैं. उक्त खरोंच पूजा और राहुल की हत्या के दौरान आरोपी के शरीर पर लगा है. पुलिस ने सीसीटीवी की भी जांच नहीं की, जबकि सीसीटीवी में विकास सोनी का चेहरा साफ तौर पर दिख रहा है. ग्रामीणों ने सात दिनों के अंदर एसआईटी जांच नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है.

---

बीएसएफ टेकनपुर अकादमी के एडीजी ने किया बीएसएफ मेरु कैंप का निरीक्षण

# प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे से अवगत हुए बीएएफ एडीजी

**संवाददाता। हजारीबाग/मेरू**

ग्वालियर के टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी के अपर महानिदेशक/निदेशक टी नामग्याल अपने तीन दिवसीय दौरे पर 26 जून को बीएसएफ के मेरू परिसर स्थित शान-ए-मगध पहुंचे. वहां, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के महानिरीक्षक केएस बन्याल ने उनका स्वागत किया. इस मौके पर राजेश कुमार उप महानिरीक्षक (एसटीएस) राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक (प्रशासनिक) राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) डीके प्रमाणिक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. सर्वप्रथम अपर महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.



बैठक करते सीमा सुरक्षा बल.

इसके बाद उन्होंने पर्यावरण पार्क में शोभा डैम, वृंदावन झील से जल संग्रह का जायजा लिया. साथ ही वन्य प्राणियों की मनमोहक क्रिया व प्रकृति द्वारा प्रद्धत नैसर्गिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया. तत्पश्चात, विशिष्ट प्रशिक्षण विद्यालय के पीटी समूह के अनुदेशकों द्वारा फिजिकल ट्रेनिंग व कमांडो समूह के अनुदेशकों द्वारा आर्टीफिशियल वॉल पर बिल्डिंग स्केलिंग तकनीक का प्रदर्शन दिखाया गया. प्रशिक्षण केंद्र के आईजी केएस बन्याल ने अपर महानिदेशक का संस्थान में पदस्थापित अधिकारियों से परिचय करवाया व मेरु कैंप व सहायक प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग में चलने वाले प्रशिक्षण व बुनियादी ढांचे के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

**प्रशिक्षण से संबंधित आधारभूत सरंचना की समीक्षा की :** इस दौरान आईपीएस टी नामग्याल ने प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय व सहायक प्रशिक्षण केंद्र में वर्तमान समय में प्रशिक्षण, प्रशासनिक गतिविधियों तथा संस्थान में प्रशिक्षण से संबंधित आधारभूत सरंचना की समीक्षा की. अपर महानिदेशक ने परिसर स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिसर में पौधरोपण भी किया. इसके बाद सहायक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण क्षेत्र, एफई, बीएसएस, एमआर एरिया, रानी झांसी परेड ग्राउंड, डेल्टा गुल्म के लिविंग एरिया का दौरा कर प्रशिक्षण से जुड़े संसाधनों का जायजा लिया.

#### खास बातें

- तीन दिवसीय दौरे पर आए हुए हैं बीएसएफ एडीजी नामग्याल
- अनुदेशकों ने बिल्डिंग स्केलिंग तकनीक का प्रदर्शन दिखाया

#### प्रशिक्षु अधिकारियों से की बात

निरीक्षण के दौरान अपर महानिदेशक को सहायक प्रशिक्षण केंद्र के नव आरक्षकों द्वारा सर्किट ट्रेनिंग, वैपन हैंडलिंग व मार्शल आर्ट (कलरयिपट्टू) का प्रदर्शन दिखाया गया. उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारी मैस का दौरा कर प्रशिक्षु अधिकारियों से प्रशिक्षण के संबंध में बात भी की. तत्पश्चात, सीई समूह के अनुदेशकों द्वारा बॉर्डरमैन के लिए आईईडी घटना प्रबंधन कौशल और पार्सल और पत्र बम का प्रदर्शन देखा. साथ ही पुटकोस, जंगल शुटिंग रेंज, आईईडी संग्रहालय व हथियार संग्रहालय का दौरा कर प्रशिक्षण से जुड़े सभी संसाधनों का जायजा लिया.

#### प्रशिक्षण संस्थान है मेरु कैंप

बीएसएफ मेरु कैंप एक अंतरराष्ट्रीय स्तर एवं महत्व वाला प्रीमियर प्रशिक्षण संस्थान है. यहां काउंटर इंसरजेंसी/काउंटर टेरेरिजम, फील्ड इंजीनियरिंग, एक्सप्लॉसिव के क्षेत्र में न केवल सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को, बल्कि अन्य केंद्रीय बलों एवं राज्य पुलिस के कार्मिकों को भी प्रशिक्षण प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त विदेशी पुलिस अधिकारियों को भी विशेष प्रशिक्षण देता है. मेरु कैंप स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र भी देश भर में एक अलग पहचान रखता है. यहां जवानों को बेसिक ट्रेनिंग देने के साथ-साथ कमांडों प्रशिक्षण भी दिया जाता है.

---

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक संपन्न, दिये गये कई निर्देश

# एक दिसंबर तक गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने का लक्ष्य

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक समाहरणालय सभागार में गुरुवार को संपन्न हुई. मौके पर निदेशालय से आये राज्य परामर्शी आजाद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ-प्लस गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है. उन्होंने कहा कि, हजारीबाग जिले में ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को 5 स्टार रेटिंग तक देकर गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त घोषित करने का एक दिसंबर 2024 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत जिले में पेयजल एवं स्वच्छता यथा खुले में शौचमुक्त, ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जलीय महामारी प्रबंधन, गोबरधन, महामारी स्वच्छता प्रबंधन सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा



स्वच्छ भारत मिशन की बैठक करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी.

करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई. इस अवसर पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ग्राम स्तर पर निर्मित संरचनाओं को सुदृढ़ करते हुए ओडीएफ प्लस के कार्यों में 15वें वित्त की राशियों को व्यय कर संदर्भित योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया. साथ ही निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर के संचालन एवं निरंतर उपयोगिता बनी रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा गया. साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के बाद गांव स्तर पर उपलब्ध उक्त सुविधाओं के आधार पर 1, 3 व 5 स्टार देकर ग्राम स्तर पर ओडीएफ प्लस घोषित करने का निर्देश दिया गया. इस क्रम में गांव स्तर पर छूटे हुए लाभुकों को चिन्हित करते हुए शौचालय निर्माण करने सहित यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि गांव में ठोस कचरा, एवं तरल कचरा नहीं दिखे व इस प्रबंधन सुव्यवस्थित ढंग से हो.

#### ओडीएफ प्लस के तहत इस आधार पर होगी गांव की रेटिंग्स

- **सिंगल स्टार :** गांव के सभी घरों में क्रियाशील शौचालय की सुविधा हो, गांव के सभी स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत घर में कार्यात्मक शौचालय की सुविधा, जिसमें पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय सहित ठोस या फिर तरल कचरा प्रबंधन युक्त होने पर.
- **थ्री स्टार :** गांव के सभी घरों में क्रियाशील शौचालय की सुविधा हो, गांव के सभी स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत घर में कार्यात्मक शौचालय की सुविधा, जिसमें पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय सहित ठोस एवं तरल दोनों का कचरा प्रबंधन युक्त होने पर.
- **फाइव स्टार :** गांव के सभी घरों में क्रियाशील शौचालय की सुविधा हो, गांव के सभी स्कूल/आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत घर में कार्यात्मक शौचालय की सुविधा हो जिसमें पुरूष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, गांव के सभी सार्वजनिक स्थानों पर कम से कम कूड़ा-कचरा, कम से कम अपशिष्ट जल का जमाव और सार्वजनिक स्थानों पर कोई प्लास्टिक डंप न हो, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन सहित गांव में दीवार पेंटिंग/बिलबोर्ड आदि के माध्यम से ओडीएफ प्लास प्रचार समाग्री व संदेशों को प्रमुखता से प्रदर्शित करना.

---

30 साल पहले टेलीकॉम घोटाला को लेकर पहली बार हजारीबाग पहुंची थी सीबीआई की टीम

# सीबीआई की दस्तक से शहर में चर्चा

- अलकतरा घोटाला में भी सीबीआई पहुंची थी हजारीबाग
- नीट पेपर लीक मामले में दो दिनों से टिकी है सीबीआई

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

सीबीआई की दस्तक से हजारीबाग जिला एक बार फिर सुर्खियों में है. नीट (यूजी) पेपर लीक मामले की जांच के सिससिले में यहां दो दिनों से लगातार सीबीआई की टीम जांच कर रही है. इसको लेकर शहर में खूब चर्चा हो रही है. बताया जा रहा है कि 30 साल पहले पहले टेलीकॉम घोटाला को लेकर पहली बार सीबीआई की टीम हजारीबाग आई थी.

उस वक्त हजारीबाग में पहली बार कंप्यूटर खरीदा गया था. इसे ज्यादा कीमत पर खरीदा गया था, जिसकी जांच के लिए सीबीआई की टीम आई थी. इस क्रम में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल



मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परिसर में खड़ी सीबीआई की गाड़ियां.

भी भेजा गया था. वहीं दूसरी बार झारखंड अलग होने से पहले अलकतरा घोटाला की जांच के लिए भी सीबीआई की टीम आई थी. अब 2024 में फिर से एक बार सीबीआई ने हजारीबाग शहर में दस्तक दी है. नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में सीबीआई कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल में दो दिनों से जांच कर रही है.

इधर, शहर वासियों का कहना है कि हजारीबाग अब कोई छोटा-मोटा शहर नहीं रहा. यहां अलकतरा घोटाला, टेलीकॉम घोटाले से लेकर अब पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं. पूर्व में भी हजारीबाग का नाम आइएसआइएस मॉड्यूल से जुड़े यहां के ही एक युवक शाहनवाज उर्फ शफी उज्जमा की गिरफ्तारी के बाद के बाद चर्चा में आया था. एनआईए ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया था. इसकी योजना देश में आतंक फैलाने की थी.

### 13 जुलाई को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**हजारीबाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा. उक्त जानकारी डालसा सचिव गौरव खुराना ने प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि 24 से 28 जून तक न्याय सदन में स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है. अब तक कुटुंब न्यायालय से संबंधित 20 वादों का निष्पादन किया गया है. साथ ही कई मामलों में सराहनीय पहल चल रही है. 29 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा.

---

अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष का रामगढ़ दौरा

# अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्षद्वय सह दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री शमशेर आलम व ज्योति सिंह माथारू गुरुवार को जिले के दौरे पर पहुंचे. इन्होंने परिसदन सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समूह के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की. बैठक के बाद जनसुनवाई में आई लोगों की समस्याओं को चुना और उनके समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके बाद परिसदन में प्रेस वार्ता कर जिले में चल रही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई.

---

डेढ़ करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास, विधायक बोलीं-

# सड़क बनने से पर्यटकों की संख्या बढ़ेंगी

**संवाददाता। केरेडारी**

विधायक अंबा प्रसाद ने गुरुवार को डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली योजनाओं का शिलान्यास किया. विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के पहरा में घाघरा डैम जाने वाली सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर शुरुआत की. पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया और हेवई में कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य की भी विधिवत शिलान्यास किया गया. सड़क निर्माण में लगभग एक करोड़ 40 लाख, कब्रिस्तान चहारदीवारी में लगभग 25 लाख की लागत आएगी. मौके पर विधायक ने कहा कि घाघरा डैम तक सड़क निर्माण होने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा. उक्त सड़क निर्माण के लिए डीएमएफटी मद से प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने का कार्य किया गया है. वही कल्याण विभाग से विधायक की अनुशंसा पर चहारदीवारी निर्माण कार्य होना है.



शिलान्यास करतीं विधायक अंबा प्रसाद

मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, मुखिया भारती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे, धीरेंद्र साव, पवन साव, गणेश साव, उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, मोहम्मद जिलानी, मजहर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मेहंदी हसन, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी,अनिल साहू, महेंद्र यादव, जगदेव कुमार, लखोत्सव, मोहन कुमार, कौशल्या देवी, समाजसेवी राजेंद्र साहू तिलेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद रहे.

---

# नशा परिवार व समाज को बर्बाद कर देता है बासुदेव

**संवाददाता। चौपारण**

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार बुधवार को नशामुक्ति अभियान हजारीबाग जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव गौरव खुराना के नेतृत्व में आयोजित किया गया. नशामुक्त विधिक जागरूकता अभियान पैनल लॉयर बासुदेव राणा, चौपारण पीएलवी हरेंद्र राणा, बरही पीएलवी पंकज कुमार द्वारा कई गांवों में चला कर नशा करने से नुकसान के बारे में विस्तार से बताया. पैनल लॉयर राणा ने कहा कि घर-परिवार एवं समाज मे अगर नशा करने वाले लोग होते हैं तो वैसे परिवार-समाज मे कई प्रकार की समस्या, कलह, द्वेष, लड़ाई झगड़े, मतभेद आते रहता है, जिससे परिवार हो या समाज का विकास में ग्रहण लगने की संभावना बढ़ जाती है. उन्होंने नशा त्यागने के साथ घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण, डायन-भूत अधिनियम, पॉक्सो कानून, बाल श्रम, बाल विवाह, शिक्षा अधिकार अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट और मानव तस्करी जैसे कानून के बारे में लोगों को बताया. साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया.



नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देते सदस्य .

---

जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# डीसी ने किक मारकर की शुरुआत

- कर्जन ग्राउंड में पहला मैच कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच हुआ

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ गुरुवार को हुआ. कर्जन ग्राउंड स्टेडियम हजारीबाग में इसका शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग प्रवीण रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा व जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल का विधिवत शुरुआत की. मंच का संचालन संजय तिवारी



खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन करते उपायुक्त नैंसी सहाय.

ने किया. इस प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडो से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष तथा बालक/ बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे. कर्जन ग्राउंड में खेल का शुभारंभ कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच हुआ, जिसमें विष्णुगढ़ 0-1 गोल से विजयी रहा. फिर टाटीझरिया व दारू में दारू 0-4 से, बरही व इचाक में इचाक 0 -1 से , पदमा और चौपारन का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें चौपारण 3 -5 से विजयी रहा. न्यू स्टेडियम हजारीबाग में बड़कागांव एवं केरेडारी में केरेडारी पेनाल्टी शूट आउट द्वारा 2-3 से ,कटकमडाग एवं चुरचू में चुरचू 0-3 से विजयी रहा. बरकट्ठा टीम की अनुपस्थिति के कारण डाड़ी को बाई देकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया.

---

**आयोजन**

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी मेला का आयोजन, बोले बीडीओ

# आम बागवानी योजना का लाभ लें सभी ग्रामीण

**संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ प्रखंड की कुंदरुकला पंचायत में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया. इसमें क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, किसान और ग्रामीण शामिल हुए. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रामगढ़ की प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी और स्थानीय मुखिया किशुनराम मुंडा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. जबकि इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को आम बागवानी के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे अधिक से अधिक आम बागवानी कर अपनी जीविका का साधन अपना सकें. मेला में किसानों ने अपनी बागवानी के उपज का स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी लगायी, जहां पर लोगों ने आम खरीदा. वहीं महिला किसानों ने अपने आम बागबानी से जुड़े अनुभवों को भी बताया.



आम उत्सव सह बागवानी मेले के उद्घाटन के बाद बीडीओ पूजा कुमारी,मुखिया किशुनराम मुंडा व अन्य.

मौके पर रामगढ़ बीडीओ ने कहा कि आम बागवानी योजना का लाभ लेकर ग्रामीण स्वावलंबी बन रहे हैं. इसलिए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इस योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बन सकते हैं. मौके पर बारलोग मुखिया रेखा देवी, जेई समित कुमार, पंचायत सेवक महेश प्रजापती, रोजगार विजय महतो, दिलीप मुंडा, जेएसएलपीएस के एफटीसी विनय कुमार, सीसी सिकन्दर कुमार महतो, अशोक रजक, पंसस निशा देनी, प्रियेका देवी वार्ड सदस्य मेनका कुमारी, उपमुखिया मोहराय महतो, महिला समूह की सबीता कुमारी, सरिता कुमारी, रुपांजलि देवी, अनीता देवी, मंजू देवी, निशा, देवंती, अरुणा, राजरंजन, रंजीत कुमार, सुजन महतो, सोनू कुमार, अनिल कुमार सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे.

---

चौक-चौराहे पर खुलेआम संचालित हो रही हैं शराब की दुकानें

# ... ऐसे में कैसे सफल होगा नशा मुक्ति अभियान?

**संवाददाता। चौपारण**

नशा मुक्ति को लेकर 19 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान प्रखंड में भी नशा मुक्ति के खिलाफ कुछ स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया. लेकिन, नशा मुक्ति अभियान कैसे सफल होगा, जब प्रखंड क्षेत्र में एक नहीं, बल्कि पांच से छह सरकारी शराब की दुकान संचालित हैं. इनमें अधिकांश दुकान सरकारी व निजी स्कूल से 500 से भी कम दूरी पर संचालित हैं.

चौपारण चतरा मोड़ स्थित शराब दुकान की बात करें या फिर बसरिया, पाण्डेयबारा या फिर रामपुर की. प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे स्कूल जाने और घर लौटने के



शराब दुकान से हाथ में खुलेआम शराब की बोतल ले जाते युवक.

दौरान इन शराब दुकानों से होते हुए गुजरते हैं. इससे उक्त सड़क होकर आने-जाने वाले बच्चों की मानसिकता पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इस पर भी सरकार को विचार करने की जरूरत है. हाल के दिनों चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के आने बाद चार दर्जन से अधिक नशा कारोबारी जेल भेजे जा चुके हैं. लेकिन सरकारी सरकार जब स्वयं चौक-चौराहे पर शराब दुकानें खोल कर शराब बेचवा रही है, तो नशा मुक्ति अभियान कितना सफल होगा.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** खर्च भाव में चंद्रमा राहु का योग है. गलत कार्य और हॉस्पिटल में खर्च होगा. विदेश यात्रा का प्लान बन सकता है. किसी खास चीज से अच्छे लाभ का योग है. सहकर्मियों से मनमुटाव हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृषभ** गलत आय से बचें, क्योंकि आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. दोपहर के बाद समय बहुत ही अनुकूल है. अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी दोस्त से धोखा मिल सकता है. आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. गौ माता का सेवा करें.

**मिथुन** समय अनुकूल है. आय भाव में चन्द्र है. सात्विक आय ज्यादा लाभकारी होगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें.

**कर्क** धर्म में मन लगेगा. कोई बड़ा लाभ होगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का भी संकेत सितारे दे रहें हैं. किसी विवाद में न पडें. धन आगमन से मन खुश होगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** धर्म से भाग्य उदय होगा. कर्म के लिए दिन अच्छा है. मनोरंजक होगी. ससुराल से अच्छा लाभ का मौका दिख रहा है. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें.

**कन्या** थोड़ा मानसिक तनाव होगा, पर भाग्य का साथ मिलेगा. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. यात्रा का योग है.

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. कोई नया कार्य कर सकते हैं. शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं. कोई बड़ा बदलाव होगा.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. मानसिक उलझन वाला दिन होगा. एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. शिवलिंग पर दूध का अर्पण करें.

**धनु** कार्य मे बिलंब होने से मन खिन्न होगा. संतान के कार्य पर नज़र रखें. धर्म से सही मार्ग मिलेगा. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. काली वस्तु का दान करें.

**मकर** आपके प्रभाव से अच्छे लाभ का योग है, पर किसी से विवाद नहीं करें. माता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. दुर्गा माता का ध्यान करें. जूता और अन्न का दान करें.

**कुंभ** भाई के सहयोग से बिगड़ा कार्य बनेगा. शिक्षा में बदलाव होगा. नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें. स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें.

**मीन** समय सामान्य है. पर किसी से विवाद होगा. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

## आरएनएल स्टार किया गया लॉन्च ग्राहकों को देगा बेहतर रिटर्न



**रांची।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में अपने भागीदार पॉलिसीधारकों के लिए कुल 346 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है. जो 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं. कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान और निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है. कंपनी के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा, हमारा फोकस लगातार मजबूत प्रदर्शन, बेहतर निवेश प्रबंधन है. कंपनी ने हाल ही में एक नया सहभागी प्रोडक्ट, आरएनएल स्टार लॉन्च किया है, जो जीवन के विभिन्न चरणों जैसे आय के दूसरे स्रोत, बच्चे की शिक्षा, सेवानिवृत्ति या लेगेसी का निर्माण करने आदि की समस्याओं का समाधान कर सकता है.

## अय्याशी के लिए किराये पर कमरा नहीं देने पर दो पक्षों में मारपीट

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मसिहानी गांव में दो पक्षों के बीच हुये मारपीट में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं . छतरपुर अनुमंडल अस्पताल में घायलों का इलाज हुआ और गंभीर रूप से घायल तीन युवकों को एमएमसीएच भेज दिया गया है जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. इस घटना के बारे में छतरपुर थानाक्षेत्र के मसिहानी गांव के परमेश्वर उरांव के पुत्र उपेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 5:30 बजे गांव के ही बिट्टू सिंह उसके घर पर आकर रूम किराए पर मांगने लगा . वह रूम लेकर उसमें लड़कियों को रखकर ऐय्याशी करना चाहता था . उपेंद्र उरांव ने जब कमरा देने से जब इन्कार किया तो बिट्टू सिंह और उसके साथ आए युवकों ने उपेंद्र उरांव उम्र 22 वर्ष, मनीष उरांव उम्र 25 वर्ष और प्रकाश कुमार चंद्रवंशी को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. छतरपुर थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है. हांलाकि इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है . पुलिस का कहना है कि किसी भी पीड़ित पक्ष की ओर से उन्हें कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है .

### खनन विभाग की कार्रवाई से अवैध खनन, भंडारण और परिवहन करने वालों में हड़कंप, 16 केस दर्ज

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई : तीन माह में 21 वाहन जब्त

आशिष टैगोर। लातेहार



**खास बातें**

- अप्रैल से अब तक 16 प्राथमिकियां दर्ज की गईं और 21 वाहन जब्त
- 152 .35 लाख (1.52 करोड) जुर्माना भी वसूला गया

जिले में अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन रोकने के लिए जिला प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है. डीसी गरिमा सिंह के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) आनंद कुमार लगातार छापामारी अभियान चला रहे हैं. प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए डीएमओ आंनद कुमार ने बताया कि अप्रैल माह से 24 जून तक जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के मामलों में 21 वाहनों को जब्त कर 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी है. उन्होंने बताया कि बतौर जुर्माना 152.35 लाख (1 करोड 52 लाख पैंतीस हजार) की राशि वसूली की गयी. बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उपायुक्त के निर्देश पर लगातार छापेमारी की जा रही है.

**नहीं बख्शे जायेंगे अवैध कारोबारी : डीएमओ**

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्शा नहीं जायेगा. उन्होंने कहा कि अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी. साथ ही उनको जेल भेजा जायेगा.

**20 जून को एक लाख 50 हजार सीएफटी किया था जब्त**

डीएमओ ने बताया कि 20 जून को ही छापेमारी कर बालूमाथ थाना क्षेत्र के एक कंस्ट्रक्शन साइट में अवैध रूप से भंडार कर रखे गये एक लाख 50 हजार सीएफटी बालू जब्त किया था. जांच में पाया गया कि यह बालू रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का है. कंपनी के पास बालू भंडार करने का लाइसेंस भी नहीं था और ना ही कंपनी ने भंडारण के लिए कोई आवेदन दिया था. बाद में कंपनी ने, जो कागजात उपलब्ध कराये, उसमें और बालू भंडारण में भिन्नता पायी गयी. इसे लेकर डीएमओ ने अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी.

## पाडुपुड़िंग जलप्रपात में डूबने से दो छात्रों की मौत, एक शव बरामद

**खूंटी ।** जिले के प्रसिद्ध पांडुपुड़िंग जलप्रपात में डूबने से दो छात्रों सन्नी गुप्ता और आदि कुमार की मौत हो गई. सन्नी कुमार हजारीबाग निवासी सुभाष कुमार साहू का पुत्र था, जबकि आदि कुमार रांची के हरमू चौक का रहनेवाला था. सन्नी का शव बरामद कर लिया गया, जबकि आदि का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है. जानकारी के अनुसार आदि और सन्नी अपने अन्य दस दोस्तों के साथ गुरुवार को अपने मित्र अंकित कुमार का जन्मदिन मनाने तपकारा थाना क्षेत्र के पांडुपुड़िंग जलप्रपात गये थे. लड़के नहाने के लिए जलप्रपात में घुस गये. पानी के तेज बहाव के कारण सन्नी डूबने लगा. उसे बचाने के क्रम में आदि भी डूब गया.

### सीएम ने गौतम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की रखी आधारशिला, कहा-

# स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता

प्रमुख संवाददाता। रांची





रांची में अस्पताल की आधारशिला रखते सीएम चंपाई सोरेन.

**खास बातें**

- निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का खुलना एक महत्वपूर्ण कदम
- स्वास्थ्य में निवेश करने वालों को सरकार करेगी पूरा सहयोग
- ग्रामीण व सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बना रहे हैं बेहतर

राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. इस दिशा में स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरंतर जारी है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जताई. उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी. शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे.

**ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने पर जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है. इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं. ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है. मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा.

**निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा. वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गंभीरता से विचार करेगी. निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए कई कदम उठाए जा रहा हैं.

**इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़े**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं. वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनके आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है. सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें. इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है.

**गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है. इस दिशा में स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत कर रहे हैं. सरकार इसके लिए तो कार्य कर ही रही है, लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को भी इसके लिए आगे आना होगा. वे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए अन्यत्र इधर-उधर जाना नहीं पड़े. सभी के सहयोग से हम राज्य वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सफल होंगे.

## बैठक में नहीं आने वाले अफसरों व कर्मचारियों पर कार्रवाई हो

संवाददाता। लातेहार



प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों ने उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा है.आवेदन मे उन्होंने पंचायत समिति मासिक बैठकों में नहीं पहुंचने वाले विभागों के पदाधिकारी व कर्मी पर कार्रवाई करने की मांग की है. प्रखंड प्रमुख ने कहा है कि बैठकों में पदाधिकारी व कर्मी नहीं शामिल नहीं होने पर पंचायत में हो रही समस्या का निराकरण समय पर नहीं हो पा रही है. पदाधिकारी व संबंधित विभाग के कर्मियों के लापरवाही के कारण पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी तक नहीं मिल पा रही है. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर रहे हैं. आवेदन देने वाले में सरिता देवी, पुनीत भुईयां, सीता कुमारी, शांति देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, रीना देवी,समेत प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य का नाम शामिल है.

## पेड़-पौधे हैं तो जीवन है, इनकी रक्षा करें : बाबूलाल मरांडी



प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरुवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नवागढ़ पंचायत में एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधरोपण सह बूथ कार्यकर्ता सम्मान में शामिल हुए. मरांडी ने कहा प्रकृति हमारी मां है, जो समस्त पृथ्वीवासियों की रक्षा करती है. प्रकृति की शोभा पेड़ पौधे और वृक्ष ही हैं. वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करें तभी प्रकृति हमारे जीवन की रक्षा करेगी. भाजपा अपने स्थापना काल से केवल राजनीतिक नही बल्कि रचनात्मक कार्यक्रम के साथ भी जनता की बीच जाती है. भाजपा प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है. मां के नाम पेड़ लगाकर हमें उसकी देखभाल की जिम्मेवारी लेनी है,उसे बचाना भी है. उन्होंने जनता और कार्यकर्ताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया.

## लातेहार जिले में शिविर लगाकर करें मुआवजा के लंबित भुगतान: उपायुक्त



संवाददाता। लातेहार

उपायुक्त गरिमा सिंह ने रेलवे व पथ निर्माण समेंत अन्य परियोजनाओं में जमीन अधिग्रहण के लंबित मुआवजा का भुगातन शिविर लगा कर करने का निर्देश दिया है. गुरुवार को भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिया. बैठक में रेलवे, पथ निर्माण, पीवीयूएनएल, डीवीसी, एनएच, एनएचएआई व टीवीएनल की परियोजनों की समीक्षा की गयी.उपायुक्त ने वंशावली व एलसी आदि सत्यापन का कार्य अंचल अधिकारी स्तर से समय पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. 80 प्रतिशत से अधिक मुआवजा राशि वितरण होने वाले परियोजनाओं का अधियाची विभाग को दखल-देहानी देने का निर्देश दिया गया. एनएचएआइ के पैकेज टू उदयपुरा से भोगू तक भू अर्जन से संबंधित मुआवजा का भुगतान के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया डीसी ने दिया. एनएचएआई के पैकेज-वन कुडू से उदयपुरा के भू–अर्जन से संबंधित सभी ग्रामों के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु नोटिस निर्गत कर अंचल स्तर पर शिविर लगाने का निर्देश दिया गया. एनटीपीसी के रेलवे लाइन निर्माण से संबंधित भू–अर्जन का कार्य व अन्य सड़क परियोजनाओं का मुआवजा का भुगतान करने का निर्देश भी दिया गया.

## टीका लगाने पर शिक्षिका की आपत्ति पर अभिभावक नाराज

संवाददाता। सतबरवा/पलामू

**खास बातें**

- अभिभावक, उप प्रमुख, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष पहुंचे स्कूल
- प्रिंसिपल ने शिक्षिका को एक अंतिम मौका देने को कहा

मेला टांड़ बाजार स्थित मध्य विद्यालय की शिक्षिका रानी पूनम द्वारा टीका लगाकर स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अभिभावक आक्रोशित हैं. इसे लेकर गुरुवार को बच्चों संग कई अभिभावक व उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका विद्या कुमारी से आपत्ति जताते हुए आक्रोश व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका विद्या कुमारी ने सुधार का एक मौका देने की बात पर मामला रफा-दफा हुआ. शिक्षिका रानी पूनम ने धर्म विशेष पर टिप्पणी करते हुए बच्चों से स्कूल में टीका लगाकर नहीं आने को कहा था. प्रिंसिपल ने आरोपित शिक्षिका व अन्य शिक्षक को कार्यालय में बुलाया और आरोपी शिक्षिका से इस संबंध में बात की. आरोपी शिक्षिका रानी पूनम ने कहा कि हमने जो पढ़ा है, उसी को मैं पढ़ाती हूं. माथे पर टीका लगाकर आने से बच्चों में संतुलन नहीं बन पाता है, इसलिए मैं कहती हूं एक ड्रेस में एक जैसा बच्चे रहेंगे. मैं अपने धर्म को मानती हूं, मैं अंबेडकर द्वारा लिखी गई किताब को ही मानती हूं. अगर मेरी गलती है तो मैंने जितना भी पढ़ाया सब गलत है. इस विषय पर प्रिंसिपल विद्या कुमारी ने लोगों से शिक्षिका को सुधार का एक मौका देने की बात कही. मौके पर शिक्षक सुमित कुमार, कसियाडीह के मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव आदि उपस्थित थे.

## मजदूर अपना पंजीकरण जरूर करायें : श्रम अधीक्षक

**खूंटी ।** श्रम अधीक्षक कार्यालय में सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अलताफा खान और संस्था के सचिव राजेन कुमार ने संयुक्त रूप से किया. श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह ने कहा कि संगठित एव असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण श्रम विभाग में होता है. तनुश्री सरकार ने कहा कि असुरक्षित पलायन का सबसे ज्यादा दर्द महिलाओं एव बच्चों भुगतना पड़ता है. असुरक्षित पलायन रोकने के लिए नशापान को रोकना जरूरी है.

पेज एक का शेष

### भागवत संदेश पर...

प्रधानमंत्री को तू-तड़ाक करना विनयशीलता का अद्भुत प्रमाण है.

बहरहाल संघ भाजपा के रिश्तों को समझने के लिए जनता पार्टी की सरकार के पतन पर गौर कीजिए. तब समाजवादियों ने दोहरी सदस्यता का सवाल उठाया था. कहा गया था कि सरकार में शामिल जनसंघ धड़े के नेता संघ से नाता तोड़ें. संघ से जुड़े लोग जनता पार्टी के सदस्य नहीं रह सकते. तब विरोधियों की नजर में उदारवादी कहे जानेवाले और रग-रग हिंदू मेरा परिचय के उद्गाता अटल बिहारी वाजपेयी (तब के विदेश मंत्री) ने साफ-साफ कह दिया था कि हमें सरकार नहीं संघ चाहिए. बावजूद इसके बार-बार कहा जाता है कि संघ भाजपा से नाराज है. भाजपा संघ का कहा नहीं मानती है. ऐसा कहनेवाले यह जानते ही नहीं हैं कि संघ भाजपा के दैनंदिन कार्यों में दखल नहीं देता है. उसे जो कुछ कहना होता है संगठन मंत्री के माध्यम से कह देता है या फिर प्रधानमंत्री को बुला लेता है. संघ का कार्य राष्ट्र निर्माण, समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण है. उसके चिंतन का आधार ही है राष्ट्र को परमवैभवशाली बनाना और नरेंद्र मोदी भी अहर्निश इसी में लगे हैं. संघ का एक स्वयंसेवक पूरी दुनिया में डंका बजा रहा है तो क्या संघ उसकी टांग खींचेगा ? दरअसल समीक्षकों के बीच एक बेतुकी परंपरा चल पड़ी है. जब भाजपा जीतती है तो कहा जाता है कि संघ ने बहुत मेहनत की और जब भाजपा हारती है तो कहा जाता है कि संघ ने अपने हाथ खींच लिये. लेकिन क्या संघ प्रमुख, सरकार्यवाह और सहकार्यवाहों में से किसी ने भी कहीं भी और कभी भी यह कहा है कि भाजपा को वोट दो या न दो. जो संघ को जानते ही नहीं हैं वे कपोल कल्पित अवधारणाएं और विमर्श फैलाते रहते हैं.

सच तो यह है कि संघ अपने काम के सिवाय कुछ करता नहीं है, लेकिन स्वयंसेवक अपनी अभिरुचि, क्षमता और समय के हिसाब से सब करता है. मोहन भागवत और मोदी के बीच दुराव या मनमुटाव की बात वही कर सकता है जिसने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय इन दोनों की जुगलबंदी न देखी हो. संघ तो अपनी आलोचनाओं का जवाब भी प्रायः नहीं देता है. नित नये विवादों में उलझने के लिए उसके पास न फुर्सत है, ना ही उसका उद्देश्य. उसके तीन दर्जन से अधिक आनुशांगिक संगठनों में से एक भाजपा भी है. यदि संघ के शीर्ष अधिकारी ही संगठन के कार्यों में रोज टांग अड़ाते रहेंगे तो वह संगठन चल ही नहीं पाएगा. संघ मार्गदर्शन करता है, योजनाएं बनाता है, प्रतिनिधि सभा में सभी संगठनों के प्रमुखों से रिपार्ट मांगता है और अपने सुझाव देता है. इसलिए भागवत के संदेश में भाजपा के साथ किसी क्लेश की कल्पना या तो निरर्थक है या फिर प्रहसन. संघ अगले साल अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाएगा. उसमें सभी संगठनों की ऊर्जा लगेगी. भाजपा भी उसमें प्राण-प्रण से जुटेगी. तब कपोल कल्पित धारणाओं की कलई खुद उतर जाएगी. संघ स्वयं राजनीति नहीं करता है, लेकिन राजनीति करनेवाले अपने स्वयंसेवकों को प्रेरित और अनुप्राणित अवश्य करता है.

**गुड वर्क** एक्सएलआरआई ने एक बार फिर अपनी उदारता और सेवा भावना का परिचय दिया

# आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए जुटाये 2.10 लाख रुपये

आनंद मिश्रा । जमशेदपुर



कार्यक्रम में शामिल एक्सएलआरआई के विद्यार्थी व संगठन के लोग.

**खास बातें**

- एक्सएलआरआई ने मदद को बढ़ाया हाथ
- फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी को दान स्वरूप मिलेगी राशि

एक्सएलआरआई ने एक बार फिर अपनी उदारता और सेवा भावना का परिचय दिया है. सीआइआई वाईआई की ओर से आयोजित एक साइलेंट ऑक्शन के माध्यम से एक्सएलआरआई ने 2.10 लाख रुपये से अधिक राशि एकत्र की है. यह राशि फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी को दान स्वरूप प्रदान की जाएगी. यह लगातार तीसरा साल है, जब संस्थान की ओर से यह परोपकारी पहल की जा रही है. इस साइलेंट ऑक्शन में एक्सएलआरआई के छात्र-छात्राएं, अलग-अलग समितियों और फैकल्टी सदस्यों ने भी हिस्सा लिया. उन्होंने डिनर, ट्यूटोरिंग सेशंस, गिटार लेशन, किताबें, पेंटिंग्स और अन्य कई आइटम्स ऑफर किए, जिन पर बोली लगाई गई. ये सभी आइटम्स एक्सएलआरआई के छात्रों ने खरीदे और सभी राशि दान कर दी गई. इस ऑक्शन से एकत्र की गई पूरी राशि फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी को दी जाएगी. इस अवसर पर राजेश मित्तल और अभिषेक गर्ग ने संगठन की तरफ से चेक प्राप्त किया. एक्सएलआरआई के प्रवक्ता ने कहा कि ट्राइबल सोसाइटी के साथियों को उक्त राशि देने में सुखद अनुभूति हो रही है.

बताया गया कि यह संगठन दूर-दराज के क्षेत्रों में शिक्षा के माध्यम से जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए अथक प्रयास कर रहा है. यह दान एक्सएलआरआई के छात्रों के लिए समाज को वापस देने का एक तरीका है और ग्रेटर गुड के लिए सच्चे मन से काम करने का प्रतीक है. वहीं सीआईआईआई यंग इंडियन की सेक्रेटरी, स्मृति गुप्ता ने इसके लिए डीन एडमिनिस्ट्रेशन और एसोसिएट डीन स्टूडेंट अफेयर्स के प्रति आभार जताया.

# अभिभाषण के संदेश

न तो इरादा बदला है और न ही नीति. विपक्ष के प्रति नजरिया भी पूर्ववत ही बना रहेगा और गठबंधन की सरकार होने के बावजूद जनादेश से ज्यादा कुछ सबक नहीं हासिल किया गया है. लोगों ने तंत्र पर लोक के वर्चस्व का जनादेश दिया. बावजूद इसके नरेंद्र मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल सहिष्णुता और सहयोग के आधार पर शायद ही चले. चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी गठबंधन इंडिया ने संविधान को खतरे में बताया था और वंचित तबकों यानी बहुजन वोटरों पर इसका गहरा असर पड़ा था. अब सत्ता पक्ष इमरजेंसी के बहाने स्वयं को संविधान का पैरोकार बता रहा है. राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं. राष्ट्रपति का अभिभाषण इसी का संकेत है. वाचिक तौर पर सहयोग और संवाद की बातें अभिभाषण में आयीं, लेकिन इसमें जनादेश के मूल संदेश को नजरअंदाज करने की प्रवृति भी झलकी. राष्ट्रपति के अभिभाषण में नरेंद्र मोदी सरकार के विजन पर फोकस रहा. जनादेश में देश के युवाओं, दलितों और वंचित तबकों के अन्य समूहों ने जिस असंतोष को प्रकट किया, उसके निदान के लिए कोई ठोस एलान नहीं किया गया. अभिभाषण मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों की निरंतरता के साथ 2047 में विकसित भारत के सपने से लबरेज रहा. लेकिन देश की जनता की कुछ ठोस जरूरतें रोजगार और छोटे और मध्यम उद्योगों को ले कर है. इसके साथ ही जिस तरह के आर्थिक विकास की रूपरेखा अभिभाषण में पेश किया गया, उससे भी जाहिर होता है कि आर्थिक असमानता के बढ़ते खतरे को दूर करने की दिशा में सरकार ने ज्यादा कुछ सोचा नहीं है. अभिभाषण में कहा गया कि बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ऐतिहासिक निर्णय भी देखने को मिलेंगे. भारत के तेज विकास के लिए रिफॉर्म्स की गति और तेज की जाएगी. साल 2021 से लेकर साल 2024 तक भारत ने औसतन आठ प्रतिशत की रफ्तार के हिसाब से विकास किया है. यह ग्रोथ सामान्य स्थितियों में नहीं हुई है. इस दौरान दुनिया ने बड़ी आपदा देखी है. भारत दुनिया के ग्रोथ में अकेले 15 प्रतिशत का योगदान दे रहा है. सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तभों मैक्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और एग्रीकल्चर को बराबर महत्व दे रही है. राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व दे रही है. पारंपरिक सेक्टर्स के साथ-साथ सनराइज सेक्टर्स को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है. राष्ट्रपति ने नई सरकार का रोडमैप पेश किया.उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव संपन्न हुआ. जनता ने लगातार तीसरी बार मोदी सरकार पर भरोसा जताया है. भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है. राष्ट्रपति ने पेपर लीक पर कड़ी सजा के प्रावधान का एलान किया और कहा कि भारत की विकास गति को तेज किया जाएगा. ग्रोथ की निरंतरता हमारी गारंटी है और आने वाले बजट में ऐतिहासिक कदम दिखेंगे. किसानों का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 'किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए. हम किसानों को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर करेंगे.'

> अभिभाषण में कहा गया कि बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के साथ ऐतिहासिक निर्णय भी देखने को मिलेंगे. भारत के तेज विकास के लिए रिफॉर्म्स की गति और तेज की जाएगी. साल 2021 से लेकर साल 2024 तक भारत ने औसतन आठ प्रतिशत की रफ्तार के हिसाब से विकास किया है.

## सुभाषित

**अपूर्व कोपि कोशोयं विद्यते तव भारति ।**
**व्ययतो वृद्धमायाति क्षयमायाति संचयात् ॥**

हे माता सरस्वती ! आपका कोश (विद्या) बहुत ही अपूर्व है जिसे खर्च करने पर बढ़ते जाता है और संचय करने पर घटने लगता है. आपके द्वारा दी गयी विद्या ही सबसे बड़ा धन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता, जिसका कोई हरण नहीं कर सकता.

# प्राथमिकता बने बेरोजगारी उन्मूलन

**यह सच है कि भारत इस समय अपने कम हो गए खाद्यान्न भंडार को फिर से भरने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से गेहूं खरीदने की तैयारी में है. लेकिन इसके पीछे कारण कुप्रबंधन है, न कि देश में अनाज की कोई वास्तविक कमी है. इसलिए भारत में इस समय जो भारी बेरोजगारी है, वह मांग की कमी के कारण है. इसके उन्मूलन के लिए जरूरी है की कुल मांग बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, जिसमें सरकारी खर्च/निवेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी.**



• देश-काल



प्रभात पटनायक

अर्थशास्त्र में दो तरह के सिस्टम के बीच फर्क किया जाता है, एक वह जहां बाजार में मांग की कमी हो, दूसरा वह जहां संसाधन की कमी हो (इसे हम सरल ढंग से आपूर्ति की कमी वाला सिस्टम कहेंगे). पहले सिस्टम में उत्पादन में वृद्धि हो सकती है अगर कुल मांग में वृद्धि हो. जाहिर है ऐसे सिस्टम में कोई अभाव- जनित महंगाई नहीं होगी. दूसरे सिस्टम में उत्पादन की कमी कई कारणों से हो सकती है, मसलन, या तो सिस्टम के उत्पादन की पूरी क्षमता भर उत्पादन हो रहा हो- अर्थात और अधिक उत्पादन की क्षमता सिस्टम में न हो, अथवा किसी ऐसी लागत सामग्री का अभाव हो जो उत्पादन के लिए अनिवार्य है या खाद्यान्न की कमी हो अथवा श्रम शक्ति की कमी हो, जाहिर है ऐसे सिस्टम में मांग बढ़ने पर उत्पादन नहीं बढ़ सकता, ऐसी स्थिति में अभाव- जनित महंगाई बढ़ जाएगी. पूंजीवाद आमतौर पर, युद्ध के दौर को छोड़कर, मांग की कमी वाला सिस्टम है, जबकि समाजवाद, जैसा सोवियत यूनियन और पूर्वी यूरोप में था, वह आपूर्ति की कमी वाला सिस्टम था. मांग की कमी वाले सिस्टम में अगर कुल मांग बढ़ती है तो उत्पादन बढ़ेगा, फलस्वरूप रोजगार भी बढ़ेगा. भारत में आज के दौर में इस फर्क को ध्यान में रखना जरूरी है, जब यहां बेरोजगारी एक गंभीर सामाजिक मुद्दा बन गई है, जब इसकी भयावहता हालिया चुनाव में भाजपा को लगे झटके के पीछे प्रमुख कारक रही और जब इसका उन्मूलन आज सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बन गया है. क्योंकि सरकारी सेवाओं समेत सेवा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार में सचेतन ढंग से कटौती हुई है, जहां पूंजी की कमी की कोई भूमिका नहीं है. इसलिए हम आपूर्ति की किसी कमी को बेरोजगारी के मौजूदा स्तर के लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते.

ठीक इसी तरह बेरोजगारी का मौजूदा स्तर किसी ऐसी लागत सामग्री की कमी के कारण नहीं है, जो उत्पादन के लिए अनिवार्य है. खाद्यान्न की भी कोई कमी नहीं है, यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि मोदी सरकार जो गरीबों को विपक्ष द्वारा दी जा रही आर्थिक मदद को "रेवड़ी" कह कर मजाक उड़ाती है, वह कुछ चुनावी फायदे की उम्मीद में बड़ी तादाद में लाभार्थियों को मौजूदा स्टॉक से 5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह अनाज मुफ्त देती रही है. यह सच है कि भारत इस समय अपने कम हो गए खाद्यान्न भंडार को फिर से भरने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से गेहूं खरीदने की तैयारी में है. लेकिन इसके पीछे कारण कुप्रबंधन है, न कि देश में अनाज की कोई वास्तविक कमी है. इसलिए भारत में इस समय जो भारी बेरोजगारी है, वह मांग की कमी के कारण है. इसके उन्मूलन के लिए जरूरी है की कुल मांग बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, जिसमें सरकारी खर्च/निवेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी. बड़ी तादाद में सरकारी पद खाली पड़े हैं, शिक्षा क्षेत्र में तो स्टाफ की इतनी कमी है कि अचरज होता है. जाहिर है इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ रहा है. यहां तक कि सशस्त्र बलों में भी जो नियमित भर्ती होती थी, वह नहीं हो रही है जिसकी वजह से अग्निवीर जैसी तरह तरह की योजनाएं लागू की जा रही हैं. संक्षेप में, रोजगार देने में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की बजाय, यह विडंबना है कि सरकार रोजगार में कटौती कर रही है, इसका कारण यह लगता है कि वह वित्तीय दबाव में है. आइए इस मामले को थोड़ा और बारीकी से देखते हैं.

जिस मूलभूत फर्क की हमने ऊपर चर्चा की, वह मांग की कमी और आपूर्ति की कमी वाले दो सिस्टम के बीच थी. आपूर्ति की कमी, जो अभी हमने देखा कि हमारे यहां नहीं है, को छोड़कर और दूसरी कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे एक संप्रभु राज्य पर वस्तुगत वित्तीय बंदिश कहा जा सके. ऐसी कोई भी वित्तीय बंदिश राज्य पर अंतरराष्ट्रीय पूंजी और उसके स्थानीय सहयोगी, घरेलू कारपोरेट वित्तीय समूह द्वारा थोपी गई चीज है. यह राज्य की किसी वस्तुगत सीमा का नहीं, वरन उसकी स्वायत्तता के क्षरण का प्रतिबिंब है. मांग की कमी वाले किसी देश में राज्य की खर्च करने की क्षमता की कोई वस्तुगत सीमा नहीं है, यह तथ्य अर्थशास्त्र के साहित्य में 90 साल पहले ही कैलेकी और कीन्स की सैद्धांतिक क्रांति द्वारा स्थापित कर दिया गया था. फिर भी वह गलत सिद्धांत जिसे 9 दशक पहले ही खारिज कर दिया गया था, उसे फिर आज राज्य की वस्तुगत सीमा के बतौर पुनर्जीवित किया जा रहा है, जबकि वह दरअसल राज्य पर बड़े पूंजी घरानों द्वारा थोपी गई बंदिश है.

बेरोजगारी के उन्मूलन के लिए सबसे बड़ी जरूरत यह है कि राज्य वैश्विक तथा देशी बड़ी पूंजी की सनक की गुलामी के जुए को उतार फेंके, उसे पुनः जनता की सेवा के संकल्प को हासिल करना होगा तथा उसके अनुरूप काम करना होगा. एक ऐसे सिस्टम में जहां मांग की कमी है, बड़े पैमाने पर सरकारी खर्च से बेरोजगारी पर काबू पाया जा सकता है, भले ही यह खर्च वित्तीय घाटे के माध्यम से किया जा रहा हो. इसका जो सबसे नुकसानदेह असर है, वह यह नहीं है कि यह निजी निवेश को हतोत्साहित करेगा, साथ ही इसके खिलाफ किए जा रहे दूसरे बकवास दावे भी सच नहीं हैं, लेकिन इसकी मुख्य बुराई यह है कि यह अनायास ही देश में आय की असमानता को बढ़ा देगा. अगर सरकार 100 रुपए खर्च करती है और ऐसा वित्तीय घाटे द्वारा करती है अर्थात कर्ज लेकर, तो इसका अंतिम नतीजा यह होगा कि अपने इस तरह खर्च द्वारा वह पूंजीपतियों के हाथ 100 रुपए दे रही है (क्योंकि मेहनतकश लोग जितना कमाते हैं, करीब-करीब वह पूरा खर्च कर देते हैं. उदाहरण के लिए इस मामले में सरकार ने जो 100 रुपया खर्च किया, वह मजदूरों को मिला, उन्होंने उसे पूरा खर्च कर दिया, इस तरह वह 100 रुपया पूंजीपतियों के पास पहुंच गया.) और फिर सरकार उसे पूंजीपतियों से उधार लेती है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | ओशो



## सत्य की खोज

सत्य पाने का मार्ग अति कठिन है. सत्यार्थी अगर सत्य पाने के लिए कटिबद्ध है, तो उसे बहुत सा त्याग चाहिए. और अटूट सावधानी भी. कई तरह के मोह उसे मार्ग चलित कर सकते हैं. उसके स्वयं के दृष्टिकोण भी उसके सत्य पाने में बाधक हो सकते हैं. सत्य खोजी को चाहिए, चाहे कैसे भी उसके दृढ और स्थापित पूर्वाग्रह हो. चाहे वे कितने भी यथार्थ प्रतीत होते हों. जिस समय उसका चिंतन सत्य की शोध में संलग्न हो, उस समय मात्र के लिए तो उसे अपने पूर्वाग्रह या कदाग्रह को तत्क्षण त्याग देना चाहिए. अन्यथा वे पूर्वाग्रह, सत्य को बाधित करते रहेंगे. सोचें कि मेरा चिंतन मेरी धारणाओं, मेरे आग्रहों से प्रभावित तो नहीं हो रहा? कभी कभी तो हमारी स्वयं की 'मौलिक विचारशीलता' पर ही अहं उत्पन्न हो जाता है. और अहं, यथार्थ जानने के बाद भी स्वयं में, विचार परिवर्तन के अवसर को अवरोधित करता है. सोचें कि कहीं मैं अपनी ही वैचारिकता के मोहजाल में, स्वच्छंद चिंतन में तो नहीं बह रहा? कभी कभी तो अजानते ही हमारे विश्लेषण मताग्रह के अधीन हो जाते हैं. प्रायः ऐसी स्थिति हमें, सत्य तथ्य से भटका देती है. प्रायः हमारी वैचारिकता पर किसी न किसी विचारधारा का प्रभाव होता है. तथ्यों की परीक्षा-समीक्षा करते हुए, अनायास ही हमारा पलड़ा सत्य के विरुद्ध झुक सकता है. और अक्सर हम सत्य के साथ 'वैचारिक पक्षपात' कर बैठते हैं. इस तरह के पक्षपात के प्रति पूर्ण सावधानी जरूरी है. पूर्व स्थापित निष्कर्षों के प्रति निर्ममता का दृढ़ भाव चाहिए. सम्यक दृष्टि से निरपेक्ष ध्येय आवश्यक है. ₹यह निश्चित है कि कोई एक 'परम सत्य' अवश्य है. और सत्य 'एक' ही है. सत्य को जानना समझना और स्वीकार करना हमारे लिए नितांत ही आवश्यक है.₹ सत्य पर इस प्रकार की अटल श्रद्धा होना जरूरी है. सत्य के प्रति यही आस्था, सत्य जानने का दृढ़ मनोबल प्रदान करती है. उसी विश्वास के आधार पर हम अथक परिश्रम पूर्व सत्य मार्ग पर डटे रह सकते है. अन्यथा जरा सी प्रतिकूलता, सत्य संशोधन को विराम दे देती है. परीक्षा करें कि विचार, तर्कसंगत-सुसंगत है अथवा नहीं. वे न्यायोचित है या नहीं. भिन्न दृष्टिकोण होने कारण हम प्रथम दृष्टि में ही विपरित विश्लेषण पर पहुंच जाते है. जैसे सिक्के के दो पहलू होते हैं. दूसरे पहलू पर भी विचार जरूरी है. जल्द निर्णय का प्रलोभन त्याग कर, कम से कम एक बार तो विपरीत दृष्टिकोण से चिंतन करना ही चाहिए. परीक्षक से सदैव तटस्थता की अपेक्षा की जाती है.

# दक्षिण भारत में कांग्रेस की रणनीति

• सियासत

कल्याणी शंकर

कांग्रेस पार्टी ने अटकलों और प्रत्याशाओं की झड़ी के बीच वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को मैदान में उतारकर एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है. यह सीट उनके भाई राहुल गांधी द्वारा रायबरेली को बरकरार रखने और वायनाड से हटने के फैसले के बाद खाली हुई है. दोनों ही सीटों पर उन्होंने लोक सभा आम चुनाव में जीत हासिल की थी. अगर कांग्रेस की यह रणनीति सफल होती है, तो यह प्रियंका, उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है. इसने जनता और राजनीतिक वर्ग के बीच उत्साह और संदेह को जन्म दिया है. जब प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की गयी, तो उन्होंने कहा, 'मुझे वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में खुशी हो रही है और मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस न हो. ...मैंने अपने परिवार की राजनीतिक विरासत और दक्षिण में गांधी परिवार की मौजूदगी को जारी रखने के लिए वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला किया. मेरी दादी इंदिरा गांधी का वायनाड के लोगों से गहरा रिश्ता था और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे और मजबूत बना पाऊंगी.' राहुल और उनकी मां सोनिया ने कई सालों तक कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया और सांसद के तौर पर काम किया. वायनाड में होने वाला आगामी चुनाव प्रियंका के लिए एक अहम परीक्षा होगी. वास्तव में यह उनकी पहली अग्निपरीक्षा होगी. भाजपा समेत पूरा देश उनके प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेगा. राजनीतिक परिवार में जन्मी प्रियंका ने अपनी मां के चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है. उन्होंने 2004 में राजनीति में प्रवेश करने वाले अपने भाई के लिए भी प्रचार किया था. 2014 और 2019 में ऐसी अफवाहें थीं कि प्रियंका वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं. 2024 के चुनावों से पहले उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य वंशवाद की भाजपा की आलोचना का मुकाबला करने के लिए तीन गांधी को मैदान में उतारने से बचना है. गांधी परिवार ने 2024 के चुनावों को कांग्रेस के लिए एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखते हुए अपना विचार बदल दिया. उन्होंने तय किया कि प्रियंका को केरल कांग्रेस सांसद के रूप में चुनावी राजनीति में उतारने का यह सही समय है. यह एक सुरक्षित सीट है. अपनी दादी इंदिरा गांधी से मिलती-जुलती प्रियंका 2019 में राजनीति में आने के बाद से ही सुर्खियों में हैं. वह कांग्रेस पार्टी की महासचिव बनीं और उन्होंने पार्टी के प्रचार में अहम भूमिका निभायी. प्रियंका को 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संख्या लगभग दोगुनी करने और पार्टी में नयी जान फूंकने का श्रेय दिया जाता है. वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला प्रियंका के लिए चुनौतियों और अवसरों का अनूठा संग्रह प्रस्तुत करता है. एक ओर उन्हें वंशवाद की राजनीति के मुद्दे पर भाजपा के हमलों का सामना करना पड़ सकता है, एक बाधा जिसे उन्हें चतुराई और लचीलेपन के साथ पार करना होगा. दूसरी ओर, यह उन्हें खुद को साबित करने और एक नए निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ने का सुनहरा अवसर देता है, एक ऐसा मौका जिसे उन्हें दृढ़ संकल्प के साथ भुनाना होगा. उत्तरी केरल में स्थित वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में 14.6 लाख मतदाता हैं. पिछले चार चुनावों में इसने लगातार कांग्रेस के सांसदों को चुना है, जो पार्टी के लिए एक ठोस समर्थन का संकेत देता है. इस निर्वाचन क्षेत्र में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) का भी व्यापक समर्थन है, जिसमें मुस्लिम और ईसाई मतदाता लगभग 60 प्रतिशत हैं. आईयूएमएल प्रियंका का समर्थन करेगी. अगर प्रियंका जीतती हैं तो गांधी परिवार के तीनों सदस्य भारतीय संसद में होंगे. इससे पार्टी के भीतर परिवार की स्थिति मजबूत हो सकती है, लेकिन ऐसी स्थिति विरोधियों के हमले भी आमंत्रित करेगी. भारतीय राजनीति में, केरल में प्रियंका की उम्मीदवारी कांग्रेस पार्टी द्वारा दक्षिण में अपने समर्थन आधार को मजबूत करने के लिए एक रणनीतिक कदम है, जो संभावित रूप से इसकी क्षेत्रीय गतिशीलता को नया आकार देगा. यह कदम कांग्रेस को दक्षिण की उपेक्षा करने के लिए आलोचना से बचाता है. वायनाड से प्रियंका की उम्मीदवारी 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए केरल में सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाने के लिए दक्षिण में पार्टी के मिशन का हिस्सा है. प्रियंका के पास कई लाभदायक स्थितियां हैं - वह प्रसिद्ध हैं और हिंदी पर उनकी अच्छी पकड़ है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> 2024 के चुनावों से पहले उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य वंशवाद की भाजपा की आलोचना का मुकाबला करने के लिए तीन गांधी को मैदान में उतारने से बचना है. गांधी परिवार ने 2024 के चुनावों को कांग्रेस के लिए एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखते हुए अपना विचार बदल दिया. उन्होंने तय किया कि प्रियंका को केरल कांग्रेस सांसद के रूप में चुनावी राजनीति में उतारने का यह सही समय है.

# इंसानों के साथ सभी कीटों के लिए भी खतरा

• वायु प्रदूषण

सीमा अग्रवाल


वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है. जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैवविविधिता के खात्मे पर तुला है. इस कड़ी में वे सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं, जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं. ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं. इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं. लेकिन वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत ने इन कीटों की जिंदगी डिस्टर्ब कर दी है. कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है. कीटों के सूचनातंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है. हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं. प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है. शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे. धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं. यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं. खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है. ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ 8 फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं. एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि ये कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं. शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है. कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं. ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है. यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है. जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में जहरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं. ये सांस के जरिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं, जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता. कीटों पर वायुप्रदूषण कैसे खतरनाक साबित हो रहा है, इसके लिए शहरी बीजिंग और ग्रामीण ऑस्ट्रेलिया दोनों में किए गए अध्ययनों में पाया गया कि पीएम 2.5 मधुमक्खियों, ततैयों, पतंगों और मक्खियों सहित विभिन्न कीटों के एंटीना पर जमा हो जाता है. बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक ) का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था. प्रदूषण के बड़े कण (उदाहरण के लिए, पीएम 10 जो 10 मिलियन मीटर या 10 माइक्रोन की चौड़ाई के होते हैं) आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण (पीएम 2.5, जो 2.5 माइक्रोन से भी कम चौड़ाई के होते हैं) फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं. बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं. एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचनातंत्र काम करना बंद कर देता है. आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते. भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ 8 फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं. एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि ये कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# असंगठित क्षेत्र में रोजगार की पहेली

**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** द्वारा 2021-22 और 2022-23 के लिए असंगठित क्षेत्र के उपक्रमों के वार्षिक सर्वेक्षण पर हाल ही में प्रकाशित फैक्टशीट (तथ्य रिपोर्ट) देश में रोजगार की स्थिति का गंभीर चित्र प्रस्तुत करती है. महामारी के बाद मजबूती दिखाने के बावजूद असंगठित क्षेत्र पर्याप्त रोजगार नहीं तैयार कर सका. इस क्षेत्र में छोटे कारोबार और विनिर्माण, सेवा तथा व्यापार क्षेत्र के एकल उपक्रम शामिल हैं तथा यह अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्र को दर्शाता है. इस क्षेत्र के कर्मचारियों और उपक्रमों को आमतौर पर औपचारिक पहचान नहीं मिलती और अक्सर वे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी बाहर होते हैं. बहरहाल, यह क्षेत्र रोजगार निर्माण और मूल्य श्रृंखलाओं में अहम भूमिका निभाता है. फैक्टशीट से संकेत मिलता है कि अप्रैल 2021 से मार्च 2022 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच पंजीकृत प्रतिष्ठानों और कामगारों की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 5.88 फीसदी और 7.83 फीसदी रही. बहरहाल, जैसा कि इस समाचार पत्र ने भी हाल ही में प्रकाशित किया था, जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच 73वें दौर के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के नतीजों से तुलना की जाए तो उद्यमों की संख्या बढ़ने के बावजूद असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या में 1.6 लाख की कमी आई. इससे असंगठित क्षेत्र की रोजगार तैयार करने की क्षमता के बारे में प्रश्नचिह्न लगते हैं. इसकी दो वजह हो सकती हैं. पहली, असंगठित क्षेत्र के कई उपक्रम अपनी सीमित उत्पादन क्षमता के कारण बहुत छोटे हैं या फिर मांग में कमी है. दूसरा, संभव है कि उत्पादन तकनीक और मशीनरी में सुधार की बदौलत वे और अधिक पूंजी आधारित हो गए हों. इसकी वास्तविक वजह अस्पष्ट है, लेकिन दोनों परिदृश्यों में रोजगार में कमी आती है. यह क्षेत्र बीते दशक के दौरान कई तरह के झटकों से भी प्रभावित रहा. इसमें नोटबंदी, वस्तु एवं सेवा कर का लागू होना और कोविड से संबंधित उथलपुथल शामिल रही. सांख्यिकी संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष प्रणव सेन के मुताबिक सालाना करीब 20 लाख नए असंगठित उपक्रम जुड़ते हैं. इनमें से प्रत्येक में औसतन 2.5-3 लोग काम करते हैं. बहरहाल, जैसा कि आंकड़े दर्शाते हैं और डॉ. सेन के मुताबिक भी इस अवधि के दौरान लगभग एक करोड़ से अधिक उपक्रम तथा 2.5-3 करोड़ रोजगार खत्म भी हुए होंगे. सर्वेक्षण को लेकर विस्तृत रिपोर्ट आने पर इस क्षेत्र के घटनाक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, लेकिन फैक्टशीट अर्थव्यवस्था की ढांचागत कमजोरी को सामने लाती है. जैसा कि सावधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण से संकेत मिलता है नियमित वेतन वाले कर्मचारियों की संख्या में भी सुधार नहीं हो रहा है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### प्रतिभा/प्रतिमा

**प्रभा** पढ़ने लिखने में तो तेज है ही, उसमें प्रतिमा गढ़ने की अद्भुत प्रतिभा है. इस वाक्य में बिल्कुल एक जैसे लगनेवाले दो शब्द दिख रहे हैं-प्रतिभा और प्रतिमा. इनके बीच समानता बस इतनी ही है कि ये दोनों संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. अर्थ या आशय की दृष्टि से दोनों के बीच कोई समानता नहीं है. वर्धा हिंदी शबदकोश के अनुसार प्रतिभा का मतलब है किसी विषय को तत्काल समझ लेनेवाली असाधारण बुद्धि, असाधारण प्रखरता वाली मानसिक शक्ति, बुद्धि, समझ, विलक्षण बौद्धिक शक्ति, लेखक, कवि, कलाकार आदि की वह शक्ति जिससे वह अनुभव के आधार पर किसी कृति का सर्जन करता है, नवोन्मेष शालिनी शक्ति, ऊपर या सामने दिखायी देने वाली आकृति या रूप, दीप्ति, प्रभा, चमक. वही प्रतिमा का मतलब है किसी वास्तविक अथवा कल्पित आकृति के अनुसार बनायी गयी मूर्ति या चित्र, अनुकृति, आराधन-पूजन के लिए धातु, पत्थर, मिट्टी आदि की बनायी हुई देवता या देवी की मूर्ति, देवमूर्ति, प्रतिबिंब, परछाईं, काव्यशास्त्र में एक अलंकार जिससे किसी मुख्य पदार्थ या व्यक्ति के न होने की दशा मं उसी के समान किसी दूसरे पदार्थ या व्यक्ति की स्थापना का उल्लेख होता है, हाथियों के दांतों में जड़ा जानेवाला पीतल, तांबे आदि का छल्ला या मंडल, तौलने का बटखरा, बाट. किसी विषय को तत्काल समझ लेनेवाली असाधारण बुद्धि को प्रतिभा कहा जाता है. एक प्रतिभाशाली कर्मचारी उद्योग के प्रकार के आधार पर अपने काम को बेहतर बनाने, राजस्व बढ़ाने या संगठन की सार्वजनिक छवि को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिभा का उपयोग करता है. जिससे किसी देवविशेष, व्यक्तिविशेष अथवा पदार्थविशेष की प्रतिकृति, बिंब, मूर्ति अथवा आकृति का बोध होता है, उसे प्रतिमा कहते हैं. प्रतिमा बनाने वाले को मूर्ति शिल्पी कहते हैं और प्रतिमा बनाने के काम को मूर्ति शिल्प कहा जाता है. मंदिरों में या पूजास्थलों पर प्रतिमा की स्थापना की जाती है तो वहीं घर, नगर और संस्थानों में सुंदरता के लिए इन्हें स्थापित किया जाता है.

# आज की मोबाइलमयी दुनिया

• तीर-तुक्का

अनूप शुक्ल



आज की दुनिया मोबाइलमयी है. समाज सेवा के नाम पर सरकारें बनाने के काम से लेकर अपराध का धंधा करने वाले माफ़िया लोग मोबाइल पर इस कदर आश्रित हैं कि इसके बिना उनके धंधे चौपट हो जायें. बिना मोबाइल का आदमी खोजना आज के समय कायदे की बात करने वाले किसी जनप्रतिनिधि को खोजने सरीखा काम है. जितनी तेजी से मोबाइल की जनसंख्या बढी है, उतनी तेजी से इन्सान के बीच के दूरी के अलावा और कुछ नहीं बढा होगा. आज के समय में आदमी बिना कपड़े के भले दिख जाये, लेकिन बिना मोबाइल के नहीं दीखता. गर्ज यह कि बिना आदमी के दुनिया का काम भले चल जाये, लेकिन बिना मोबाइल के आदमी का चलना मुश्किल है. मोबाइल ने लोगों के बीच की दूरियां कम की हैं. झकरकटी बस अड्डे के पास जाम में फ़ंसा आदमी लंदन में ऊंघती सहेली से बतिया सकता है. भन्नानापुरवा के किचन में दाल छौंकती महिला अपने फ़ेसबुक मित्र को कुकर की सीटी से निकली भाप की फ़ोटो भेज सकती है. गरज यह कि दुनिया में घूमता-फ़िरता आदमी बड़े आराम से दुनिया को मुट्ठी में लिये घूम सकता है. जितनी दूरियां कम की हैं, बढाई भी उससे कम नहीं हैं इस औजार ने. आमने-सामने बैठे लोग अगर अपने-अपने मोबाइल में डूबे नहीं दिखते तो अंदेशा होता है कि कहीं वे किसी और ग्रह के प्राणी तो नहीं. मोबाइल ने बिना शर्मिन्दगी के झूठ बोलना सुगम बनाया है. नाई की दुकान पर दाढी बनवाता आदमी अपने को दफ़्तर में बता सकता है. बगल के कमरे में बैठा आदमी अपने को सैकड़ो मील दूर होने की बात कहकर मुलाकात से बच सकता है. घंटी बजने पर फ़ोन उठाकर बात करने की बजाय तीन दिन बाद कह सकता है – 'अभी तेरा मिस्डकाल देखा. फ़ोन साइलेंट पर था. देख नहीं पाया.' समय के साथ आदमी की औकात का पैमाना हो गया है मोबाइल. आदमी अपनी जेब से एप्पल का नया आई फ़ोन निकालकर मेज पर धरकर वही रुतबा काबिल कर सकता है, जो रुतबा गुंडे लोग बातचीत के पहले अपना कट्टा निकालकर मेज पर धरकर गालिब करते थे. मोबाइल और इंसान समय के साथ इतना एकात्म हो गये हैं कि एक के बिना दूसरे की कल्पना मुश्किल हो गयी है. किसी आदमी को खोजना हो तो उसका फ़ोन खोजना चाहिये. इंसान अपने फ़ोन के एकाध मीटर इधर-उधर ही पाया जाता है. मोबाइल के आने से दुनिया में बहुत बदलाव आये हैं. कभी अपने जलवे से मोबाइल की दुनिया का डॉन कहलाने वाले नोकिया के हाल आज मार्गदर्शक मंडल सरीखे बस आदर देने लायक रह गये हैं. किलो के भाव मिलने वाले मोबाइलों से लेकर एक किले तक की कीमत वाले मोबाइल हैं आज बाजार में.

# धर्म अध्यात्म

## कब है आपके भाग्योदय का समय



आचार्या दीपिका श्रीवास्तव

जन्म कुंडली मनुष्य के जीवन का आइना होती है. कुंडली में ग्रहों की स्थिति अच्छी होना तो आवश्यक है ही, भाग्य से सम्बंधित ग्रहों का शुभ होना तथा उनकी दशा-महादशा का सही समय पर व्यक्ति के जीवन में आना भी उतना ही आवश्यक है अन्यथा कुंडली अच्छी होने पर भी यदि कार्य करने की उम्र शत्रु या नीच ग्रहों की दशा में ही बीत रही हो तो लाख परिश्रम करने के बाद भी उसका फल सही समय पर नहीं मिलेगा.

भाग्य या किस्मत ऐसे शब्द हैं जिनका हमारे जीवन पर बहुत प्रभाव माना जाता है. किसी भी प्रकार के सुख-दुःख, अमीरी-ग़रीबी को भाग्य से जोड़ कर ही देखा जाता है. सभी लोग जानना चाहते हैं कि हमारा अच्छा समय कब आएगा. सबसे पहले यह जानना होगा कि कुंडली में भाग्य भाव का स्वामी कौन सा ग्रह है और किस स्थिति में है, कितना बलवान है. भाग्येश की किन-किन ग्रहों के साथ युति है या दृष्टि संबंध है.

### नवम भाव की राशि

कुंडली में नवम भाव को भाग्य भाव माना गया है, इस भाव में जिस राशि का आधिपत्य होता है उसके अनुसार ही भाग्योदय का वर्ष तय किया जाता है. जातक का भाग्येश गुरु हो तो 16 वें वर्ष में, सूर्य हो तो 22 वें वर्ष में, चन्द्रमा हो तो 24 वें वर्ष में, शुक्र हो तो 25 वें वर्ष में, मंगल हो तो 28 वें वर्ष में, बुध हो तो 32 वें वर्ष में, शनि हो तो 36 वें वर्ष में और यदि भाग्य भाव में राहु -केतु का प्रभाव हो तो क्रमशः 42 वें या 44वें वर्ष में भाग्योदय होता है. इसके साथ ही भाग्येश का शुभ और बलि होना, भाग्येश का अच्छे स्थान में होना, भाग्य भाव पर शुभ ग्रहों का प्रभाव एवं दृष्टि होना, शुभ ग्रहों के साथ युति होना भी आवश्यक है अथवा भाग्येश को बलि करने के उपाय करने चाहिए. साथ ही भाग्य स्थान के स्वामी (भाग्येश), केंद्र त्रिकोण के स्वामी, लाभ स्थान के स्वामी ( लाभेश ), धन स्थान के स्वामी (धनेश ) की दशा हो तो भाग्योदय होता है.

खुशी संदेश

## अपने अनुरुप विचारों का करें चयन




मुकेश चौहान

एक व्यक्ति महान तपस्वी के पास पहुंच कर कहता है- मैं जिस अंदाज में जीना चाहता हूं, जी ही नहीं पाता. कभी इसकी, कभी उसकी..., यूं कहें, कई लोगों की जिंदगियां मुझे प्रभावित कर देती है. लगता है कि वो अंदाज जीने का बेहतर होगा. लेकिन वहां भी बहुत समय तक टिक नहीं पाता. कुछ और प्रभावित कर जाता है. क्या करुं गुरुदेव? तपस्वी पूछते हैं- तुम करते क्या हो? वह बताता है- कारीगर हूं, कपड़ों पर नक्काशी करता हूं. तपस्वी बोलते हैं- अपनी कुछ कारीगरी दिखलाओगे. वह व्यक्ति उन्हें सुंदर मोर बनाया हुआ कपड़ा दिखला कर कहता है- यह मोर हमने बनाया. तपस्वी कहते हैं- यह मोर ही क्यों बना, कोयल क्यों नहीं बना? व्यक्ति कहता है- जब मैनें मोर बनाया है तो मोर ही बनेगा ना! तपस्वी बोलते हैं- ठीक इसी तरह हर व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण उसके विचारों से होता है. तुम अपने विचारों को पहचान ही नहीं पा रहे हो? विभिन्न विचारों में उलझ कर रह जा रहे हो. अपने सुदृढ़ विचारों को पहचान कर उसमें स्थिरता लाओ, और फिर जीवन को गतिशील बनाओ. मंजिल पा लोगे. बहुतेरे विचार तेरे पास आएंगे, उनमें से अपने अनुरुप रंग चुरा सकते हो. यह रंग तुम्हारे व्यक्तित्व को सजा देगा, भटकाएगा नहीं.

विवेकानंद जी ने कहा था- हम वहीं है, जो हमें हमारे विचारों ने बनाया है. इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आप सोचते क्या हैं. शब्द गौण हैं, विचारें जीवित हैं; यह दूर तक यात्रा करती हैं.

झारखंड के चतरा से लेकर हजारीबाग, बोकारो, पलामू, चाईबासा और सिंहभूम आदि ज़िलों के हर क्षेत्र में जैन मंदिरों एवं मूर्तियों के अवशेष पाए गए हैं, जो स्थापत्य शैली के आधार पर लगभग 10वीं-12वीं शताब्दी के प्रतीत होते हैं. आइए, आज हम झारखंड के प्रमुख जैन धर्म स्थलों के बारे में कुछ रोचक और कम ज्ञात तथ्यों के बारे में जानकारी हासिल करें.

## झारखंड में जैन धर्म





डॉ हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्वविद्

हमारे देश भारत में कई धर्म साथ-साथ चलते हैं. हिंदू धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म कहा जाता है, जिसे सनातन धर्म भी कहते हैं. कालक्रम में भारतीय भूखंड में इसी धर्म से कई अन्य शाखाएं भी प्रस्फुटित हुईं, जिनमें बौद्ध धर्म, जैन धर्म सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं. झारखंड में भी, इन धर्मों के अलावा, अन्य कई धर्मावलंबी रहते हैं और उनके धर्म का प्रभाव भी राज्य के समाज में स्पष्ट प्रतिबिंबित होता है. लेकिन ऐतिहासिक साक्ष्यों की तरफ जब हमारी नज़रें पड़ती हैं तो हम पाते हैं कि इनमें सबसे अधिक ऐतिहासिक साक्ष्य भी बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म से ही संबंधित हैं, जो राज्य के हर हिस्से में दिखाई देते हैं.

झारखंड, अपने घने जंगलों, पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र है. यहां के जैन मंदिर न केवल धार्मिक आस्था के स्थल हैं, बल्कि इतिहास और संस्कृति के भी महत्वपूर्ण प्रतीक हैं. यहां हम झारखंड के प्रमुख जैन धर्म स्थलों के बारे में कुछ रोचक और कम ज्ञात तथ्यों पर प्रकाश डालेंगे.

▪ **24 तीर्थंकर**

जैन धर्म के प्रणेता के रूप में ऋषभदेव या आदिनाथ को माना जाता है. अंतिम तीर्थंकर वर्धमान महावीर जैन थे और जैन धर्म की वास्तविक शुरुआत इन्हीं के समय में लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में हुई. जैन धर्म की विशेषताओं में इसका अहिंसात्मक स्वरूप सर्वोपरि है और जैन धर्म किसी भी ईश्वर सृष्टिकर्ता को नहीं मानता. इस धर्म के अंतर्गत कुल 24 तीर्थंकर हुए जो इस धर्म के आध्यात्मिक गुरु माने जाते हैं.

▪ **दिगंबर और श्वेतांबर**

जैन धर्म तीसरी शताब्दी तक तो मूल स्वरूप में चलता रहा लेकिन तीसरी शताब्दी के उपरांत यह दो भागों में विभक्त हो गया- दिगंबर और श्वेतांबर. अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार, दिगंबर वस्त्र विहीन रहते हैं और श्वेतांबर श्वेत वस्त्रों में रहते हैं.

▪ **झारखंड में जैन स्मारक**

पूरे देश में भी महत्वपूर्ण जैन स्मारक पाए जाते हैं, जिनमें पावापुरी, गिरनार, माउंट आबू के दिलवाड़ा मंदिर और शत्रुंजय का श्वेताम्बर पंचतीर्थ आदि प्रसिद्ध हैं. झारखंड में भी 12वीं शताब्दी के आसपास के जैन स्मारक या तीर्थंकरों आदि की मूर्तियां बहुतायत से पाई जाती हैं. चतरा जिला के अंतर्गत कौलेश्वरी पहाड़ी पर जैन तीर्थंकरों की आदमकद मूर्तियां खड़ी एवं बैठी स्थितियों में बड़े चट्टानों पर उकेरी गई हैं. यह जैन धर्मावलंबियों के लिए एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है.

लेखक द्वारा अपने पुरातात्विक अन्वेषण के क्रम में पूर्वी सिंहभूम ज़िले के बहरागोड़ा प्रखंड में गांव-गांव में अनेक जैन मूर्तियां देखी गईं, जो लोगों के घरों में रखी गई हैं. यह तय है कि वो कहीं दूर से नहीं लाई गई होंगी, बल्कि इसी क्षेत्र में किसी स्मारक का हिस्सा रही होंगी.

इसी प्रकार बोकारो ज़िला के चंदनकियारी, चास आदि प्रखंडों के अन्वेषण में सैकड़ों जैन मूर्तियां और स्थापत्य खंड देखे गए. चास प्रखंड के अंतर्गत प्रसिद्ध चेचकाधाम से एक किलोमीटर दक्षिण बेलूट गांव अवस्थित है, जो मुख्यतः सराक जैन लोगों का गांव है. इस गांव की विशेषता ये है कि यहां लगभग हर घर में प्राचीन काल की जैन मूर्तियां अथवा स्थापत्य अवशेष या तो दीवारों में लगाकर अथवा ऐसे ही किसी कोने में संग्रह कर रखे गए हैं. प्रखंड के बेलूट गांव में अनेक मूर्तियां देखी गईं, जो या तो पत्थर अथवा लकड़ी से निर्मित हैं. यहां घरों के दरवाजों में साल लकड़ी के कई पल्ले ऐसे देखे गए जो प्रथम दृष्टया निश्चित रूप से किसी प्राचीन मंदिर के दरवाज़े का हिस्सा प्रतीत होते हैं. इस पर पीपल के पत्ते, कमल के फूल आदि की ख़ूबसूरत नक्काशियां की गई हैं. लकड़ी की ऐसी अनेक प्राचीन मूर्तियां देखी गईं जो इनके कच्चे घरों की अंदरूनी छत की तरफ बीम में फंसा कर या घर के दरवाजे में लगाकर सुरक्षित ढंग से रखी गई हैं. अन्य घरों में जो मूर्तियां दिखीं उनके बारे में पता ये चला की लगभग 50-60 वर्ष पूर्व ये मूर्तियां चेचका धाम से उठाकर लाई गई हैं और जिनका अपने-अपने घरों में सजावट सामग्री के रूप में इस्तेमाल कर लिया गया है.

चंदनकियारी प्रखंड के अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भैरव स्थान में दिगंबर जैन मूर्तियों को, कपड़ों वगैरा से ढंक कर और चेहरे पर दुर्गा का मास्क लगाकर, उसकी माता दुर्गा के रूप में पूजा की जाती है, जबकि मूर्ति मुख्य रूप से जैन तीर्थंकर की है. पूरे राज्य में ऐसे अनेक मामले देखने को मिले.

▪ **विशाल जैन मंदिर के ध्वंसावशेष**

चंदनकियारी प्रखंड के अंतर्गत अमलाबाद में भी बिखरी हुई जैन मूर्तियों की भरमार है. चास से लगभग 20 किलोमीटर पूर्व, दामोदर नदी के दक्षिणी तट के पास माचा टांड़ नामक गांव के समीप तलघटिया में एक विशाल जैन मंदिर के ध्वंसावशेष देखने को मिले. यहां एक विशाल प्राचीन जैन मंदिर के स्थापत्य खंड दूर-दूर तक बिखरे पड़े हैं और बहुत सारी जैन मूर्तियां भी यहां बिखरी हुई देखी गईं. ग्रामीणों ने यहां चारदिवारी जैसा घेरा बना कर दो स्थानों पर इन मूर्तियों को संग्रहित कर दिया है. यहां कई खड़े अजानबाहु दिगंबर जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां भी संग्रहित हैं. कहने का तात्पर्य यह है कि चतरा से लेकर हजारीबाग बोकारो, पलामू, चाईबासा और सिंहभूम आदि ज़िलों के हर क्षेत्र में जैन मंदिरों एवं मूर्तियों के अवशेष पाए गए हैं, जो स्थापत्य शैली के आधार पर लगभग 10वीं-12वीं शताब्दी के प्रतीत होते हैं.

## ऐतिहासिक पारसनाथ (पार्श्वनाथ) व मधुबन

**झारखंड के जैन मंदिर न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि ऐतिहासिक धरोहर के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं. इन मंदिरों की स्थापत्य कला और धार्मिक महत्व को तो सैद्धांतिक रूप से बहुत लोग जानते हैं, लेकिन इनके इतिहास से जुड़े कई तथ्य आज भी आम जनता की जानकारी से परे हैं. यहां हम मुख्यतः झारखंड के सबसे प्रसिद्ध दो जैन ऐतिहासिक स्थलों की बात करना चाहेंगे जिन्हें पारसनाथ (पार्श्वनाथ) और मधुबन के नाम से जाना जाता है. जानकारी के लिए, 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के नाम पर इस पहाड़ी का नाम पारसनाथ रखा गया है.**

- पारसनाथ पर्वत, जिसे सम्मेद शिखर, यानी सम्माननीय शिखर, के नाम से भी जाना जाता है, झारखंड का सबसे प्रमुख जैन तीर्थ स्थल है. माना जाता है कि पार्श्वनाथ ने यहां कठोर तपस्या करते हुए यहीं मोक्ष प्राप्त किया था. पहले यह स्थल काफी समय तक अज्ञात रहा. 18वीं शताब्दी में इस स्थल को पुन: खोजा गया और यहां के जैन मंदिरों का पुनर्निर्माण किया गया.

  ये तीर्थ स्थल पारसनाथ पहाड़ियों में अवस्थित है जो गिरिडीह जिले के पूर्वी छोर पर स्थित है. इन पहाड़ियों की सबसे ऊंची चोटी 1350 मी. है जो झारखंड राज्य का सबसे ऊंचा पर्वत है. यहीं पर जैनियों का सबसे महत्वपूर्ण एवं पवित्र तीर्थ स्थल है, जो दुनिया भर में विख्यात है. जैनी इसे सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल मानते हैं क्योंकि यहां 24 जैन तीर्थंकरों में से 20 ने, कई अन्य भिक्षुओं के साथ, मोक्ष प्राप्त किया था. ये गिरनार, पावापुरी, चंपापुरी, दिलवारा आदि के साथ-साथ उसी स्तरके प्रमुख जैन तीर्थ स्थलों में माना जाता है. हर साल हजारों जैन तीर्थयात्री पारसनाथ पर्वत की चढ़ाई करते हैं. यह यात्रा करीब 27 किलोमीटर लंबी है और इसमें 20 प्रमुख मंदिरों (गुमटी या तोंक) का दर्शन किया जाता है.

  इन मंदिरों के निर्माण में संगमरमर और पत्थर का व्यापक उपयोग किया गया है. संगमरमर की ये मूर्तियां और स्तंभ दर्शनीय हैं.

  कई जैन मंदिरों में प्राचीन शिलालेख भी पाए गए हैं, जो इन मंदिरों के इतिहास और धार्मिक महत्त्व को दर्शाते हैं. ये शिलालेख जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा अर्पित किए गए दान और धार्मिक अनुष्ठानों का विवरण देते हैं.
- इस पारसनाथ या पार्श्वनाथ पहाड़ी के उत्तरी उतार को मधुबन क्षेत्र के नाम से जाना जाता है. इस शिखर पर मंदिरों की वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1768 में जगत सेठ द्वारा किया गया था हालांकि इसमें रखी मूर्तियां और प्राचीन हो सकती हैं.
- आधुनिक इतिहास के अभिलेखों से पता चलता है कि वाघेला वंश के राजा वीर धवल तथा विशाल देव के शासनकाल के दौरान प्रधानमंत्री वस्तु पाल ने तीर्थंकरों की बीस मूर्तियां वाले एक जैन मंदिर का निर्माण कराया था. मंदिर में उनके पूर्वजों आदि की मूर्तियां भी रखवाई गई थीं. भारत में मुगल शासन के दौरान वर्ष 1583 में सम्राट अकबर ने आसपास के क्षेत्र में जानवरों के वध को रोकने के लिए जैन समुदाय को शिखरजी हिल का प्रबंधन देने वाला एक फरमान भी पारित किया था.
- जैनों के लिए तो यह स्थान पवित्र है ही, संथाल भी इस पहाड़ी को अपने देवता के नाम पर मारंग बुरु कहते हैं. वे बैसाख (मध्य अप्रैल) में पूर्णिमा दिवस पर एक शिकार त्यौहार मनाते हैं.
- यहां पर अनेक धर्मशालाएं एवं पुस्तकालय-संग्रहालय आदि भी निर्मित किए गए हैं जिनका उपयोग यहां आने वाले तीर्थ यात्री करते हैं.
- इस प्रकार गिरिडीह जिला के अंतर्गत पारसनाथ का यह पहाड़ी क्षेत्र झारखंड के एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात है.

## दिशाएं तय करती हमारे सुख-दुख



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

*वास्तु में दिशाओं की बहुत अहमियत है. मान्यता है कि दिशाओं के अनुसार हमारे सुख-दुख का निर्धारण होता है. जाने-अनजाने दिशाओं में प्रतिकूल चीजें-प्रतिस्थितियों का होना कई परेशानियों का कारण हो सकता है. आइए, जाने वास्तु के अनुसार दिशाएं हमारी जिंदगी को कैसे प्रभावित करती हैं-*



**भवन की पूर्व दिशा :** पूर्व में मुख्य द्वार बड़ा हो, उसमें बड़ी-बड़ी खिड़कियों एवं झरोखों से सूर्य का प्रकाश आता हो तथा पूर्व की दिशा में किसी प्रकार का दोष नहीं हो तो उसमें वास करने वाले को अच्छे स्वास्थ्य पराक्रम तेजस्विता सुख-समृद्धि एवं गौरवपूर्ण जीवन की प्राप्ति होती है.

घर के पूर्वी भाग में कूड़ा -कचरा पत्थर और मिट्टी के देर हो तो संतान की हानि होती है. साथ ही इस दिशा में दोष होने पर व्यक्ति के सांसारिक एवं आध्यात्मिक विकास में कमी आ जाती है. पिता के सुख में कमी, पुत्र संतान की कमी, विकलांग संतान का जन्म, एवं यश और प्रतिष्ठा में कमी आती है. इसके अतिरिक्त इस दिशा के दोष पूर्ण होने पर धन का अपव्य कर्ज, मानसिक अशांति नेत्र विकार, लकवा, रक्तचाप, सर दर्द या सिर से संबंधित रोग, हड्डी के टूटने आदि रोग की आशंका बनती है.

**पश्चिम दिशा :** पश्चिम दिशा पत्नी सुख, वैवाहिक सुख, व्यवसाय में प्रगति, साझेदारी का व्यवसाय, कोर्ट कचहरी के मामले, गुप्तांग आदि का विचार इसी स्थान से किया जाता है.

भवन में वर्षा जल पश्चिम से होकर बाहर जा रही हो तो पुरुष लंबी बीमारियों के शिकार होते हैं. इस दिशा में दोष रहने पर नपुंसकता, पैरों में तकलीफ, कुष्ठ रोग, रीड की हड्डी में कष्ट, गठिया, स्नायु एवं वात संबंधी रोगों की आशंका रहती है. यदि घर की पश्चिम दिशा में दरारे हों तो गृह स्वामी को गुप्तांग में बीमारी होती है तथा आमदनी अव्यवस्थित रहती है. यदि पश्चिम दिशा में अग्नि स्थान हो तो मस्से की शिकायतें होंगी.

**उत्तर दिशा :** उत्तर दिशा में खाली जगह छोड़ने से ननिहाल पक्ष लाभान्वित होता है. यह दिशा शुभ होने पर व्यक्ति को विद्या तथा बुद्धि की प्राप्ति और उसमें कविता शक्ति तथा विभिन्न प्रकार के आविष्कारों की क्षमता का विकास होता है. साथी नौकर-चाकर, मित्र, घर एवं विभिन्न प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है. उत्तर दिशा दोषपूर्ण हो तो गृह स्वामी की कुंडली का चौथा भाव निश्चित बिगड़ा हुआ होता है. ऐसे जातक के मातृ सुख, नौकर-चाकर के सुख, भौतिक सुख आदि की कमी रहती है. साथ ही हर्निया, हृदय तथा चर्म रोग, गॉल ब्लैडर की बीमार पागलपन, हैजे, फेफड़े एवं रक्त से संबंधित बीमारियों की आशंका बनी रहती है.

**दक्षिण दिशा :** यह दिशा सभी प्राणियों को जीवन शक्ति देता है और उत्साह और स्फूर्ति प्रदान करता है. किंतु इसके बुरे प्रभाव से शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक एवं आध्यात्मिक व्यग्रता बनी रहती है. यह धैर्य तथा पराक्रम का स्वामी होता है.. कुंडली का दशम भाव इसका कारक स्थान है.

यदि घर के दक्षिण में कुआं, दरार, कचरा, कूड़ादान एवं पूर्ण कबाड़ हो तो हृदय रोग, जोड़ का दर्द, खून की कमी, पीलिया आदि की बीमारियां होती हैं. यदि दक्षिण में कुआं या जल हो तो अचानक दुर्घटना से मृत्यु होती है. साथ ही दिशा दोषपूर्ण होने पर स्त्रियों में गर्भपात, मासिक धर्म में अनियमितता, रक्त विकार, उच्च रक्तचाप, बवासीर, दुर्घटना, फोड़े -फुंसी, अल्सर आदि से संबंधित बीमारियां देती है तथा नौकरी- व्यापार में नुकसान, समाज में अभ्यास, पितृ सुख में अवरोध, पिता के व्यसनी होने, सरकारी कामों में असफलता आदि की आशंका बनी रहती है.

23 जून से 5 जुलाई तक एक पक्ष 13 दिनों का है

## विश्वघस्र में वर्जित हैं शुभ कार्य





आचार्य प्रणव मिश्रा

सूर्य-चन्द्र की गणित के अनुसार पंचाङ्गों में प्रतिवर्ष 14,15 या 16 दिन के पक्ष हुआ करते हैं. अर्थात् किसी पक्ष में किसी तिथि के क्षय हो जाने की स्थिति में 14 दिन, किसी पक्ष में तिथिवृद्धि (अर्थात् 24 घण्टे से अधिक व्याप्ति हो तो उभयदिन-व्याप्त तिथि होने से पक्ष 16 दिन का हो जाता है. कभी-कभी किसी पक्ष में तिथि क्षय या तिथि वृद्धि न हो तो पक्ष 15 दिन का ही होता है.

लेकिन सूर्य-चन्द्र की स्पष्ट गणित प्रक्रिया के अनुसार किसी पक्ष-विशेष में दो बार तिथिक्षय हो जाने से 13 दिन का पक्ष हो जाता है. इस प्रकार के त्रयोदश दिनात्मक पक्ष को 'विश्वघस्र' नाम दिया गया है. इस पक्ष को अशुभ और अनेक शुभकार्यों में वर्जित लिखा है.

पूर्व में भी कई बार 13 दिन का पक्ष घटित होता है. 13 दिन का पक्ष जनता में भयंकर रोग, अशान्त सीमाक्षेत्र, महंगाई, देश में कहीं उग्रवादजन्य किंवा साम्प्रदायिक उपद्रव,राजनैतिक पार्टियों में असमंजस, विश्व के कुछ देशों में युद्धात्मक स्थिति, किसी देश का विघटन, कहीं प्राकृतिक भयंकर आपदा से जनजीवन अस्त-व्यस्त करता है.


ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार त्रयोदश दिनपक्ष होने से देश की सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अशान्ति, कहीं जातिगत एवं धार्मिक उपद्रव, हिंसा किंवा प्रतिष्ठित व्यक्ति (राजनीतिज्ञ) का विछोह सहना संभावित है. वैसे भी गोचर ग्रहस्थिति इस वर्ष तूफान, भूस्खलन, भूकम्प, पर्वतों के दरकने आदि प्राकृतिक प्रकोपों से एवं दुर्भिक्ष और खाद्य पदार्थों की कमी से जन-जीवन दूभर रहेगा.

ऐसा पहला संयोग द्वापर युग में बना था जब कौरव-पांडव युद्ध हुआ. द्वापर युग के महाभारत काल में 13 दिन के पक्ष में यह पहला दुर्योग काल निर्मित हुआ था. इस दौरान कौरव व पांडवों के बीच भीषण युद्ध हुआ तथा अपार जनहानि हुई. ये समय श्राद्ध पक्ष की तरह अशुभ है. महाभारत सहित कई बड़े युद्ध ऐसे ही 13 दिन में हुए हैं. वर्ष 1937 में विनाशकारी भूकंप आया था. वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध हुआ तब भी एक पक्ष 13 दिन का था. वर्ष 1999 के 13 दिन पक्ष में ही करगिल युद्ध हुआ था. ऐसे पक्ष में विवाह, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश, नवीन कार्य आरंभ आदि मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए.

जब जब यह 13 दिन का पक्ष आएगा तो बहुत सारी आपदाएं आएंगी. इस आपदा से बचने के लिए विष्णु भगवान का पूजन और विष्णु गायत्री का जाप करते रहना चाहिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## आईसीसी टूर्नामेंट में 'ट्रेजेडी' का इतिहास रहा है दक्षिण अफ्रीका का, विश्व कप नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका का दिल बार-बार टूटता रहा था

# दक्षिण अफ्रीका ने एक मैच से दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिये



भाषा। नयी दिल्ली

विश्व कप नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका का दिल बार-बार टूटता आया है. उसकी दास्तां शेक्सपियर की किसी 'ट्रेजेडी' की तरह ही रही जिसमें सुखांत का बस इंतजार ही रहता था. आलम यह था कि दक्षिण अफ्रीका को दबाव के आगे घुटने टेकने वाले 'चोकर्स' कहा जाने लगा लेकिन एक मैच ने दास्तां बदल दी, वक्त बदल दिया और जज्बात बदल दिये . अफगानिस्तान को तारोबा में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नौ विकेट से हराकर पहली बार दक्षिण अफ्रीका टीम फाइनल में पहुंची तो न जाने कितने सालों के जख्मों पर मरहम लग गया. दक्षिण अफ्रीका के आईसीसी टूर्नामेंटों में निराशाजनक अतीत की बानगी इस प्रकार है.

### दक्षिण अफ्रीका अक्सर बड़े टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में आकर प्रतियोगिता से बाहर हो जाती रही थी, 32 सालों बाद फाइनल में जगह बनायी

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1992 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल :** दबाव के आगे घुटने नहीं टेके लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया. रंगभेद के कारण बाईस साल का निष्कासन झेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी दक्षिण अफ्रीका के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज और चुस्त फील्डर थे. लेकिन सेमीफाइनल में बारिश आई और उसे सात गेंद से 22 रन की बजाय अब एक गेंद में 22 रन बनाने का संशोधित लक्ष्य मिला.

**वेस्टइंडीज के खिलाफ 1996 विश्व कप क्वार्टर फाइनल :** सभी ग्रुप मैच जीतने के बाद हैंसी क्रोन्ये की टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा था लेकिन ब्रायन लारा की जबर्दस्त बल्लेबाजी के बाद रोजर हार्पर और जिम्मी एडम्स की फिरकी के जाल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फंसते चले गए और 19 रन से हार गए .

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1999 विश्व कप सेमीफाइनल :** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का सबसे निराशाजनक मैच . टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे लांस क्लूसनर को जिसने 'ट्रेजेडी किंग' बना दिया. जीत के लिये 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे . आखिरी जोड़ी क्रीज पर थी . क्लूसनर ने पहली दो गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एलेन डोनाल्ड रन आउट हो गए और मैच टाई हो गया. सुपर सिक्स चरण में जीत दर्ज करने के कारण ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंचा.

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2007 विश्व कप सेमीफाइनल :** पहले बल्लेबाजी का दक्षिण अफ्रीका का फैसला गलत साबित हुआ . ग्रीम स्मिथ, हर्शल गिब्स , जाक कैलिस, एबी डिविलियर्स और मार्क बाउचर जैसे धुरंधर 149 के स्कोर पर आउट हो गए . ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहते मैच जीता .

**पाकिस्तान के खिलाफ 2009 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल :** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, भारत को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई . लेकिन शाहिद अफरीदी की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने टीम 150 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर सकी .

**न्यूजीलैंड के खिलाफ 2011 वनडे विश्व कप क्वार्टर फाइनल :** एबी डिविलियर्स, फाफ डु प्लेसी, ग्रीम स्मिथ, जाक कैलिस और जेपी डुमिनी जैसे दिग्गज न्यूजीलैंड के खिलाफ 222 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाये . एक समय 25 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाने के बाद अगले सात विकेट 64 रन पर गंवा दिये.

**इंग्लैंड के खिलाफ 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल :** दक्षिण अफ्रीका का स्कोर आठ विकेट पर 80 रन था जिसके बाद डेविड मिलर और रोरी क्लेनवेल्ट ने इसे 175 रन तक पहुंचाया . जोनाथन ट्रॉट के नाबाद 82 रन की मदद से इंग्लैंड ने 12 ओवर और सात विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की.

**भारत के खिलाफ 2014 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल :** भारतीय टीम ने एक इकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन करके दक्षिण अफ्रीका को हराया.

**न्यूजीलैंड के खिलाफ 2015 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल :** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटरों की सुनहरी पीढ़ी. हर विभाग में उत्तम लेकिन फिर सेमीफाइनल हारे. न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराकर फिर दक्षिण अफ्रीका का दिल तोड़ा.

**नीदरलैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सुपर 12 :** सेमीफाइनल से एक जीत दूर दक्षिण अफ्रीकी टीम को नीदरलैंड ने 13 रन से हराकर उलटफेर कर दिया था.

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल :** लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अंतिम चार के अहम मुकाबले में एक बार फिर 'चोकर ' साबित हुई दक्षिण अफ्रीका टीम.

## दक्षिण अफ्रीका की टीम ने खुद पर लगे चोकर्स का दाग धो डाला

# 'जाइंट किलर' को हराकर दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में

भाषा। तारोबा




23 रन बनाकर कप्तान एडेन मार्करम नाबाद रहे.

अपने जांबाज प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले अफगानिस्तान का टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया, जब दक्षिण अफ्रीका ने अपने पर लगा 'चोकर्स' का ठप्पा हटाते हुए उसे नौ विकेट से हराकर पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनायी. इस हार के बावजूद हालांकि अफगान टीम फख्र के साथ सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी, जिसने अपने जुझारू प्रदर्शन से समूचे क्रिकेट जगत को चौंका दिया है. दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए अफगानिस्तान को मात्र 56 रन पर आउट कर दिया.

मार्को जेनसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि कैगिसो रबाडा ने 14 और एनरिच नॉर्किया ने सात रन देकर दो दो विकेट चटकाये. पावरप्ले के भीतर अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 28 रन था और पूरी टीम 11 . 5 ओवर में आउट हो गई. क्विंटोन डिकॉक का विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने 8 . 5 ओवर में 60 रन आसानी से बना डाले. रीजा हेंडरिक्स 29 रन बनाकर और कप्तान एडेन मार्करम 23 रन बनाकर नाबाद रहे. अफगानिस्तान ने अपनी सारी ऊर्जा सेमीफाइनल तक पहुंचने में झोंक डाली थी जो उनके प्रदर्शन में नजर आया. दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने उनके बल्लेबाज टिक ही नहीं सके और टीम अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई. दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने तो कहर बरपाया ही, अफगानिस्तान के बल्लेबाज भी गलतियां करते चले गए. फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को जेनसन ने आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर ललचाया और वह स्लिप में रीजा हेंडरिक्स को कैच दे बैठे. उनके जाते ही अफगानिस्तान बल्लेबाजी क्रम में हड़कंप मच गया और जेनसन ने भीतर की ओर आती गेंद पर गुलबदिन नायब को आउट किया. इब्राहिम जदरान ने रबाडा की गेंद पर अपना पैर बिल्कुल भी नहीं हिलाया और गेंद सीधे लेग स्टम्प पर पड़ी. चौथे ओवर में तीन गेंद बाद मोहम्मद नबी इसी अंदाज में आउट हुए लेकिन इस बार आफ स्टम्प पर निशाना था. नॉर्किया ने अजमतुल्लाह उमरजई को डीप में ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों लपकवाया. इस विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए गुरबाज , जदरान और उमरजई ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं लेकिन इस अहम मुकाबले में तीनों मिलकर 12 रन ही बना सके. कप्तान राशिद खान ने कुछ अच्छे शॉट्स की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने नॉर्किया के सामने पूरा स्टम्प खुला छोड़ दिया और बोल्ड हो गए. लेग स्पिनर तबरेज शम्सी ने एक ही ओवर में करीम जनत और नूर अहमद के विकेट निकाले. उन्होंने छह रन देकर तीन विकेट लिये.

### आत्मविश्वास लेकर जा रहे हैं , यह हमारे लिए आगाज है : राशिद खान



**तारोबा।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप के एकतरफा सेमीफाइनल में मिली हार से दुखी हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनकी टीम के लिए शुरुआत है और इस टूर्नामेंट से उन्हें किसी भी टीम को हराने का आत्मविश्वास मिला है. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले सेमीफाइनल में अपने न्यूनतम स्कोर 56 रन पर आउट होने के बाद अफगानिस्तान को नौ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी. राशिद ने मैच के बाद कहा, एक टीम के रूप में हमारे लिये यह कठिन था. हमने बेहतर प्रदर्शन किया होता लेकिन हालात ने हमारा साथ नहीं दिया. टी20 क्रिकेट यही है, जिसमें आपको स्थिति अनुरूप ढलना होता है.

### टीम के खिलाड़ी शांतचित्त रहें, अब डरना मना है : एडेन मार्करम



**तारोबा।** दक्षिण अफ्रीका को पहली बार टी20 विश्व कप फाइनल में ले जाने वाले कप्तान एडेन मार्करम ने खिलाड़ियों से शांतचित्त रहने और खिताबी मुकाबले से नहीं डरने का आग्रह किया है. दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराया . मैच के बाद मार्करम ने कहा, यह हमारे लिये अगला कदम है. फाइनल हम पहली बार खेलने जा रहे हैं लेकिन डरने की कोई बात नहीं है. यह जीत हमारे लिये काफी मायने रखती है. हमारे पास कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं लेकिन इस तरह के प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को एक इकाई के रूप में खेलना होता है. अफगानिस्तान को 56 रन पर समेटने वाले अपने गेंदबाजों की तारीफ भी की.

### ब्रीफ खबरें

#### मुगुरूजा डब्ल्यूटीए फाइनल्स की निदेशक

**रियाद।** हाल ही में टेनिस को अलविदा कहने वाली दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा सउदी अरब में 2024-26 में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स की टूर्नामेंट निदेशक होंगी. मुगुरूजा पहली पूर्व खिलाड़ी है जो सत्र की आखिरी चैंपियनशिप में यह पद संभालेंगी. शीर्ष आठ एकल खिलाड़ियों और शीर्ष आठ महिला युगल टीमों के बीच होने वाला यह एलीट टूर्नामेंट पहली बार इस साल सउदी अरब में दो से नौ नवंबर के बीच होगा.

#### सिल्वरवुड ने श्रीलंका कोच से इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने गुरुवार को टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया. पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था. सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है. अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं.

#### एचआईएल से खिलाड़ियों को पहचान मिलती है

**नयी दिल्ली।** दिग्गज ड्रैग फ्लिकर वीआर रघुनाथ ने कहा कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) से उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने में मदद मिलेगी जो भविष्य में राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेल सकते हैं. एचआईएल की भारतीय हॉकी में सात साल बाद वापसी हो रही है, जिसमें पुरुष वर्ग में आठ और महिला वर्ग में छह टीम भाग लेंगी. इसका आयोजन दिसंबर 2024 और फरवरी 2025 में किया जाएगा.

#### अक्टूबर में लंदन में होगा वैश्विक शतरंज

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग (ग्लोबल चेस लीग) का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा. आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है. दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा, जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे.

## विश्व कप जीतने के लिए हर खिलाड़ी को देना होगा योगदान : कपिल देव


भाषा। नयी दिल्ली



भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि व्यक्तिगत प्रतिभा नहीं बल्कि सामूहिक प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि क्या रोहित शर्मा की टीम वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीतकर अपने एक दशक से अधिक समय से वैश्विक ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर पाएगी या नहीं. भारत गुरुवार रात (भारतीय समयानुसार) को टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा. इस मैच को जीतने वाली टीम खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी जिसने पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को करारी शिकस्त दी. कपिल ने एक साक्षात्कार में कहा, हम केवल रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या या कुलदीप यादव के बारे में ही क्यों बात करें? हर किसी को भूमिका निभानी है. उनका काम टूर्नामेंट जीतना है. एक मैच जीतने के लिए किसी एक खिलाड़ी का प्रदर्शन मायने रख सकता है लेकिन एक टूर्नामेंट जीतने के लिए सभी को एकजुटता के साथ काम करना होगा. अगर हम बुमराह या अर्शदीप पर ही निर्भर रहेंगे, तो हमारे लिए जीत दर्ज करना मुश्किल होगा.

## ऐसी पिच पर कोई भी सेमीफाइनल नहीं खेलना चाहेगा: जोनाथन ट्रॉट

भाषा। तारोबा (त्रिनिदाद)




अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी. इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी. अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है.

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा. ट्रॉट ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा. इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया. उन्होंने कहा, मुकाबला बराबरी का होना चाहिए. मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो.

## वेनेजुएला कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। इंगलवुड (अमेरिका)



वेनेजुएला ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मैक्सिको को 1-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की. मैच का एकमात्र गोल 57वें मिनट में सालोमोन रोन्डोन ने पेनल्टी किक पर किया. इस हार से मैक्सिको पर पहले दौर से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है. वेनेजुएला ने अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया था और उसका ग्रुप बी में शीर्ष दो टीम में रहना तय है. वह अपना आखिरी मैच रविवार को जमैका के खिलाफ खेलेगा. जमैका की टीम पहले ही नॉकआउट चरण की दौड़ से बाहर हो चुकी है. मैक्सिको ने जमैका पर 1-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी. उसके भी इक्वाडोर के बराबर तीन अंक हैं. इक्वाडोर ने बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच में जमैका को 3-1 से हराया.

## यूरो 2024: स्लोवाकिया और रोमानिया अंतिम 16 में

एजेंसी। फ्रैंकफर्ट

रोमानिया ने स्लोवाकिया से 1-1 से ड्रॉ खेला और दोनों टीमों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में जगह बना ली. रोमानिया ग्रुप ई में बेहतर गोल औसत के आधार पर बेल्जियम से ऊपर शीर्ष पर रहा. स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रही. स्लोवाकिया के लिए 24वें मिनट में ओंडरेज डुडा ने हेडर पर गोल किया. वहीं रोमानिया के लिये रजवान मारिन ने 37वें मिनट में बराबरी का गोल किया. रोमानिया वर्ष 2000 के बाद पहली बार यूरो नॉकआउट में खेलेगा जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा. बेल्जियम की टक्कर फ्रांस से और इंग्लैंड का सामना स्लोवाकिया से होगा.

**गोलरहित ड्रॉ के बाद बेल्जियम अंतिम 16 में :** बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया जबकि यूक्रेन चार अंक लेकर बाहर होने वाली ग्रुप की पहली टीम बन गई. बेल्जियम का सामना अब सोमवार को डसेलडोर्फ में अंतिम 16 के मुकाबले में फ्रांस और काइलियान एमबाप्पे से होगा. ग्रुप ई में सभी टीमों के चार अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर



रोमानिया शीर्ष, बेल्जियम दूसरे और स्लोवाकिया तीसरे स्थान पर रहा.

रोमानिया और स्लोवाकिया का मैच 1 . 1 से ड्रॉ रहा.

#### जॉर्जिया ने पुर्तगाल को 2-0 से हराया


मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई . रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारात्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की . उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली .

### महिला क्रिकेट

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच की शुरुआत आज से होगी

# एकमात्र टेस्ट मैच में युवा खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

भाषा। चेन्नई



मैच का समय : सुबह 9.30 बजे

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में जब आमने-सामने होंगी तो युवा विशेषकर पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों पर सभी की निगाह टिकी रहेगी. महिला खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का कम मौका मिलता है और ऐसे में भारतीय टीम में शामिल कम से कम पांच खिलाड़ियों को यहां पदार्पण करने का मौका मिल सकता है.

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम एक दूसरे के खिलाफ लगभग एक दशक बाद टेस्ट मैच खेलेंगी. भारत ने इस मैच से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था और उसकी टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी. उमा छेत्री, प्रिया पूनिया, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी और शबनम शकील को अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी. भारत ने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेला था. उसने इन दोनों मैच में जीत दर्ज की थी. भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच 2014 में मैसूर में खेला था तथा उसने पारी और 34 रन से जीत दर्ज की थी. भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अभी तक केवल पांच टेस्ट मैच खेले हैं. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना भारतीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं. उन्होंने अपनी कप्तान से एक टेस्ट मैच अधिक खेला है. मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसे वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी जारी रखना चाहेंगी. शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा जैसी खिलाड़ियों से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है. गेंदबाजी में दीप्ति और पूजा वस्त्राकर ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था. दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों के लिए भी उनका सामना करना आसान नहीं होगा. चेन्नई की पिच स्पिनरों को मदद पहुंचाती रही है और ऐसे में स्नेह राणा की ऑफ ब्रेक को खेलना मुश्किल होगा.

#### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, प्रिया पूनिया, शैफाली वर्मा, शुभा सतीश, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुंधति रेड्डी और रेणुका ठाकुर सिंह.

**दक्षिण अफ्रीका :** लॉरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, तजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मिके डी रिडर (विकेट कीपर), सिनालो जाफ्ता (विकेट कीपर), मारिजाने कप्प, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज-मारी मार्ज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुकुने, नोंडुमिसो शंगासे और डेलमी टकर.

## गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डैनियल को हराया

भाषा। बुखारेस्ट (रोमानिया)



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की. इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा. गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की. गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा. अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे. उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया. दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए. बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल की शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया.

रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया. गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की. काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञाननंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली. दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये.

▼ ब्रीफ खबरें

## 17.5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं वाहिनी बथनाहा ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. तस्कर एक सुजुकी ब्रांड की ऑल्टो कार में 17.5 किलो गांजा छिपाकर नेपाल की ओर से आ रहा था. जैसे ही तस्कर गाड़ी को लेकर सोनापुर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के समीप पहुंचा, एसएसबी के जवानों को देखकर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सोनापुर के बगल से जाने वाली सड़क की ओर अपनी सुजुकी गाड़ी को मोड़कर वहां से भागने का प्रयास किया.

## नवादा में भूमि विवाद में मारपीट, चार घायल

**नवादा ।** नवादा जिला में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर गोली चली. दबंगों ने एक परिवार के छह सदस्यों को बेहरमी से पीटा. इस घटना से इलाके में दहशत है. घटना नेमदारगंज थाना क्षेत्र के लोदी पुर गांव की है. पीड़ित परिवार के अनुसार उनके निजी जमीन में पड़ोस के शिवदानी प्रसाद जबरन जमीन में छज्जा निकालने को लेकर भिड़ गए थे. इस दौरान गोलीबारी और परिवार के सभी सदस्यों से बेरहमी से मारपीट भी की गई. हालांकि इस गोलीबारी में किसी को गोली नहीं लगी है. जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में हुए झड़प में एक परिवार के दो महिला और चार पुरुष बुरी तरह से घायल हो गए हैं.

## ठनका की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले में पीपरा थाना क्षेत्र के सरीयतपुर गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक स्कूली बच्चे की मौत हो गई. जबकि एक दूसरा बच्चा घायल हो गया. पुलिस के मुताबिक दोनों स्कूल से छुट्टी होने के बाद घर लौट रहे थे. इसी दौरान तेज गरज के साथ गिरे ठनका की चपेट में आ गये. मरने वाली बच्ची सरीयतपुर गांव निवासी ललन साह की 9 वर्षीय श्रृति कुमारी बतायी गयी है. जो सरीयतपुर खां टोला प्राथमिक विधालय की तीसरी क्लास की छात्रा थी. जबकि घायल दूसरी बच्ची रेशमी बतायी गयी है, जिसका इलाज पीपरा में ही निजी क्लिनिक में चल रहा है.

### भारी बारिश के बीच प.चंपारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# 120 करोड़ की लागत से कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण

संवाददाता । पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया. साथ ही परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण कर वहां पौधरोपण भी किया. मुख्यमंत्री भारी बारिश के बीच प.चम्पारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे. उन्होंने 120 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर के साथ अतिथि गृह का लोकार्पण किया.



कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण के मौके पर सीएम नीतीश कुमार व अन्य.

उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे. कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया.

नीतीश कुमार ने कन्वेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया. मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में कुशल मानिटरिंग करने व गुणवत्ता पूर्ण काम करने के लिये डीएम, एसडीएम और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया. कार्यक्रम के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए. बताया जाता है कि सीएम नीतीश पटना आने के बाद दिल्ली के लिए भी रवाना हो सकते हैं. क्योंकि 29 जून को दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है.

उल्लेखनीय है कि 06 मई, 2022 को मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअल शिलान्यास किया था. कुल 25 एकड़ में निर्मित कन्वेंशन सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है. इसका निर्माण 120 करोड़ की लागत से किया गया है. कन्वेंशन सेंटर की क्षमता 500 लोगों की है. कन्वेंशन सेंटर में बहुउद्देशीय सभागार, आधुनिक ऑडियो और वीडियो उपकरण लगाए गए हैं. पार्किंग की भी विशेष व्यवस्था की गई है. पूरे भवन को भूकंप रोधी बनाया गया है. साथ ही कन्वेंशन सेंटर में बराज के किनारे 100 कमरों का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अतिथि गृह भी बना है. सबसे बड़ी बात है कि यहां ठहरने वाले पर्यटक कमरों से ही जल, जंगल और पहाड़ का दीदार कर सकेंगे.

# बक्सर में घर के बाहर सो रहे शख्स की गोली मारकर हत्या

संवाददाता । बक्सर

बक्सर के इटाढ़ी थाना क्षेत्र से गुरुवार की सुबह घर के बाहर सोए अवस्था में एक व्यक्ति के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई. घर के बगल में बर्थडे पार्टी चल रही थी और तभी बुधवार की रात किसी ने इस घटना को अंजाम दे दिया. पूरा मामला इटाढ़ी थाना क्षेत्र के खनिता गांव का है.

मृतक की पहचान राशिद हजाम (45 वर्ष) के रूप में की गई है. घटना के बारे में भतीजा नजीर हुसैन ने बताया कि बुधवार की रात खाना खाने के बाद राशिद हजाम घर के बाहर खाट पर सोए हुए थे. बगल में किसी के यहां बर्थडे पार्टी चल रही थी. इस दौरान जेनरेटर की आवाज भी काफी आ रही थी. ऐसे में किसी ने मौका देखकर हत्या कर दी. घटना कब हुई किसी को जानकारी नहीं हुई. सुबह में पता चला कि इस तरह की घटना हो गई है.

बताया कि राशिद हजाम मजदूरी करते थे. बताया जाता है कि राशिद के कमाने से ही घर चलता था. परिवार वालों का मानना है कि किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी. राशिद के पास जमीन भी नहीं है कि भूमि विवाद में इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया हो. उधर घटनास्थल से पुलिस को गोली का खोखा नहीं मिला है.

### लगातार बढ़ रहा डिस्चार्ज, प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार

# सुपौल में कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा, बैराज के 21 फाटक खोले गए

संवाददाता । पटना

सुपौल में कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है. बीते बुधवार की सुबह से ही कोसी नदी के बैराज से डिस्चार्ज लगातार बढ़ते क्रम में दर्ज किया जा रहा है गुरुवार सुबह आठ बजे तक डिस्चार्ज का लेवल एक लाख 48 हजार क्यूसेक दर्ज किया गया है. बढ़ते पानी के प्रेशर को देखते हुए बैराज प्रशासन की ओर से 56 में से 21 फाटक खोल दिए गए हैं. हालांकि प्रशासन की ओर से स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है. आपको बता दें कि एक तरफ जहां बिहार में मॉनसून ने दस्तक दे दी है तो उधर नेपाल के पहाड़ी इलाकों में भी पिछले कुछ दिनों में रुक-रुककर लगातार वर्षा हुई है. बारिश के चलते कोसी नदी में पानी का प्रवाह बढ़ गया है. नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है.

**किसानों को काफी नुकसान हुआ :** गौरतलब हो कि हर साल बारिश के समय कोसी के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी सामने आती है. हर साल निचले इलाकों में पानी भरने का खतरा रहता है. किसानों की फसलें डूब जाती हैं. इस बार भी हुआ है. इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है. किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है. किसानों की मानें तो करीब 200 एकड़ में लगी मूंग और मक्के की फसल पूरी तरह से डूब गई है. उधर, प्रशासन और स्थानीय लोग किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं. हालांकि फिलहाल खतरे वाली कोई बात नहीं है. ये जरूर है कि अचानक पानी आ जाने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है. वहीं दूसरी ओर लोगों में भी नाराजगी है कि अब तक नाव आदि की व्यवस्था नहीं की गई है.



कोसी नदी

## नूना-बकरा नदी में उफान पर, सिकटी प्रखंड में सड़क बहा

**फारबिसगंज/अररिया ।** नेपाल में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अररिया के जिला मुख्यालय होकर बहने वाली प्रमाण नदी, नूना और बकरा नदी उफान पर है. इन नदियों के उफान से निचले क्षेत्रों में तीन से चार फीट पानी भर गया है. इसे लेकर लोग सुरक्षित ठिकाने की तरफ पलायन करने लगे हैं. सीमावर्ती क्षेत्र सहित नेपाल में हो रही लगातार बारिश से नेपाल के ईटहरी, धूबी व बिराटनगर जलमग्न हो गया है. साथ ही इन इलाकों में बहने वाली नदियां बूढ़ी खोला, सिंघिया व कैसले नदी भी उफान पर है. टिकुलिया में पानी की तेज धार को देखते हुए जोगबनी नप के कार्यपालक पदाधिकारी व कुछ जनप्रतिनिधि पानी की तेज बहाव वाली जगह पर पहुंचे व लोगों के सुचारू आवागमन हेतु मोटी रस्सी लगाई गई. इससे लोग तेज बहाव से बचते हुए सड़क को पार कर सके. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की तेज बहाव वाले स्थानों पर नगर परिषद द्वारा दो कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है.

### जमुई में बदमाशों ने जमकर मचाया उत्पात

# छह युवकों को पीटा, पथराव किया,दर्जनों फायरिंग भी की

संवाददाता । जमुई

जमुई में बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया. छह युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया. इतना ही नहीं एक दर्जन बाइक, एक चार पहिया वाहन और एक गोलगप्पे की ठेला को क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके अलावा कई घर के दरवाजे पर पत्थर भी फेंके. अंत में दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक दर्जन से अधिक राउंड हवाई फायरिंग भी किया. वही मारपीट में घायल की पहचान शाहपुर निवासी धीरेंद्र कुमार, छोटू कुमार व प्रमोद कुमार का नाम शामिल है.

बताया जाता है कि शाहपुर गांव निवासी सोनू शेख का किस बात को लेकर नारडीह गांव निवासी सौरभ पासवान, सौरभ रावत व महिसौड़ी निवासी विक्की, बीकू ठाकुर व अन्य के साथ विवाद चल रहा था. इसी बता को लेकर बुधवार की देर शाम सोनू शेख जमुई से अपना घर शाहपुर लौट रहा था. तभी नारडीह गांव के पास विक्की पासवान, बिक्कू ठाकुर, सौरभ सहित 20 से 25 युवक उसके साथ मारपीट करने लगा. हालांकि, युवक किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर शाहपुर पहुंच गया. वही उसका पीछा करते हुए 20 से 25 युवक लाठी डंडे व हथियार से लैस होकर सोनू के घर शाहपुर पहुंचे. स्थानीय लोगों ने सभी को समझाकर बुझाकर वापस भेज दिया. लेकिन, दोबारा 25 से 30 की संख्या में हथियार से लैस होकर पहुंचे बदमाश युवकों ने गोली चला दी.



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम.

## नदी में डूबने से 65 साल के किसान की मौत

**अररिया ।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत स्थित नयानगर के समीप बहने वाली पनार धार के गहरे पानी में डूबने से 65 वर्षीय किसान की मौत हो गई. घटना गुरुवार दोपहर की है. मृतक का नाम राजो दास है, जो फारबिसगंज थाना क्षेत्र के तिरसकुंड नयानगर का निवासी है. वह नित्य दिन की भांति धार को पारकर अपने खेत को देखने के लिए जा रहा था.

## अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर, भर्ती

**सीतामढ़ी ।** सीतामढ़ी में बारात में शामिल होने आए युवक को अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया. घटना के रमनगरा गांव की है. घायल की पहचान अब्बास रंगरेज के रूप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार, अब्बास रंगरेज अपने रिश्ते में लगने वाले भाई मुन्ना रंगरेज के बेटे के शादी में शामिल होने आया था. इसी दौरान उसे किसी विवाद को लेकर गोली मार दी है. जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है. जख्मी हालत में युवक को आनन-फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सीतामढ़ी के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल उसका इलाज कराया जा रहा है. जख्मी युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है.

## कारोबार

## नई नियुक्तियों में 25% विवाहित महिलाएं होंगी

**नयी दिल्ली ।** एप्पल आईफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने सरकार को सूचित किया कि उसके नए कर्मचारियों में से 25 प्रतिशत विवाहित महिलाएं हैं और उसका सुरक्षा नियमन भेदभावपूर्ण नहीं है. फॉक्सकॉन के विवाहित महिलाओं को नौकरी पर नहीं रखने की खबरों के बीच सरकार को यह जानकारी दी गई. सूत्रों ने बताया कि फॉक्सकॉन ने सरकार के साथ साझा की अनौपचारिक जानकारी में कहा कि इस तरह की शर्तें उसकी नीति का हिस्सा नहीं हैं. ये दावे उन लोगों द्वारा किए गए हो सकते हैं जिन्हें नौकरी पर नहीं रखा गया.

## एमक्योर फार्मा तीन को लाएगी आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** बेन कैपिटल समर्थित एमक्योर फार्मास्युटिकल्स तीन जुलाई को अपना आईपीओ लाने के लिए तैयार है. आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम पांच जुलाई को बंद होगा. एंकर (बड़े) निवेशक दो जुलाई को बोली लगा पाएंगे. आईपीओ में 800 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 1.14 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है. एमक्योर कई प्रमुख चिकित्सीय क्षेत्रों में औषधि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के विकास, विनिर्माण और वैश्विक स्तर पर विपणन का काम करती है.

## जयपुर रग्स ने लंदन में स्टोर खोला

**नयी दिल्ली ।** हस्तनिर्मित कालीन बनाने वाली कंपनी जयपुर रग्स के निदेशक योगेश चौधरी ने कहा कि कंपनी ने इस सप्ताह लंदन में अपना एक शोरूम खोला है तथा चालू वित्त वर्ष में दो और अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोलने की योजना है. जयपुर रग्स ने दिसंबर 2021 में दुनिया की फैशन राजधानी इटली के मिलान में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्टोर खोला था. चौधरी ने कहा, हम मिलान और दुबई में अपनी सफलता के बाद वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने को लेकर उत्साहित हैं. हम लंदन में अपने नए शोरूम के जरिए वैश्विक ग्राहकों तक भारतीय डिजाइन और शिल्प पहुंचा रहे हैं.



फिल्म की स्क्रीनिंग

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी पत्नी फिल्म निर्माता और लेखिका ताहिरा कश्यप के साथ मुंबई में प्राइम वीडियो फिल्म शर्माजी की बेटी की स्क्रीनिंग में शामिल हुए.

## अल्ट्राटेक सीमेंट इंडिया सीमेंट्स में 23% हिस्सेदारी खरीदेगी

**नयी दिल्ली ।** प्रमुख सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक सीमेंट ने चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 1,885 करोड़ रुपये में खरीदने की गुरुवार को घोषणा की. अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, कंपनी 267 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर इंडिया सीमेंट्स के 7.06 करोड़ शेयर खरीदेगी. कंपनी सूचना के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने गुरुवार को हुई बैठक में इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के 7.06 करोड़ शेयर खरीदने के लिए वित्तीय निवेश करने को मंजूरी दे दी. 267 रुपये प्रति शेयर के आधार पर इस अधिग्रहण का लेनदेन मूल्य 1,885 करोड़ रुपये बैठता है. अल्ट्राटेक के अनुसार, यह गैर-नियंत्रित वित्तीय निवेश इंडिया सीमेंट्स की शेयर पूंजी का करीब 23 प्रतिशत है. सीमेंट विनिर्माता अल्ट्राटेक सीमेंट लगातार विस्तार कर रही है उसने पिछले 12 महीने में अपनी क्षमता को 18.7 एमटीपीए बढ़ाया है.

## 7 शहरों में आवासीय बिक्री सालाना आधार पर 5%

**नयी दिल्ली ।** देश के सात प्रमुख शहरों में अप्रैल-जून में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर करीब 1.2 लाख इकाई हो गई. कीमतों में उछाल के कारण मांग में पिछली तिमाही की तुलना में आठ प्रतिशत की गिरावट आई है. रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने चालू अप्रैल-जून तिमाही के लिए हाउसिंग मार्केट के आंकड़े गुरुवार को जारी किए. एनारॉक के अनुसार, अप्रैल-जून 2024 में सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 1,20,340 इकाई रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,15,090 इकाई थी. हालांकि, जनवरी-मार्च तिमाही की तुलना में बिक्री में आठ प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है. जनवरी-मार्च तिमाही में 1,30,170 इकाइयों की बिक्री हुई थी.

# गुवाहाटी हवाई अड्डे का 2,000 करोड़ रु. का नया टर्मिनल अप्रैल 2025 में खुलेगा

एजेंसी । गुवाहाटी

गुवाहाटी में अदाणी समूह द्वारा संचालित गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय (एलजीबीआई) हवाई अड्डे का नया टर्मिनल अप्रैल 2025 तक तैयार हो जाएगा. मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी (सीएओ) उत्पल बरुआ ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से बनाए जा रहे टर्मिनल को पहले दिसंबर 2024 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन डिजाइन में बदलाव के कारण इसमें करीब चार महीने की देरी हो गई. उन्होंने कहा, हमारा नया टर्मिनल अप्रैल 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा.

इमारत में और अधिक सुविधाएं शामिल करने के लिए 'डिजाइन' में किए बदलाव से थोड़ी देरी हुई है. हम इसे देश का सबसे प्रभावी टर्मिनल बनाना चाहते हैं. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगस्त 2020 में अदाणी एंटरप्राइजेज को संचालन, प्रबंधन तथा विकास के लिए गुवाहाटी हवाई अड्डे को 50 वर्षों के लिए पट्टे पर देने की मंजूरी दी थी. अक्टूबर 2021 में प्रबंधन को गुजरात स्थित इकाई को हस्तांतरित करने से पहले एएआई नए टर्मिनल का विकास कर रहा था. बरुआ ने बताया कि नया टर्मिनल प्रति वर्ष 1.31 करोड़ यात्रियों का प्रबंधन कर पाएगा, जबकि मौजूदा टर्मिनल केवल 34 लाख यात्रियों का प्रबंधन कर पाता है. संरचना के विकास में निवेश के बारे में पूछे जाने पर बरुआ ने कहा, पूरी सुविधा में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं. इसमें से करीब 1,600 करोड़ रुपये टर्मिनल भवन में निवेश किए जा रहे हैं, जबकि शेष राशि का इस्तेमाल एक नया 'टैक्सीवे' बनाने और 'रनवे' का विस्तार करने में किया जाएगा.



## स्पर्श सीसीटीवी 300 करोड़ रुपये करेगी निवेश

**नयी दिल्ली ।** स्पर्श सीसीटीवी की अगले पांच साल में 300 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है. कंपनी सरकार के 'मेड इन इंडिया' (भारत निर्मित) निगरानी उपकरणों के इस्तेमाल पर जोर दिए जाने से उत्पन्न नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपनी क्षमताएं बढ़ाना चाहती है. इस निवेश से इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा उपकरणों की अग्रणी विनिर्माता कंपनी को अपने काशीपुर संयंत्र में परिचालन बढ़ाने में मदद मिलेगी. इस निवेश तथा काशीपुर सुविधा के बाद उत्पादन क्षमता 10 लाख यूनिट प्रति माह हो जाएगी. स्पर्श सीसीटीवी की मौजूदा क्षमता 25 लाख यूनिट प्रति वर्ष है.

मार्केट

### शेयर बाजार ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन बनाया ऑल टाइम हाई

# सेंसेक्स 79,243 व निफ्टी 24,044 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद

- सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है

एजेंसी । मुंबई

शेयर बाजार ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया है. सेंसेक्स 568 अंक की बढ़त के साथ 79,243 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी में भी 175 अंक की बढ़त रही. ये 24,044 के स्तर पर बंद हुआ. इससे पहले कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 79,396 और निफ्टी ने 24,087 का ऑल टाइम हाई बनाया. शेयर बाजार ने 25 और 26 जून को भी ऑल टाइम हाई बनाया था. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है.

मेटल, एनर्जी और आईटी शेयर्स में ज्यादा तेजी है. निफ्टी आईटी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.03% की तेजी रही. अल्ट्राटेक सीमेंट 5.45% की तेजी के साथ निफ्टी का टॉप गेनर रखा. एलएंडटी का शेयर 1.11% की गिरावट के साथ निफ्टी टॉप लूजर रहा. अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इंडिया सीमेंट्स में 23% की इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है. इंडिया सीमेंट्स के 7.06 करोड़ स्टॉक्स को 267 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से अल्ट्राटेक खरीदेगी. इस हिसाब से इस डील की कुल कीमत करीब 1,885 करोड़ रुपए हो सकती है.

इस डील का असर अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडिया सीमेंट के शेयर में तेजी देखने को मिली है. इंडिया सीमेंट के शेयर 29.13 रुपए (11.09%) चढ़कर 291.75 रुपए पर बंद हुआ.

वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट 606.75 रुपए (5.45 %) चढ़कर 11,749.85 रुपए पर बंद हुआ. वहीं एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ का गुरुवार को आखिरी था. ये इश्यू टोटल 27 जून को 2 बजे तक 24.67 गुना सब्सक्राइब हो चुका है. रिटेल कैटेगरी में यह आईपीओ 4.44 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 53.01 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 33.94 गुना सब्सक्राइब हुआ.



## कल बाजार ने बनाया था ऑल टाइम हाई

इससे पहले कल यानी बुधवार को शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया था. सेंसेक्स 620 अंक की तेजी के साथ रिकॉर्ड 78,674 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं निफ्टी में भी 147 अंक की तेजी रही. ये 23,868 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ. इससे पहले कल कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 78,759 और निफ्टी ने 23,889 का स्तर छुआ. वहीं 25 जून को भी सेंसेक्स और निफ्टी ने ऑल टाइम हाई बनाया था.

# गूगल इंडिया के खिलाफ दायर शिकायत खारिज की

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल इंडिया के खिलाफ दायर शिकायत को खारिज कर दिया है, जिसमें कॉलर आईडी और स्पैम बचाव ऐप के बाजार में ट्रूकॉलर को लाभ पहुंचाने के लिए अपने प्रभुत्व का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था. निष्पक्ष व्यापार नियामक ने शिकायत को खारिज करते हुए कहा कि उसे प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई सबूत नहीं मिला है. आयोग ने कहा, हमें लगता है कि इस मामले में गूगल के खिलाफ प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है. प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार किसी कंपनी के प्रभुत्व की स्थिति का दुरुपयोग करने से संबंधित है. यह फैसला रचना खैरा की तरफ से दायर शिकायत पर आया है जिसमें गूगल पर निजी संपर्क से संबंधित सूचना साझा करने के लिए ट्रूकॉलर को विशेष पहुंच प्रदान करने का आरोप लगाया गया था, जबकि अन्य ऐप को यह पहुंच नहीं दी गई. इसके अलावा शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गूगल की इस गतिविधि ने बाजार को विकृत कर दिया है.



▼ ब्रीफ खबरें

## राज्यसभा में छह नए सदस्यों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली ।** राज्यसभा में गुरुवार को छह नए सदस्यों ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली. कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, झामुमो के डॉ सरफराज अहमद, भाजपा के प्रदीप कुमार वर्मा, बंसीलाल गुर्जर, माया नारोलिया और बालयोगी उमेशनाथ को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई. सभापति जगदीप धनखड़ ने नए सदस्यों का सदन में स्वागत किया. इस दौरान प्रधानमंत्री, सदन के नेता नड्डा और सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे मौजूद थे.

## जेपी नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को गुरुवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया. सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद जब उच्च सदन की बैठक प्रारंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने नड्डा को उच्च सदन का नेता घोषित किया. नड्डा इसी वर्ष गुजरात से निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं और उनका कार्यकाल 2030 तक है. नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री भी हैं.

## पूर्व सांसद पहलमान सुब्बा का निधन

**गंगटोक ।** सिक्किम से लोकसभा के पूर्व सदस्य पहलमान सुब्बा का लंबी बीमारी के बाद गंगटोक के समीप एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया. वह 90 वर्ष के थे. उनके परिवार ने यह जानकारी दी. सुब्बा ने एसजेपी के टिकट पर 1980 का चुनाव सफलतापूर्वक लड़ा और 1984 तक सांसद रहे. वह राज्य के दूसरे सांसद लेकिन चुनाव लड़ने वाले पहले सांसद थे. सिक्किम के भारत संघ का हिस्सा बनने के बाद कांग्रेस नेता छत्र बहादुर छेत्री को 1977 के लोकसभा चुनाव में निर्विरोध चुना गया था.

## रेस्तरां में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**इरविंग ।** अमेरिका के टैक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर डलास में एक रेस्तरां में गोलीबारी की घटना में दो लोग मारे गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने कहा कि उसने इस हमले के एक संदिग्ध की पहचान कर ली है, हालांकि अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है. पुलिस ने कहा कि किसी नागरिक की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है. घटना के संबंध में टेलीविजन में दिखाए जा रहे वीडियो में 'चिक-फिल-ए' रेस्तरां में खिड़कियों के बाहर स्क्रीन लगी हुई और पुलिस के वाहन खड़े दिखाई दे रहे हैं. हालांकि पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है.

## अरविंद केजरीवाल झुकेंगे नहीं : भगवंत

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर चाहे जितने भी अत्याचार किए जाएं वह झुकेंगे नहीं. मान का यह बयान दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद आया है. पंजाब के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केजरीवाल की तस्वीर भी साझा की है. उन्होंने कहा, ये तस्वीर तानाशाही के खिलाफ संघर्ष की है.



गुरुवार को नयी दिल्ली में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त सत्र को संबोधित करने से पहले संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू. फोटो : पीटीआई

### राष्ट्रपति ने लोस और रास की संयुक्त बैठक को संबोधित किया, बोलीं

# भारतीय संविधान पर सबसे बड़ा हमला था आपातकाल

लगातार न्यूज । नयी दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा. 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन था.अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला. उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है.

भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है. देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं. 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था. जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी संवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है. मेरी सरकार भी संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती. हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं. इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है. हमने जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी.

### राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में बताया सरकार का रोडमैप



### राज्य के विकास से देश का विकास

उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का मत है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो. यही कंपटीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है. राज्य के विकास से देश का विकास, इसी भावना के साथ हम आगे बढ़ते रहेंगे. उन्होंने कहा कि मेरी सरकार अर्थव्यवस्था के तीनों स्तंभों विनिर्माण, सेवाएं और कृषि को बराबर महत्व दे रही है. पीएलआई योजना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं. पारंपरिक सेक्टर्स के साथ-साथ सनराइज सेक्टर्स को भी मिशन मोड पर बढ़ावा दिया जा रहा है. राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट है. अप्रैल 2014 में भारत में सिर्फ 209 एयरलाइन रूट्स थे. अप्रैल 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 605 हो गई है. हवाई यात्रा में हो रहे इस विस्तार का सीधा लाभ टीयर-2, टीयर-3 शहरों को हो रहा है. उन्होंने कहा कि मेरी सरकार ने 10 वर्षों में पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांवों में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई हैं. आज भारत में नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेसवेज का जाल बिछ रहा है.

### राष्ट्रपति ने पढ़ी सरकार की पटकथा, आज है अघोषित आपातकाल : विपक्ष

नयी दिल्ली। विपक्षी नेताओं ने गुरुवार को संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को सरकार द्वारा दी गई और झूठ पर आधारित पटकथा करार दिया और कहा कि सरकार को 1975 के आपातकाल के बजाय आज के अघोषित आपातकाल पर जवाब देना चाहिए. राष्ट्रपति मुर्मू ने गुरुवार को गुरुवार को अपने अभिभाषण में 1975 में लागू आपातकाल का उल्लेख किया और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा एवं काला अध्याय करार देते हुए कहा कि ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखाई. राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के, मोदी सरकार लिखित अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कहानी बताई जा रही है... क्या उसने हमारे किसानों को समृद्ध बनाया है? तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि राष्ट्रपति ने सरकार द्वारा दी गई पटकथा पढ़ी और भाजपा को अभी तक यह एहसास नहीं हुआ है कि उसके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है. भाकपा (माले) के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा, वह घोषित आपातकाल था और आज का आपातकाल घोषित नहीं किया गया है.

## मणिपुर में तलाशी अभियान के दौरान हथियार बरामद

▪ विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ मैनिंग में ली तलाशी

एजेंसी । इंफाल



सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और विष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच .303 राइफल, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक बंदूक, विभिन्न प्रकार के बम और गोला-बारूद के अलावा चार वॉकी-टॉकी और दो रेडियो मिले.

राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि ये बरामदगी पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान की गई. पुलिस ने बताया कि विष्णुपुर जिले में हाई कैनाल के पास केइनौ मैनिंग में तलाशी अभियान के दौरान एक 'एसएमजी कार्बाइन', नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ ग्रेनेड, दो 'स्मोक बम' और विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद बरामद हुए. वहीं एक अन्य अभियान के दौरान पांच .303 राइफल, 12 बोर की दो बंदूकों सहित अन्य सामान बरामद किए गए.

## पिता की जान बचाने के लिए लीवर दान करेगी नाबालिग बेटी, अदालत ने दी मंजूरी

एजेंसी । इंदौर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने लीवर (यकृत) की गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक किसान को गुरुवार को इस बात की मंजूरी दी कि वह प्रतिरोपण सर्जरी के लिए अपनी 17 वर्षीय बेटी से इस अंग का हिस्सा दान में ले सकता है.

इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई थी कि उनकी 17 वर्षीय बेटी उन्हें अपने लीवर का हिस्सा दान करने को तैयार है और उन्हें प्रतिरोपण की अनुमति दी जाए. उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा के सामने याचिका पर सुनवाई के दौरान शासकीय वकील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की ओर से गठित चिकित्सकीय बोर्ड ने नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच के बाद पाया है कि वह अपने बीमार पिता को लीवर का हिस्सा दान कर सकती है. अदालत ने चिकित्सकीय बोर्ड की इस रिपोर्ट के मद्देनजर बाथम की याचिका मंजूर कर ली.

एकल पीठ ने यह ताकीद भी की कि लीवर प्रतिरोपण की प्रक्रिया तमाम एहतियात बरतते हुए जल्द से जल्द पूरी की जाए. बाथम के वकील निलेश मनोरे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पिछले छह साल से लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे उनके मुवक्किल शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं. मनोरे ने बताया कि उनके मुवक्किल की पांच बेटियां हैं और उन्हें अपने लीवर का हिस्सा दान करने की इच्छा जताने वाली बेटी उनकी सबसे बड़ी संतान है. उन्होंने बताया कि प्रीति 31 जुलाई को 18 साल की हो जाएगी. मनोरे ने बताया, बाथम के पिता 80 साल के हैं, जबकि उनकी पत्नी मधुमेह की मरीज हैं.

## भूमि विवाद में एक महिला की मौत, आठ घायल

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के एक गांव में दो समूहों के बीच भूमि विवाद में हिंसक झड़प हुई जिसमें एक महिला की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि यह घटना राजकनिका पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत संग्रामपुर गांव में बुधवार दोपहर को हुई. उसने बताया कि मृतक की पहचान सुशीला नायक (58) के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि हिंसक झड़प के दौरान लकड़ी के तख्ते से हमला किए जाने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी. राजकनिका पुलिस थाने के निरीक्षक दिलीप ढ़ल ने बताया कि ऐसा संदेह है कि संपत्ति विवाद में यह हिंसक झड़प हुई. उन्होंने कहा, इस घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है. हमने तीन लोगों को हिरासत में लिया है जबकि अन्य आरोपी गांव से भाग गए हैं.

## जलमंत्री आतिशी को एलएनजेपी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई

▪ आतिशी दिल्ली के हिस्से का पानी दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर थीं

एजेंसी । नयी दिल्ली



दिल्ली की मंत्री आतिशी को गुरुवार सुबह एलएनजेपी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. आतिशी दिल्ली में जल संकट के खिलाफ अनशन पर थीं और तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आतिशी को सुबह साढे दस बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई. आतिशी भाजपा शासित हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं.

अनशन कर रही आतिशी की तबीयत पांचवें दिन बिगड़ने लगी थी और उनके ब्लड शुगर का स्तर गिरने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्हें शुरुआत में अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में हालत में सुधार होने पर उन्हें सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था.

## सशस्त्र बल के जवान ने खुद को गोली मारी, घायल, भर्ती

▪ रामपुरम स्थित सीएएफ के शिविर में जवान मनोज दिनकर ने खुदकुशी करने की कोशिश की

एजेंसी । बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली. घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भोपालपटनम क्षेत्र के अंतर्गत रामपुरम स्थित सीएएफ के शिविर में जवान मनोज दिनकर ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली.

उन्होंने बताया कि दिनकर गुरुवार सुबह जब अपने शिविर में था तब लगभग पांच बजे उसने खुद को गोली मार ली. गोली की आवाज सुनने के बाद वहां मौजूद अन्य जवान दिनकर के बैरक में पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया. अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को जगदलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उसकी स्थिति गंभीर है. उन्होंने बताया कि जवान ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी नहीं मिली है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है.

## सक्षम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया : उत्तर कोरिया

**सियोल ।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कहा कि उसने कई मुखास्त्र ले जाने में सक्षम मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है. उत्तर कोरिया का यह बयान दक्षिण कोरिया की ओर से बुधवार को दिए गए उस बयान से ठीक विपरीत है जिसमें कहा गया था कि उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया लेकिन वह सफल नहीं रहा. उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि 'मल्टीपिल इंडिपेंडेंट रीएंट्री व्हीकल' की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मुखास्त्र को पृथक करने और उस पर नियंत्रण की जांच संबंधी परीक्षण किया गया. समाचार एजेंसी ने अपनी खबर में कहा कि पृथक किए गए मुखास्त्रों को तीन समन्वित लक्ष्यों की ओर सही तरीके से आगे बढ़ाया गया.

## अमर्त्य सेन ने कहा, लोकसभा चुनाव के नतीजे दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है

एजेंसी । कोलकाता



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा कि हाल में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है. उन्होंने इस बात पर नाखुशी जतायी कि देश में बिना मुकदमा चलाये लोगों को सलाखों के पीछे रखने का अंग्रेजों के शासनकाल का चलन अब भी जारी है और कांग्रेस सरकार की तुलना में यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में अधिक है. सेन (90) ने यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक बंगाली समाचार चैनल से कहा, चुनाव नतीजे यह दिखाते हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र नहीं है. प्रख्यात अर्थशास्त्री बुधवार शाम को अमेरिका से कोलकाता पहुंचे. उन्होंने कहा, हम हमेशा हर चुनाव के बाद एक बदलाव देखने की उम्मीद करते हैं. पहले जो कुछ हुआ है (भाजपा नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल में) जैसे कि बिना मुकदमा चलाये लोगों को जेल में डालना और अमीर तथा गरीब के बीच की खाई गहरी करना, वह अब भी जारी है. इसे रोका जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से खुले विचार रखने की जरूरत है खासतौर से जब भारत एक धर्मनिरपेक्ष संविधान के साथ एक धर्मनिरपेक्ष देश है.

**नया केंद्रीय मंत्रिमंडल पहले की ही नकल है : सेन** ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने का विचार उचित है. उनका यह भी मानना है कि नया केंद्रीय मंत्रिमंडल पहले की ही नकल है. उन्होंने कहा, मंत्रियों के पास पहले वाले ही विभाग हैं. मामूली फेरबदल के बावजूद राजनीतिक रूप से शक्तिशाली लोग अब भी शक्तिशाली हैं. भाजपा के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाने के बावजूद फैजाबाद लोस सीट हारने पर सेन ने कहा कि देश की असली पहचान को धूमिल करने का प्रयास किया गया. उन्होंने कहा, राम मंदिर बनवाने में काफी पैसा खर्च किया गया. भारत को हिंदू राष्ट्र के रूप में दर्शाने की कोशिश महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश में नहीं की जानी चाहिए.

## बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी पूर्व सैन्यकर्मियों को किया माफ

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने समलैंगिक यौन संबंधों के दोषी हजारों पूर्व सैन्यकर्मियों को बुधवार को माफ कर दिया. बाइडन ने कहा कि वह 'एक ऐतिहासिक गलती को सुधार रहे हैं. बाइडन के इस कदम से उन सैनिकों को क्षमा मिली है, जिन्हें 'यूनिफॉर्म कोड ऑफ मिलिट्री जस्टिस' के पूर्व अनुच्छेद 125 के तहत दोषी ठहराया गया था, जिसमें समलैंगिकता को अपराध माना जाता था. हालांकि अब इस कानून को निरस्त कर दिया गया है. अमेरिकी सेना में यह कानून 1951 में क्रियान्वित किया गया, साल 2013 में इसमें दोबारा संशोधन किया गया और इसमें केवल बलपूर्वक कृत्य पर रोक लगाई गई. अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इन सैन्यकर्मियों को माफ किए जाने से अब वे यह सबूत पाने की अर्जी दाखिल कर सकेंगे कि उनकी दोषसिद्धि समाप्त कर दी गई है.

**जलवायु परिवर्तन** | संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन के एक अध्ययन से तथ्य सामने आया

# भीषण गर्मी के कारण भारतीय महिलाओं की आय पर पड़ा असर

एजेंसी । नयी दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन के एक अध्ययन से यह पता चला है कि दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के बीच ग्रामीण इलाकों में महिला प्रधान परिवारों की आय में पुरुष प्रधान परिवारों के मुकाबले गर्मी के कारण औसतन आठ फीसदी तक की कमी आयी है. दिल्ली के सीमापुरी इलाके में कचरा बीनते वक्त पसीने से लथपथ माजिदा बेगम कहती है, यह जिंदा रहने का सवाल है. यह भारत में लाखों महिलाओं की हर दिन की कहानी है जो गर्मी और उमस दोनों की मार सह रही हैं. एनजीओ ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया में काम करने वाली सीमा भास्कर ने कहा कि पुरुष बेहतर कौशल के कारण माध्यमिक और तृतीयक क्षेत्रों या 'सेवा क्षेत्र' की ओर बढ़ गए हैं जबकि महिलाएं अब भी असंगठित क्षेत्रों में मजदूरी कर रही हैं. माजिदा (65) इसका जीता-जागता उदाहरण है. माजिदा का पति 70 वर्ष का है और वह चल-फिर नहीं सकता तथा पूरी तरह माजिदा की कमायी पर निर्भर है. माजिदा को कचरे से पुनः इस्तेमाल होने वाली चीजें छांटने से रोजाना 250 रुपये की कमायी हो जाती है लेकिन जब वह बीमार होती है तो काम पर नहीं जा पाती. माजिदा ने कहा, हम रात में कुछ खाएंगे या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि मैं दिनभर काम करूंगी या नहीं.



### महिलाएं पुरुषों के मुकाबले औसतन 20% कम कमाती हैं

उन्होंने कहा, इतने वर्षों में मैंने इतनी गर्मी कभी नहीं देखी. गर्मी के कारण मैं बीमार पड़ गयी और 15 दिन तक काम नहीं कर पायी. मुझे दिल की बीमारी है लेकिन मैं घर पर नहीं बैठ सकती. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, महिलाएं पहले ही पुरुषों के मुकाबले औसन 20 फीसदी कम कमाती हैं तथा भीषण गर्मी के कारण यह खाई और बढ़ गयी है. छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के कोकावाड़ा गांव की 28 वर्षीय बसंती नाग ने कहा कि इस बार गर्मियों में मतली और सुस्ती का अनुभव हुआ जो पहले कभी नहीं हुआ और महिलाएं के लिए दिक्कत बढ़ गयी जिन्हें पानी की तलाश में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है.

### गर्मी के कारण रात में नींद नहीं आती थी

ग्रीनपीस इंडिया और नेशनल हॉकर्स फेडरेशन द्वारा किए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि दिल्ली में रेहड़ी-पटरी विक्रेता आठ महिलाओं में से सात को अप्रैल तथा मई में भीषण लू चलने के दौरान उच्च रक्त चाप की समस्या हुई जबकि मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं ने भीषण गर्मी के कारण माहवारी चक्र में देरी को लेकर चिंता जतायी. सर्वेक्षण में भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने बताया कि गर्मी के कारण उन्हें रात में नींद न आने की समस्या हुई और इसके कारण वह दिन भर थकान महसूस करती हैं. इस बार की गर्मी रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना रही है. इतिहास की सबसे भीषण गर्मी में से एक में देश में तापघात के 40,000 से अधिक मामले दर्ज होने और गर्मी के कारण 100 से अधिक लोगों की मौत होने का संदेह है. मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, दिल्ली में 13 मई के बाद से 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले लगातार 40 दिन दर्ज किए गए और इस साल गर्मी के कारण करीब 60 लोगों की मौत हुई.




**तिरुवनंतपुरम ।** केरल के कई हिस्सों में बुधवार रात को मूसलाधार बारिश हुई जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों से पहाड़ी और जलमग्न क्षेत्रों की यात्रा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है. आईएमडी ने गुरुवार को राज्य के सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट का मतलब 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक अत्यधिक बारिश होना और येलो अलर्ट का मतलब छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश होना है. आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को कहा कि कन्नूर और कासरगोड जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश होने और अधिकतम 40 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)